राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-282
लखनऊ, शनिवार 01 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





निर्वाचन आयोग के नियमों का सख्ती से हो रहा पालन : नवदीप रिनवा 03

अहिल्याबाई होलकर समाज की भी आदर्श चरित्र : डॉ. भागवत 12


## संक्षिप्त समाचार

### जल संकट को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची दिल्ली सरकार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी की समस्या को लेकर दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में दिल्ली में पानी की किल्लत को देखते हुए हरियाणा, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश से एक महीने के लिए अतिरिक्त पानी दिए जाने का निर्देश देने की मांग की गई है। दिल्ली सरकार ने याचिका में भीषण गर्मी का हवाला देते हुए कहा है कि दिल्ली में पानी की जरूरत बढ़ गई है। ऐसे में देश की राजधानी में पानी की जरूरत पूरा करना सबकी जिम्मेदारी है। इसलिए सीमावर्ती राज्यों से दिल्ली को अतिरिक्त पानी दें।सात देशों के

### राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में इक्वाडोर, यूनाइटेड किंगडम, कुवैत, न्यूजीलैंड, गिनी, फिजी और चीन के राजदूतों व उच्चायुक्तों से परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन के अनुसार अपने परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में इक्वाडोर के राजदूत फर्नांडो जेवियर बुचेली वर्गास, यूनाइटेड किंगडम की उच्चायुक्त लिंडी एलिजाबेथ कैमरून, कुवैत के राजदूत मेशल मुस्तफा जे अलशेमाली, न्यूजीलैंड के उच्चायुक्त पैट्रिक जॉन राटा, गिनी के राजदूत अलासेन कोंटे, फिजी के उच्चायुक्त जगन्नाथ सामी और चीन के राजदूत जू फेइहोंग शामिल थे।

### डीजीसीए ने एयर इंडिया को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** विमानन नियामक नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कम से कम दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में अत्यधिक देरी और यात्रियों की उचित देखभाल करने में विफलता के लिए शुक्रवार को एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया। दिल्ली से गुरुवार को सैन फ्रांसिस्को के लिए रवाना होने वाली एयर इंडिया की एक उड़ान में 24 घंटे से अधिक की देरी हुई और यात्रियों को कथित तौर पर बिना किसी एयर कंडीशनिंग के उड़ान में चढ़ने और बैठने के लिए मजबूर किया गया, जिसके कारण उनमें से कुछ बेहोश हो गए।

### लक्ष्मण टीला में अवैध निर्माण को हटाने का आदेश बरकरार

**लखनऊ।** लक्ष्मण टीला के विवादित परिसर में बनी टीले वाली मस्जिद के विकास एवं सुन्दरीकरण के नाम पर हुये अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिये पुरातत्व विभाग के आदेशों के पालन न होने का मामला गरमाता जा रहा है। हाईकोर्ट ने बीती 29 मई को हुयी सुनवाई में मुस्लिम पक्ष को झटका देते हुये पुरातत्व विभाग के आदेश को बरकरार रखा है। जिलाधिकारी पुरातत्व विभाग के आदेशों का पालन करते हुये टीले वाली मस्जिद में विकास के नाम पर हुये अवैध निर्माण को हटा सकते है। इस लड़ाई के बीच अखिल भारत हिन्दू महासभा ने चेतावनी देते हुये कहा कि लक्ष्मण टीला के विवादित परिसर में बनी टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर हुये अवैध निर्माण को हटाने की मांग को लेकर लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद सड़कों पर उतरने की तैयारी शुरू कर चुकी है। टीले वाली मस्जिद के विकास के नाम पर पुरातत्व विभाग की बिना अनुमति के हरे–भरे पेड़ों को काटकर पक्का निर्माण करवाया गया।

# 57 लोकसभा सीटों के लिए अंतिम चरण का मतदान आज

### ओडिशा में 42 विधान सभा क्षेत्रों के लिए भी डाले जाएंगे वोट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 संसदीय सीटों पर शनिवार (1 जून) को मतदान होगा। साथ ही ओडिशा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीटों पर भी मतदान होगा।

चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के लिए बिहार, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लगभग 10.9 लाख मतदान अधिकारी 1.09 लाख मतदान केन्द्रों पर 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। इस चरण में बिहार की 8 सीटों (नालन्दा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट, जहानाबाद) पर 134, चंडीगढ़ की 1 सीट पर 19, हिमाचल प्रदेश की 4 सीटों (कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर, शिमला) पर 37, झारखंड की 3 सीटों (राजमहल, दुमका, गोड्डा) पर 52, ओडिशा की 6 सीटों (मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर) पर 66, पंजाब की 13 सीटों (गुरदासपुर, अमृतसर, खडूर साहिब, जालंधर, होशियारपुर, आनंदपुर साहिब, लुधियाना, फतेहगढ़ साहिब, फरीदकोट, फिरोजपुर, बठिंडा, संगरूर, पटियाला) पर 328, उत्तर प्रदेश की 13 सीटों (महाराजगंज, गोरखपुर, कुशी नगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, ग़ाज़ीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्ज़ापुर, रॉबर्ट्सगंज) पर 144 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों (दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर) पर 124 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। आयोग ने बताया कि मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 13 विशेष रेलगाड़ियां और हेलीकॉप्टर की 8 उड़ानों (हिमाचल प्रदेश के लिए) की व्यवस्था की गई है। अब तक लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में मतदान हो चुका है। सातवें चरण के मतदान के बाद 19 अप्रैल से शुरू हुए दुनिया के सबसे बड़े मतदान मैराथन की समाप्ति हो जाएगी। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। मतदान टीमों को मशीनों और चुनाव संबंधी सामग्री के साथ संबद्ध मतदान केन्द्रों पर भेज दिया गया है। मतदान केन्द्र मतदाताओं के स्वागत के लिए तैयार हैं। संबंधित मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और राज्य मशीनरी को निर्देश दिया गया है कि वे जहां भी गर्म मौसम या बारिश का पूर्वानुमान हो, उससे निपटने के लिए पर्याप्त उपाय करें।




### बिहार में पुनर्मतदान की याचिका की खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार के मुंगेर संसदीय क्षेत्र में कथित तौर पर कई मतदान केंद्रों पर कब्जे और कमजोर वर्ग के लोगों को मतदान नहीं करने देने का आरोप लगाते हुए उन जगहों पर पुनर्मतदान का निर्देश? चुनाव आयोग को देने की मांग वाली एक याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की अवकाशकालीन पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए इसे खारिज करने का आदेश पारित किया। पीठ ने इस मामले में याचिकाकर्ता कुमारी अनीता की ओर से पहले पटना उच्च न्यायालय से अपनी फरियाद करने का विकल्प नहीं अपनाने पर आपत्ति जतायी न्यायमूर्ति शर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाए बिना आप उसे दोषी ठहरा रहे हैं। कृपया वहां (उच्च न्यायालय) जाएं।

### सातवें चरण में इन दिग्गजों की किस्मत ईवीएम में होगी बंद

इस चरण में वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनाव मैदान में हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने अजय राय को चुनाव मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री तीसरी बार इस सीट के चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा गोरखपुर सीट से अभिनेता रवि किशन के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने काजल निषाद को मैदान में उतारा है। हिमाचल की मंडी सीट से फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत चुनाव मैदान में हैं और उनके खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के बेटे विक्रमादित्य कांग्रेस उम्मीदवार हैं। हमीरपुर सीट से केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर और हरसिमरत कौर बादल भटिंडा से चुनाव लड़ रही हैं।

### एग्जिट पोल पर कार्यक्रमों से कांग्रेस ने बनाई दूरी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान 1 जून को आखिरी और सातवें चरण का मतदान समाप्त होने के साथ ही टीवी पर विभिन्न एजेंसियों के एग्जिट पोल दिखाने शुरू भी कर दिए जाएंगे। कांग्रेस ने इसको लेकर होने वाले डिबेट से दूरी बना ली है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने इसको लेकर एक्स पोस्ट किया है।

## गंगा में डूबे पांच किशोर, तीन की मौत, दो लापता

समृद्धि न्यूज

**बलिया।** जिले के हल्दी थाना क्षेत्र के पचरुखिया घाट के पास गंगा नदी में शुक्रवार दोपहर में नहाने के लिए उतरे पांच किशोरों में से तीन की डूबने से मौत हो गई जबकि दो लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने तीन किशोरों का शव बरामद कर लिया है, जबकि लापता दो अन्य किशोरों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, हल्दी थाना क्षेत्र के पचरूखिया घाट (हुकुमछपरा काली मंदिर) पर गंगा नदी में शुक्रवार दोपहर में निर्मल चोपड़ा (14), सिंटू राम (15),शनि कुमार (14), रवि कुमार (14) और अभिषेक (13 वर्ष) स्नान कर रहे थे, लेकिन आचानक वे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

बैरिया क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद उस्मान ने बताया कि सिंटू, शनि और रवि का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि दो अन्य लापता किशोरों की तलाश की जा रही है।

## बिभव कुमार की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस महीने की शुरुआत में आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित रूप से हमला करने के मामले में अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार की याचिका की विचारणीयता पर शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की एकल न्यायाधीश पीठ ने कुमार और पुलिस की दलीलें सुनने के बाद कहा, याचिका की विचारणीयता पर आदेश सुरक्षित रखा गया है। शुरुआत में दिल्ली पुलिस ने कुमार की याचिका को कायम रखने और नोटिस जारी करने का विरोध किया। मैं नोटिस जारी करने को स्थगित करने का अनुरोध करूंगा क्योंकि याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। यह याचिका सीआरपीसी की धारा 41ए का अनुपालन न करने के मुद्दे पर आधारित है। उन्होंने जो दाखिल नहीं किया है वह आदेश है जो उनकी धारा 41ए को खारिज करते हुए पारित किया गया है।



### यूपी में तीन आईएएस व तीन आईपीएस अफसर आज होंगे सेवानिवृत्त

**लखनऊ।** यूपी में आज तीन आईएएस और तीन आईपीएस अफसर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। खाली होने वाले पदों पर चुनाव के बाद ही नियुक्ति हो सकेगी। उत्तर प्रदेश के तीन आईएएस अधिकारी और तीन आईपीएस अधिकारी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सेवानिवृत्त होने वाले आईएएस अफसरों में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा महेश कुमार गुप्ता, अपर मुख्य सचिव खाद्य एवं औषधि प्रशासन अनीता सिंह और देवीपाटन मंडल के आयुक्त योगेश्वर राम मिश्रा शामिल हैं। इनके अलावा दो डीआईजी समेत तीन आईपीएस अफसर भी सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### मनी लांड्रिंग में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत तीन जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले के आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की मनी लांड्रिंग के मामले में न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल इस मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर 2023 को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था।

## हीटवेब से दो दिनों में 73 मौतें औरंगाबाद में सर्वाधिक 15

एजेंसी

**पटना।** बिहार में भीषण गर्मी और हीटवेब के चलते मौत का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। प्रदेश में बुधवार से गुरुवार शाम तक लू लगने से 73 लोगों की मौत हुई है।

पटना, मुजफ्फरपुर, वैशाली, दरभंगा और बेगूसराय समेत कई जिलों में गुरुवार की रात या तो बारिश हुई या इसके कारण हवा में ठंडक आई लेकिन इससे पहले बुधवार सुबह से गुरुवार शाम तक सड़क, बस स्टैंड, स्टेशन पर चलते-टहलते या मतदान की तैयारी कर रहे लोगों की मौतों की संख्या 73 पहुंच गई। औरंगाबाद में गुरुवार को सर्वाधिक 15 मौतें हुईं। इसके बाद पटना में 11 मौतों की खबर सामने आयी। भोजपुर में पांच मतदानकर्मियों सहित 10 की मौत हुई जबकि रोहतास में आठ, कैमूर में पांच, गया में चार, मुजफ्फरपुर में दो के अलावा बेगूसराय, जमुई, बरबीघा और सारण में एक-एक व्यक्ति की ऐसे ही चलते-फिरते मौत होने की जानकारी आई। गुरुवार को 59 और बुधवार को 14 मौतों के साथ राज्य में मरने वालों की संख्या 73 हो गई है। चूंकि, ज्यादातर लोगों का पोस्टमार्टम नहीं कराया जा रहा है, इसलिए प्रशासनिक तौर पर लू से मौत की पुष्टि नहीं की जा रही है।

**भोजपुर में पांच मतदान कर्मियों की भी मौत**

## बहराइच में तैनात निरीक्षक व उसके साथियों पर सामूहिक दुष्कर्म व मारपीट का आरोप

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद ।** पुलिस विभाग में तैनात निरीक्षक द्वारा शारीरिक शोषण व उसके साथियों द्वारा किये गये सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता न्याय पाने के लिए पुलिस के आलाधिकारियों के चक्कर लगा रही है, लेकिन मामला खाकी का होने की बजह से पुलिस अधीक्षक ने भी चुप्पी साध रखी है। पीड़िता ने न्याय पाने के लिए आईजीआरएस पर भी न्याय की गुहार लगायी।

जानकारी के अनुसार जनपद उन्नाव की एक महिला ने कोतवाली मोहम्मदाबाद के नगला निशान कटिन्ना मानिकपुर निवासी अनिल यादव निरीक्षक जो वर्तमान में बहराइच में लाइन में तैनात है। पीड़िता के अनुसार दरोगा अनिल यादव वर्ष 2006 में उन्नाव में तैनाती के दौरान मेरे घर में किराये पर रहने के दौरान उसने खाकी की धौंस पर जबरियन शारीरिक संबंध बनाये। छह माह पहले दरोगा ने फोन कर कहा कि उसके आपत्तिजनक वीडियो उसके पास है। अगर बहराइच नहीं आयी तो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। वहां पहुंचने पर पीड़िता ने दरोगा के हाथ जोड़े की वीडियो डिलीट कर दो, लेकिन उसने एक नहीं सुनी और सरकारी पिस्टल दिखाकर जबरियन दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि 18 मई को समझौता के लिए अनिल यादव की पत्नी अनुराधा यादव ने फोन कर मुझे घर निशान कटिन्ना मानिकपुर बुलाया। मैं 19 मई को प्रातः अनिल यादव के घर पहुंची। आपसी समझौते की बात हो रही थी। उसी बीच अनुराधा यादव, प्रमोद यादव व दो उसके लड़के, एक पुत्री ने मिलकर मेरे साथ मारपीट की। जिससे मेरे काफी चोटें आयी। मेरे साथ छेड़छाड़ की और जबरियन बारी-बारी से दुष्कर्म किया। मैं किसी तरह जान बचाकर घायल अवस्था व फटे कपड़े में मदनपुर चौकी पहुंची। चौकी इंचार्ज को पूरी घटना बतायी। कुछ देर तक उन्होंने बिठाये रखा और कहा कि अभी देखते है। फिर टालमटोल कर दी। कोतवाली मोहम्मदाबाद पहुंची। वहां भी मेरी फरियाद नहीं सुनी गई। पीड़िता का कहना है कि पुलिस दरोगा के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करना चाहती है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक व आईजीआरएस पर अपनी पीड़ा बयां की। इस संदर्भ में जब हमारे संवाददाता ने एसपी से जानना चाहा कि अभी तक इस घटना में क्या हुआ तो उनके पीआरओ ने बताया कि देखा जायेगा। दरोगा व उसके साथियों द्वारा किये गये दुष्कर्म की घटना की धीरे-धीरे चारों ओर चर्चा होने लगी कि योगी सरकार में एक महिला के साथ समाज की रक्षा करने वाली खाकी ने इतना घिनौना कार्य किया और पुलिस है कि कार्यवाही करने की बजाय दरोगा को बचाने में लगी हुई है। पीड़िता का कहना है कि न्याय पाने के लिए वह मुख्यमंत्री तक का दरवाजा खटकायेगी।



आरोपी निरीक्षक

**न्याय पाने के लिए दुष्कर्म पीड़िता 12 दिन से भटक रही**
**पीड़िता मदनपुर चौकी पहुंची, नहीं आई पुलिस को दया**

## 30 जून को रिटायर कर्मी एक जुलाई के वेतन वृद्धि का है हकदार : हाईकोर्ट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाला कर्मचारी एक जुलाई को मिलने वाले वेतन वृद्धि का हकदार है। कोर्ट ने यह भी कहा कि इंक्रीमेंट कर्मचारी के पिछले साल की गई सेवाओं का पारिश्रमिक होता है। इसे रोकना अविधिक है।

न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय की कोर्ट ने ओम नारायण सिंह और 4 अन्य की ओर से दाखिल की गई याचिका की सुनवाई करते हुए आदेश दिया। अधिवक्ता अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी ने पक्ष रखा।मामले में आईएएस अधिकारी रहे ओम नारायण सिंह, अनिता श्रीवास्तव, जगतराज त्रिपाठी, डॉ. सुरेंद्र कुमार व नरेंद्र शंकर पांडेय विभिन्न पदों से 30 जून को अलग-अलग वर्षों में सेवानिवृत्त हुए थे। इस दौरान उन्हें एक जुलाई को मिलने वाला इंक्रीमेंट नहीं दिया गया। इसके विरोध में उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

कोर्ट ने हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि 30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारी एक जुलाई को मिलने वाले इंक्रीमेंट का हकदार हैं। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को निदेशक पेंशन, पेंशन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के समक्ष अभ्यावेदन दाखिल करने करने के लिए कहा और पेंशन निदेशक को निर्देश दिया कि अभ्यावेदन प्राप्त करने के बाद सत्यापन कर याचिकाकर्ताओं को इंक्रीमेंट प्रदान किया जाए।



### निमहांस को नेल्सन मंडेला पुरस्कार 2024

**नयी दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वर्ष 2024 के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बेंगलुरु में राष्ट्रीय महत्व के संस्थान राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहांस) को स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं की श्रेणी में नेल्सन मंडेला पुरस्कार से सम्मानित किया है। मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि डब्ल्यूएचओ का यह पुरस्कार स्वास्थ्य सेवा और सुविधा के संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थानों और सरकारी या गैर-सरकारी संगठनों को प्रदान किया जाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने इस पुरस्कार से सम्मानित होने पर निमहांस को बधाई दी।

## श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में फैसला सुरक्षित

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद के संबंध में दायर 18 मुकदमों की पोषणीयता को चुनौती देने वाली शाही ईदगाह मस्जिद की (आदेश 7 नियम 11 सीपीसी के तहत) दायर एक आवेदन पर सुनवाई पूरी कर ली और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

सभी 18 मुकदमों में एक ही प्रार्थना है जिसमें मथुरा में कटरा केशव देव मंदिर के साथ 13.37 एक के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शाही ईदगाह परिसर पर कब्जा करने और मौजूदा ढांचे को गिराने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने आदेश 7 नियम 11 (जन्मभूमि मुकदमों की स्वीकार्यता को चुनौती देने वाली) के तहत दायर मस्जिद समिति की दलीलों और देवता सहित हिंदू वादियों द्वारा उठाए गए तर्कों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायालय ने इस साल फरवरी में मस्जिद समिति की आपत्तियों पर सुनवाई शुरू की थी। न्यायालय के समक्ष, प्रबंध ट्रस्ट शाही मस्जिद ईदगाह (मथुरा) की समिति ने मुख्य रूप से तर्क दिया कि हाईकोर्ट के समक्ष लंबित मुकदमों पर उपासना स्थल अधिनियम 1991, परिसीमा अधिनियम 1963 और स्पेसिफिक रिलीफ एक्ट के अन्तर्गत केस की सुनवाई प्रतिबंधित है।

### यौन शोषण मामलों में फंसे रेवन्ना छह जून तक पुलिस हिरासत में

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गुरुवार को यौन शोषण के मामलों में 6 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बेंगलुरु की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए रेवन्ना को प्रतिदिन अपने वकील से मिलने की अनुमति दी है। रेवन्ना मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) कर रहा है। एसआईटी ने रेवन्ना पर लगे तीन यौन शोषण के मामलों में 15 दिनों की रिमांड मांगी थी। यौन उत्पीड़न मामले में वांछित जनता दल (सेक्युलर) से निलंबित सांसद प्रज्वल रेवन्ना को शुक्रवार सुबह मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया। बीती आधी रात करीब 35 दिनों बाद स्वदेश लौटे प्रज्वल को बेंगलुरु हवाई अड्डे पर उतरते ही एसआईटी ने हिरासत में ले लिया था।

**निर्देश** — गर्मी और लू को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने अफसरों को अलर्ट करते हुए कहा

# गांव हो या शहर, न हो अनावश्यक बिजली कटौती

समृद्धि न्यूज

### अयोध्या, काशी, मथुरा समेत धार्मिक स्थलों की स्वच्छता पर दें विशेष ध्यान

**लखनऊ।** गर्मी और लू को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों का अलर्ट करते हुए कहा कि किसी स्तर पर चूक न होने पाये। लोगों को जागरूक किया जाए।किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी। हीट वेब के चलते लोगों को दिक्कत हो रही है इसलिए सरकारी तंत्र की जिम्मेदारी है कि जरूरी व्यवस्था की जाए। बिजली आपूर्ति चाहे शहर हो या गांव,बेवजह कटौती न की जाये। राहत आयुक्त स्तर से मौसम के पूर्वानुमान से भी आमजन को वाकिफ कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राणि उद्यानों,अभयारण्यों में हीट-वेव एक्शन प्लान का प्रभावी क्रियान्वयन हो। गोशालाओं में पशुधन के चारे और पानी की उचित व्यवस्था रहे।बीमारी की स्थिति में हर किसी को तत्काल चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराएं। कुछ दिनों से प्रदेश में भीषण गर्मी-लू का प्रकोप देखा जा रहा है। तापमान बढ़ रहा है।ऐसी स्थिति में आम जनजीवन और पशुधन, वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हर स्तर पर पुख्ता प्रबंध किए जाएं। राहत आयुक्त कार्यालय के स्तर से मौसम पूर्वानुमान का दैनिक बुलेटिन जारी किया जाए। तेज गर्मी,लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जरूरत हो तो अतिरिक्त बिजली खरीदने की व्यवस्था करें। ट्रांसफार्मर जलने,तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए।



### दो दिन बाद मिल सकती है गर्मी से राहत : मौसम विभाग

**नई दिल्ली।** देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, बिहार सहित देश उत्तर–मध्य के राज्य नौतपा के दिनों में झुलस रहे है। 30 मई तो दिल्ली का पारा 50 डिग्री पार कर गया है। वहीं गर्मी के साथ जल संकट ने आम आदमी की परेशानी और बढ़ा दी है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले एक–दो दिन तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा, इसके बाद कुछ राहत मिलने लगेगी। मौसम विभाग ने (शुक्रवार) के लिए नौ राज्यों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अनुमान है कि तापमान में मध्यम गिरावट की वजह से अगले 2–3 दिनों के दौरान भीषण गर्मी से कुछ निजात मिल जाएगी। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमोत्तर भारत और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के लिए राहत मिलने की भी बात कही है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि आने वाले पश्चिमी विक्षोभ का असर यहां दिखने वाला है। अरब सागर से उत्तर–पश्चिम भारत की ओर बहने वाली दक्षिण–पश्चिमी हवा के कारण कुछ स्थानों पर बारिश या तूफान की स्थिति बन सकती है।

# बारिश से मिली राहत, तो कई घरों पर टूटा दुख का पहाड़

- किसानों की फसल बर्बाद, यातायात, विद्युत आपूर्ति बाधित

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

पिछले लगातार कई दिनों से पारा दिन पर दिन चढ़ता जा रहा था भीषण गर्मी के बीच 30 मई की शाम लगभग 6:00 बजे मौसम ने इस कदर करवट ली की पारा खिसक कर नीचे आ गया और तापमान में अचानक काफी घटोत्तरी हुई। तापमान की कमी होने से जहां लोगों ने राहत की सांस ली वही कई घरों में दुख का पहाड़ भी टूट गया। दरअसल तापमान वृद्धि होने के साथ-साथ लखीमपुर खीरी के कई क्षेत्रों में भयानक आंधी तूफान और भारी वर्षा हुई जिसके चलते जगह-जगह पेड़ टूट गए और कई जगह दीवारें भी टूट कर गिर गई जिसके नीचे दबने से कई जगह अलग-अलग क्षेत्र में मौत हो गई।

### जिम्मेदारों ने आंधी तूफान से पहले किया था सचेत

बता दे जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी महेंद्र बहादुर सिंह और सूचना विभाग की तरफ से सोशल मीडिया के माध्यम से लखीमपुर खीरी में अगले 3 घंटे के लिए गरज के साथ ओले गिरने को लेकर रेड अलर्ट जारी कर दिया गया था। कई घंटे आंधी तूफान के थमने के बाद जगह जगह अधिकारियों द्वारा बचाव कार्य किए गए। बांके, कुल्हाड़ी से काट-काट कर पेड़ों को रोड पर से हटाया गया जिससे कई घंटे बाद आवागमन शुरू हुआ। छाउछ पावर हाउस जेई आशीष कनौजिया अपनी टीम के साथ जुटे रहे और काफी मशक्कत के बाद लखीमपुर खीरी के फीडर नंबर एक और चार की सप्लाई शुरू हुई जबकि अन्य क्षेत्रों में सप्लाई बाधित रही।



### रेलवे स्टेशन का बोर्ड हुआ धराशाही

तेज आंधी से लखीमपुर रेलवे स्टेशन पर शहर की पहचान बताने वाला बोर्ड भी धराशाही हो गया। इतना ही नहीं तक्षशिला गुरुकुल का सोलर पैनल व खटिया, कूलर तूफान में उड़ गए और चारपाई बिजली के खंभे पर उड़कर फंस गई।

### जगह-जगह यातायात और विद्युत आपूर्ति बाधित



तेज आंधी तूफान से लखीमपुर खीरी के छाउछ चौराहे से लीला कुआं तक करीब दो दर्जन से अधिक विशालकाय वृक्ष तारों पर गिर गए जिससे तार खंबे सहित टूट कर बीच रोड पर आ गए। इससे यातायात काफी बाधित हो गया। लखीमपुर सिकंदराबाद मार्ग पर आंधी तूफान से कई विशालकाय पेड़ रोड पर ही गिर गए जिसके चलते लगभग 3 घंटे जाम लगा रहा। लखीमपुर गोला मार्ग पूर्व मे बंद होने के चलते भारी वाहनों का आवागमन भी इसी लखीमपुर सिकंदराबाद मार्ग से हो रहा था जिसके चलते दिल्ली, शाहजहांपुर, बरेली के मुसाफिरों को अपने गंतव्य पर पहुंचने के लिए काफी मशक्कत उठानी पड़ी।

### आंधी तूफान में वृद्धा समेत 5 की मौत

लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेलवा में भयंकर तूफान आने के कारण कृषक विकास वर्मा पुत्र लीलावती की पक्की दीवार गिरने से उसके नीचे दब जाने से मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। ढकेरवा निवासी घनश्याम गिरि की कार पर पेड़ गिरने से दबकर मौत हो गई। बताया जाता है कि घनश्याम अपने परिवार के साथ पलिया से वापस अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान कस्बा अंदेश नगर के पास अचानक उनकी कार पर पेड़ गिर गया। पेड़ से दबने पर घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घनश्याम के साथ उनका पूरा परिवार कार में बैठा था बाकी लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। ग्राम विलासपुर, अलीगंज थाना गोला खीरी निवासिनी फूलमती पत्नी शिवराम उम्र करीब 75 वर्ष की तेज आधीं व तूफान आने से दीवार गिरने से दबने से मृत्यु हो गई। फरधान थाना क्षेत्र के लोनपुरवा गांव निवासी इंद्रपाल की दीवार के नीचे दबाकर मौत हो गई। हैदराबाद थाना क्षेत्र के इमलिया पोस्ट अजान निवासी विनोद कुमार पुत्र तौले राम की पेड़ के नीचे दबकर मौत हो गई।

### केले की फसले हुई बर्बाद, लाखो का नुकसान



बांकेगंज और खंभार खेड़ा जैसे कई क्षेत्रों में किसानो के केले की फसल बर्बाद हो गई जिससे किसानों का लाखों का नुकसान हो गया किसानो ने बताया कि उनकी फसल अगले महीने ही कटने वाली थी लेकिन आंधी तूफान और भारी वर्षा उनके लिए काफी नुकसानदायक रही।

# गौवंशों के लिए गौशाला में लगाए गए कूलर

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बड़े-बड़े कूलर और गौशाला के चारों तरफ ठंडा और ताजा पानी भरकर भीषण गर्मी और लू से गौवंशीय पशुओं को बचाने का अनूठा कार्य कर नई मिशाल पेश की गई है।

**गर्मी से निजात**

गौशाला पहुंचे खंड विकास अधिकारी ने गौशाला में गौवंशीय पशुओं के प्रति किए गए इस अनूठे कार्य को देखकर ग्राम पंचायत अधिकारी सहित ग्राम रोजगार सेवक की जमकर सराहना की। विकासखण्ड निघासन की ग्राम पंचायत रकेहटी देहात में संचालित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल रकेहटी में निराश्रित गौवंशीय पशुओं को गर्मी व लू से बचाव के लिए चार बड़े वाटर कूलर लगवाए गए है और गौवंशीय पशुओं को गर्मी से राहत दिलाने के लिए गौशाला के अंदर से बाहर तक चारों तरफ ठंडा और ताजा पानी का भराव किया जा रहा है जिससे गौंवाशी पशुओं को गर्मी से बचाया जा सके। गौशाला को देखने पहुंचे खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह में ग्राम पंचायत अधिकारी उपदेश वर्मा सहित ग्राम रोजगार सेवक के कार्यों की जमकर सराहना की।

विकास खंड निघासन की अन्य गौवंश आश्रय स्थलों पर भी वाटर कूलर लगवाने के लिए सभी गौशालाओ के संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारियों को भी प्रोत्साहित किया, जिससे गौवंशीय पशुओ को भीषण गर्मी और लू से बचाया जा सके।

# नहर में डूब रहे दो युवकों को पुलिस की मदद से बचाया

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को दोपहर लगभग 1:00 बजे उचौलिया थाना क्षेत्र में निकली शारदा नहर में नहाने के लिए आए सात युवकों में से दो युवक गहरे पानी में डूबने लगे।

घटना की जानकारी पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से नहर में डूब रहे दोनों लड़कों को बाहर निकाला। घटना के बाद सभी सात युवकों को पुलिस थाने पर ले आई जिसके बाद सभी के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। मनजीत पुत्र रमाशंकर, विवेक पुत्र विश्व मोहन, सुदेश पाल पुत्र दिनेश पाल, अभिषेक पुत्र रामासरे, मोनू पुत्र अनिल कुमार, गोलू पुत्र बैरिस्टर, जितेन पुत्र राकेश निवासी रौशर कोठी थाना रामचंद्र मिशन जनपद शाहजहांपुर के उपरोक्त सभी लोग दोपहर लगभग 12:00 बजे शारदा नहर में नहाने के लिए आए थे जिसमें से मनजीत पुत्र रमाशंकर सुदेश पाल पुत्र दिनेश पाल नहाते नहाते पानी में डूबने लगे जिसके बाद दोस्तों ने शोर मचाया जिस पर क्षेत्रीय ग्रामीण पहुंच गए और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से डूब रहे दोनों लोगों को बाहर निकाला।

इस संबंध में जानकारी लेने पर थाना अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया है कि सभी लोगों के परिजनों को सूचना दी गई है परिजनों के आने के बाद सभी लोगों को उनके सुपुर्द कर दिया जाएगा।

# दबंगों ने की दलित युवक की पिटाई

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के मालिनपुर गांव निवासी एक दलित युवक पर लगभग एक माह पूर्व दबंगों द्वारा पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। माँ की जबरदस्त पैरवी के चलते पुलिस ने एक माह बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मालिनपुर गांव निवासी सरिता देवी ने पुलिस को दी गईं तहरीर में बताया किगत 2 मई की देर शाम उसका बेटा राम भवन बाजार करने के बाद साइकिल से घर आ रहा था।गांव के किनारे आने पर गाँव निवासी रूप नरायन ने उसके मुंह पर टार्च मार दी।विरोध करने पर रूप नरायन शुक्ला उनके भाई शिव नरायन व बेटे मोहित शुक्ला ने दलित युवक को जमकर पीटा।घटना के बाद पीड़िता ने अपने बेटे का इलाज व मेडिकोलीगल जिला चिकित्सालय में कराया।

# तीन घरों में लगी आग, नगदी-सामान जलकर राख



**मितौली खीरी।** विकासखंड मितौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत मुरासा के गांव वजीरपुर में अज्ञात कारणों के चलते तीन घरों में आग लग गई। घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया वहीं आग की चपेट में रामगुनी झुलस गई जिनको 108 एंबुलेंस की सहायता से मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने बताया है कि लड़के की गोद भराई के लिए तैयारियां चल रही थी तभी अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें जगन्नाथ, राजेन्द्र पुत्र हेमनाथ, मोहन पुत्र रामभजन के घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया जिसमें आसाराम पुत्र जगन्नाथ के 11000 रुपए नगद जल गये हैं जो अपने लड़के के गोद भराई के लिए रखे थे। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### मानक अनुरूप हो रहे नाला निर्माण को रुकवाया



**तिकुनिया खीरी।** ब्लाक निघासन की ग्राम पंचायत गुलरिया पत्थरशाह पंचायत में ब्लाक प्रमुख निधि से नाले का निर्माण किया जा रहा है जिसमे पीला ईटा व ज्यादा बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने दो ईंटे आपस मे तोड़ी तो मिट्टी जैसे बिखर गई। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमन दीप सिंह ने बताया कि ईंटे गलत पहुंच गई थी जिस पर काम रुकवा दिया गया है व ठेकेदार से मानक के अनुरूप ही काम करने के लिए कहा गया है।

# दिल्ली में सम्मानित होंगे गन्ना किसानः अचल मिश्रा



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कृषि में नित नए नवाचारों के लिए जिले में अपनी अलग पहचान बनाने वाले प्रगतिशील गन्ना किसान अचल कुमार मिश्रा का आईएआरआई इनोवेटिव अवार्ड में हुआ चयन। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले नवोन्मेषी किसान सम्मान समारोह में 6 जून, 2024 को सम्मानित किया जाएगा। जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लाक बिजुआ के गांव मड़ईपुरवा के रहने वाले 41 साल के प्रगतिशील गन्ना किसान अचल कुमार मिश्रा कृषि में नवाचार को ले कर जिले में ही नहीं, बल्कि देशभर में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### गन्ने के साथ करते हैं एकीकृत कृषि

अचल कुमार मिश्रा ने अपने खेतों के बीच बेहद खूबसूरत फार्म बना रखा है, जहां वे गन्ने की नर्सरी के साथ मधुमक्खीपालन, कड़कनाथ मुरगा, अजोला उत्पादन, वर्मी कंपोस्ट आदि भी बनाते हैं. अचल कुमार मिश्रा बताते हैं कि एकीकृत कृषि में लागत कम हो जाती है और उत्पादन बेहतर मिलता है।

बताते हैं कि आज के समय में ज्यादा उत्पादन के लिए कई किसान मनमाने ढंग से रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने लगे हैं, जिस से खेती में लगात बढ़ती जाती है, इसीलिए किसान खेती को घाटे का सौदा बोलते हैं. लेकिन अगर मुरगी की खाद, वर्मी कंपोस्ट और अजोला आदि का कृषि में सही तरीके से देशी खाद बना कर प्रयोग किया जाए, तो न सिर्फ बाजार से कम उर्वरक खरीदनी होगी, बल्कि उत्पादन भी अच्छा होग। अपनी खेती की सफलता को ले कर अचल कुमार मिश्रा बताते हैं कि गन्ना लंबी अवधि की फसल है, तो हम लोग क्या करते हैं, गन्ने के साथ सहफसली खेती करते हैं. जैसे, गन्ने के साथ लहसुन, सरसों, ब्रोकली आदि बीच में बो देते हैं, तो जब तक गन्ने की फसल तैयार होती है, तब तक दूसरी फसलें तैयार हो जाती हैं। इससे हमें गन्ने के उत्पादन का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है।



# दो दम्पति फिर एक साथ रहने को हुए राजी

**बाराबंकी।** महिला थाना/परिवार परामर्श केन्द्र के प्रयास से पारिवारिक/वैचारिक मतभेद भुलाकर 02 दम्पति एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए हैं। महिला थाना/महिला परामर्श केन्द्र द्वारा पारिवारिक/वैचारिक मतभेदों से उत्पन्न विवादों सम्बन्धी प्राप्त 05 प्रार्थना पत्रों में दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप शुक्रवार को हेल्प डेस्क व शिकायत प्रकोष्ठ से प्राप्त 05 प्रकरण में दोनों दम्पतियों को बुलाकर सुना गया जिसमें 02 प्रकरण में दम्पति द्वारा वैचारिक मतभेदों को भुलाकर आपसी सहमति से एक साथ हंसी-खुशी रहने हेतु राजी हुए। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा दम्पति को पुरानी बातों को भुलाकर अग्रिम जीवन की नये तरीके से शुरूआत करने की शुभकामनाएं देते हुए समझाया गया कि दोनों परस्पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देते हुए एक दूसरे का भावनात्मक स्वास्थ्य का ध्यान रखेंगे। महिला थाना प्रभारी/काउंसलरों द्वारा समझौते के पुनरावलोक हेतु दम्पति को 15 दिवस बाद पुनः बुलाया गया है, जिससे समझौता दम्पति के लिए उपयुक्त एवं प्रभावी रहे।

# जेसीआई संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की यात्रा संपन्न




**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

अन्तर्राष्ट्रीय व्यक्तित्व विकास संगठन जेसीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस रिकेश शर्मा अपनी अधिकारिक यात्रा पर केरल से लखीमपुर पधारे। उनकी इस यात्रा में मण्डल 3 की मण्डलाध्यक्ष गोरखपुर से पधारी जेएफएस वसुन्धरा सिंह व मण्डल उपाध्यक्ष लखीमपुर के कनिष्क बरनवाल साथ रहे।

सर्वप्रथम जेसीआई लखीमपुर के संस्थाध्यक्ष कुमार उत्कर्ष के नेतृत्व में संस्था सदस्यों ने गोला रोड स्थित कृष्णा सिटी में आगंतुकों का ढ़ोल बाजे के साथ स्वागत किया तत्पश्चात वहीं स्थापित जेसीआई वाटिका में पौधारोपण कराने के साथ स्वागत बोर्ड का अनावरण कराया गया वहां से गाड़ियों के काफिले के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष एलआरपी रोड स्थित एलीट इन होटल पहुंचे। होटल के सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेएफएस रिकेश शर्मा ने अपनी मान्यता पिन से पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशाल सेठ, अध्यक्ष कुमार उत्कर्ष, कनिष्क बरनवाल, सौरभ गुप्ता, मीता गर्ग आदि को सम्मानित किया। मण्डलाध्यक्ष वसुन्धरा सिंह ने अपने उद्बोधन में जेसीआई लखीमपुर को गुरुओं का लॉम बताया और अपने मण्डल की विशेष धरोहर कहा। संस्था के कार्यों व कार्यशैली की सराहना करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्थाध्यक्ष कुमार उत्कर्ष, सचिव ऋतिक साहू, कार्यक्रम निदेशक राहुल माथुर व अमित अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विशाल सेठ, निवर्तमान अध्यक्ष एवं मण्डल निदेशक सौरभ गुप्ता, चेयरपर्सन रचना अग्रवाल, शुभम टण्डन, दिलीप बरनवाल, डॉ0मुदित मेहरोत्रा, विश्वास सेठ, अर्चित महेन्द्रा, रजत शेखर, सैय्यद असद हुसैन, शिप्रा श्रीवास्तव व दर्श अग्रवाल के साथ मीडिया जन उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गन्ने के खेत में मिला अज्ञात महिला का शव

**मितौली खीरी।** मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम अमानतपुर के पास एक अज्ञात महिला का शव गन्ने के खेत में पाया गया। मितौली पुलिस को सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजू राव के निर्देशन में परितोष पांडे उप निरीक्षक द्वारा अज्ञात महिला का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। समाचार लिखने तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई।

### पॉक्सो एक्ट के वांछित गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी।** पाक्सो एक्ट संबंधित वांछित एक अभियुक्त को आज जैदपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर आरोपी को जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि थाना जैदपुर पुलिस टीम ने शुक्रवार को मु0अ0सं0 177/2024 धारा 376/313/504/506 भादवि व 5/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त आदर्श वर्मा पुत्र धर्मेन्द्र वर्मा निवासी ग्राम इसरौली सेठ थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार जेल भेजा गया।

### मृतक की पत्नी को सौंपा दो लाख की चेक

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश बार कौंसिल के सदस्य एवं पूर्व चेयरमैन अजय कुमार शुक्ल ने शुक्रवार को हैदरगढ़ तहसील पहुंचकर मृतक अधिवक्ता स्वर्गीय राम शंकर सिंह की पत्नी श्रीमती निर्मला देवी को दो लाख रुपए की चेक सौंपी।उन्होंने बताया कि अधिवक्ता कल्याण परिषद द्वारा कई अन्य मृतक वकीलों के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई है। तहसील बार अध्यक्ष राम प्रताप सिंह की अगुवाई में वकीलों ने बार कौंसिल के सदस्य का स्वागत किया।

### पानी की शुद्धता की जांच के लिए दी वाटर टेस्टिंग किट



**मसौली,बाराबंकी।** जो पानी हम पी रहे हैं, वह कितना शुद्ध है, इसकी जांच अब लोग स्वयं भी कर सकेंगे जिसके लिए शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे राज्य पेयजल एव स्वच्छता मिशन नमामि गंगे एव ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के तत्वाधान मे आयोजित कार्यशाला मे जलसखियो को वाटर टेस्टिंग किट वितरित दी गयी। कार्यशाला मे मास्टर ट्रेनर शिवानी शुक्ला ने बताया कि शुद्ध पेयजल से ही तमाम तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। पानी को छान व ढक कर ठंडा कर ले। इसके बाद इस जल का प्रयोग करें उन्होंने बताया कि वाटर टेस्टिंग किट में नौ प्रकार के टेस्ट किए जाने से गांवों में गंदे पानी की समस्या व अन्य बीमारियों से भी छुटकारा मिल सकता है अगर वाटर टेस्टिंग किट का इस्तेमाल पंचायत प्रतिनिधि समय-समय पर करें तो जलजनित रोगों से छुटकारा मिल सकेगा। मास्टर ट्रेनर शिवानी शुक्ला ने बताया कि किट में पानी डालकर रखने के बाद 30 से 35 डिग्री तापमान पर 12 से 24 घंटे में पानी की गुणवत्ता का प्रमाण मिल जाएगा।

# अधिशासी अभियंता की उदासीनता उपभोक्ताओं पर पड़ रही भारी

**हर तीसरे दिन होता है फाल्ट, मरम्मत के लिए होती है मनुहार, उपभोक्ताओं में बढ़ा आक्रोश**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बाराबंकी की लापरवाह कार्यशैली विद्युत उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। महीनों से लगातार व बार बार अनुरोध करने के बावजूद अधिशासी अभियंता का दिल नही पसीजा जिसका खामियाजा पल्हरी वार्ड के शिव विहार कालोनी के लगभग आधा सैकड़ा निवासियों को बिजली की भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। शिव विहार कालोनी के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रत्नेश कुमार ने वर्ष 2016 में अपना मकान बनवाया और जब बिजली का कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया तो विभाग के जेई ने बताया कि



आपके घर से 260 मीटर दूरी पर ट्रांसफार्मर है, आपके निजी खर्चे से ही विभाग आपके घर तक बिजली लाइन खिंचवा सकता है।

रत्नेश कुमार ने विभाग के स्टीमेट पर 17 हजार रुपये जमा करके अपने घर तक एबीसी लाइन खिंचवाकर बिजली कनेक्शन लिया। जेई ने धीरे धीरे कालोनी में बनने वाले लगभग 50 मकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में इसी एबीसी लाइन से बिजली कनेक्शन जोड़ दिया। जहां इस एबीसी लाइन की चार-पांच कनेक्शन की ही क्षमता है वहीं लाइन मैन व जेई ने उपभोक्ताओं से पैसे लेकर एक ही एबीसी लाइन में 50 कनेक्शन जोड़ दिए, जिससे लाइन पर अत्यधिक लोड बढ़ने से लो वोल्टेज की समस्या के साथ ही हर तीसरे चौथे दिन एबीसी लाइन कटकर गिर जाती है जिससे बड़े जोखिम का खतरा बना रहता है। इस भयंकर गर्मी में हर दूसरे दिन बिजली लाइन का तार कट कर गिर जा रहा है, जिसे जुड़वाने के लिए घंटो मशक्कत करनी पड़ती है फिर भी लाइन मैन व जेई राकेश यादव द्वारा समस्या का स्थायी समाधान नही किया जा रहा है।

# मारपीट के मामले में आठ लोगों को तीन साल की सजा

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ऑपरेशन कन्वेक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा गंभीर मारपीट की घटना से सम्बन्धित प्रत्येक अभियुक्त को 03 वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में जघन्य अपराधों में लिप्त अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध वैज्ञानिक विधि से साक्ष्य संकलन एवं गुणवत्तापूर्ण विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए मॉनीटरिंग सेल में नियुक्त अधिकरि व पैरोकार द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। थाना मो.पुर खाला पर मारपीट की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमें अभियुक्तगण 1.राममिलन पुत्र बुधराम 2.छबीले पुत्र पाटन 3.रामपाल पुत्र पाटन 4.गयादीन पुत्र मैकू 5.ठाकुर पुत्र गयादीन 6.रामनिवास पुत्र बुधराम 7.बलगर पुत्र औतार निवासीगण ग्राम नारेपुर थाना मो.पुर खाला जनपद बाराबंकी 8.कैलाश पुत्र मनोहर निवासी मूसेटोला थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश(एफटीसी) कोर्ट नं0 -37 द्वारा दोषसिद्ध करते हुए प्रत्येक को 03 वर्ष का कठोर कारावास व दो हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# बिजली विभाग ने बदले जर्जर बिजली के तार

**जैदपुर, बाराबंकी।** भयंकर तपिश धूप व गर्मी में जार्जर तार को देखते हुए विभाग के आदेशानुसार जैदपुर नगर पंचायत मे तारो को बदलने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिसमे आज मोहल्ला चमरहिया से बड़ी बाजार में तार बदले गये। बताते चलें कि गर्मी के इस मौसम में जहां एक तरफ कटौटी को लेकर लोग काफी परेशान है। वही एसडीओ संदीप सिंह व जेई शमसुल लका अंसारी द्वारा गठित टीम को शुक्रवार को बाजार व चमरहिया में जार्जर तारों को बदला जा रहा था। वही लगातार क्षेत्र के जार्जर तार को बदलने का कार्य आगे भी किया जायेगा। इस संबंध में जेई शमसुल लका अंसारी ने बताया कि हो रहे फाल्ट को देखते हुए नगर पंचायत में जर्जर तारों को बदलने का कार्य आगे भी चलता रहेगा। उक्त कार्य उपभोक्ताओ को असुविधा न हो इसलिये कुछ खम्भे भी लगाये जायेंगे।

### सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग ने की कार्यशाला

**मसौली, बाराबंकी।** शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव मे अग्निशमन विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला मे अग्निशमन प्रभारी फूलचंद्र गौगम ने कहा कि अगर सावधानी नहीं बरते गई तो अग्निकांड भारी पड़ सकता है। थोड़ी से सावधानी बरतकर अग्निकांड को रोका जा सकता है। सीएचसी के कर्मचारियों से रूबरू होते हुए प्रभारी फूलचंद्र गौतम ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि आग सिर्फ चूल्हे की चिंगारी से ही लग सकती है। बड़े-बड़े अपार्टमेंट भी अगलगी की चपेट में आते हैं। शार्ट सर्किट,गैस सिलिंडर से गैस रिसाव इसके मुख्य कारण होते हैं।

# मतगणना के लिए भाजपा ने कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यकर्ताओं को मतगणना एजेंट बनाने की प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पर उन्हें ट्रेनिंग दी गई।सभी को मतगणना की बारीकियों से रूबरू कराया गया। मतगणना एजेंट को उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हुए वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने टिप्स भी दिए। एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह ने मतगणना के लिए चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई गाइड लाइन को बिंदुवार समझाया। कहा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना है। जिसके लिए विधानसभावार मतगणना एजेंट नामित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना शुरू होने से करीब दो घंटे पूर्व मतगणना स्थल पहुंचना होगा, और मतगणना संपन्न हो जाने के उपरांत ही मतगणना स्थल को छोड़ना है। मोबाइल या कैलकुलेटर ले जाना वर्जित होगा।

उन्होंने कहा कि मतगणना चुनाव प्रक्रिया का सबसे अहम पड़ाव होता है। इस अवसर पर विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा,विधायक दिनेश रावत, प्रत्याशी राजरानी रावत,पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, अमरीश रावत,शील रत्न मिहिर, रचना श्रीवास्तव, विजय आनंद बाजपेई,रामेश्वरी त्रिवेदी,रोहित सिंह, डॉक्टर श्रवण शुक्ल, प्रवीण सिंह सिसौदिया,रंगनाथ त्रिपाठी, अंशुमान मिश्रा,सरोज वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# डीएम ने जेल परिसर में पारिजात प्रेरणा कैंटीन का किया उद्घाटन

**बाराबंकी।** शुक्रवार को जिला मजिस्ट्रेट सत्येन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया और सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए, मुख्य गेट के बाहर परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जेल प्रशासन बाराबंकी द्वारा बनी पारिजात प्रेरणा कैंटीन का जिला अधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। यह कैंटिन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित की जाएगी। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री काव्या सी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मतगणना के दिन भाजपा के झूठ और एक्जिट पोल से सावधान व सतर्क रहें : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के प्रमुख घटक समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मतगणना के दिन सावधान और सक्रिय रहने की अपील करते हुए कहा कि झूठ फैलाकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग आप सबका मनोबल गिराना चाहते हैं।

उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि आप लोग किसी भी 'भाजपाई' एग्जिट पोल के बहकावे में नहीं आएं और पूरी तरह से सतर्क रहें।

सपा प्रमुख अखिलेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और प्रत्याशियों को संबोधित एक संदेश में कहा, मैं आज आपसे एक बेहद जरूरी अपील कर रहा हूं। आप सब कल (शनिवार) वोटिंग के दौरान और वोटिंग के बाद के दिनों में भी, मतगणना खत्म होने और जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक पूरी तरह से सजग, सतर्क, सचेत और सावधान रहिएगा और किसी भी प्रकार के भाजपाई बहकावे में नहीं आइएगा।

यादव ने अपनी इस अपील की वजह स्पष्ट करते हुए इसी संदेश में कहा, दरअसल ये अपील हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि भाजपा वालों ने ये योजना बनायी है कि कल शाम को चुनाव खत्म होते ही, वो अपनी मीडिया मंडली से विभिन्न चौनलों पर ये कहलवाना शुरू करेंगे कि भाजपा को लगभग 300 सीट मिल रही है जो कि पूरी तरह से झूठ है।

# बढ़े हाउस और वाटर टैक्स सुधार के लिए लगा कैंप

**कैंप में आए 258 लोगों के बिल का किया निस्तारण**

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** नगर निगम सीमा में ग्लोबल इंफार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) सर्वे से बढ़े हाउस टैक्स में सुधार के लिए शुक्रवार को कैंप लगा। बड़ी बात यह है कि इस कैंप में हाउस टैक्स के साथ-साथ इस बार वाटर टैक्स का सुधार भी किया जा रहा है। टैक्स सही कराने के लिए सुबह से भीड़ लगी है। यहां पहुंचे लोगों का आरोप है कि निजी एजेंसी ने मनमाने तरीके से भवनों का वार्षिक मूल्यांकन बढ़ा दिया है।

इससे कई घरों का हाउस टैक्स चार गुना बढ़ गया है। कैंप में शुक्रवार को 258 लोग आए। दावा किया जा रहा है कि उसमें सभी लोगों के बिल का निस्तारण कर दिया गया है। टैक्स में सुधार कराने के लिए कैंप पर पहुंचे अभिषेक गुप्ता विकास नगर में रहते हैं। वह कहते हैं कि पहले हाउस टैक्स 9 सौ आता था, लेकिन अब 36 सौ रुपए आने लगा है। इसे सुधरवाने के लिए पिछले 1 घंटे से दौड़ लगा रहे हैं लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो पाया है। गर्मी को देखते हुए सुबह आ गए थे लेकिन सुनवाई न होने से काफी निराशा है। उन्होंने बताया कि वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी हैं। नई बस्ती रहीम नगर निवासी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि उनका हाउस टैक्स पहले 238 रुपए आता था। अब उसको बढ़ाकर 4413 रुपए कर दिया गया है। करीब 20 गुना हाउस टैक्स बढ़ा दिया गया। उनका मकान 500 स्कवायर फीट से भी छोटा है। लेकिन उसके बाद उसका टैक्स 4413 रुपए कर दिया गया।

हालांकि इनका बिल सही करने के लिए दे दिया गया है। जोन एक निवासी परवेज अहमद ने बताया कि 270 रुपए टैक्स उनका आता था। लेकिन उनका टैक्स करीब 1800 रुपए तक पहुंच गया है। तीन महीने तक वह दौड़ लगा रहे थे। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही थी। लेकिन कैंप में आए तो उनकी बात सुनी गई। टैक्स कम होकर 413 रुपए हो गया है। उन्होंने बताया कि 1300 रुपए की बचत हुई है। जोन एक से आए हितेश प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि पहले उनका हाउस टैक्स 1100 रुपए आता था। अब उसको बढ़ाकर 1575 रुपए कर दिया गया है। बिल सही कराने के लिए पहुंचा तो बताया गया कि बिल सही है।

### चुनाव बाद जीआईएस मैपिंग पर लगेगी रोक

दरअसल, हाउस टैक्स से ही वाटर टैक्स जनरेट होता है। ऐसे में किसी भी उपभोक्ता का अगर हाउस टैक्स ज्यादा है तो वाटर टैक्स भी बढ़ जाएगा। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने इस प्रक्रिया को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को पत्र लिख इसे बैन करने को कहा है। हालांकि आचार संहिता के बीच इसको लेकर कोई ठोस फैसला नहीं लिया जा सका है। बताया जा रहा है कि चुनाव बाद जीआईएस मैपिंग पर रोक लगाई जा सकती है।

## खबरें एक नजर में

### होटल के कमरे में पड़ा मिला बैंक पीओ का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केनरा बैंक में तैनात नवीन कुमार ट्रेनिंग के सिलसिले में लखनऊ आए थे। सुबह होटल के कमरे में उनका शव पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि युवक की मौत तबीयत खराब होने से हुई है। हरियाणा के अंबाला निवासी नवीन कुमार (31) केनरा बैंक में पीओ के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार 26 मई की रात वह अपने कुछ साथियों के साथ ट्रेनिंग के सिलसिले में लखनऊ आए थे। ये सभी लोग सेक्टर-8 स्थित होटल एवीपीएस में ठहरे थे। वीन कमरा नंबर 210 में ठहरे थे। बीती रात नवीन की तबीयत अचानक खराब हुई। साथी उनको पास में ही स्थित सुषमा अस्पताल ले गए थे। प्राथमिक उपचार के बाद उनको छुट्टी दे दी गई। नवीन होटल के कमरे वापस पहुंचे और सो गए। सुबह 11 बजे जब वह सोकर नहीं उठे तो साथियों ने उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया, पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। सूचना पर पहुंची गाजीपुर पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़ा तो नवीन का शव कमरे में बिस्तर पर पड़ा मिला। पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय का कहना है कि शुरुआती जांच में इस बात का पता चला है कि नवीन की बीमारी के चलते हुई है। बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की सही वजह पता चल सकेगा।

### कोल्ड ड्रिंक से भरा ट्रक पलटा, बोतलें लूटने में जुटे ग्रामीण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के लखनऊ जिले में आज कोल्ड ड्रिंक से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। इसी कड़ी में ट्रक पलटने से सारी कोल्ड ड्रिंक की बोतलें सड़क पर बिखर गई। मौके पर मौजूद लोग ट्रक चालक की मदद करने के बजाय कोल्ड ड्रिंक की बोतलें लूटने में जुट गए। जिसे देख चालक ने खुद ही फोन कर थाना गोसाईगंज पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को रफा-दफा किया। बता दें कि कुछ दिन पहले बिजनौर जिले से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था। जहां शराब की बोतलों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया था। जिससे ट्रक ड्राइवर घायल हो गया और ट्रक में पड़ी शराब की बोतलें सड़क पर गिर गई थी। इसी दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने घायल ट्रक ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाने के बजाए शराब की बोतलें लूटने लग गए। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। जिसमें साफदिखाई दे रहा था कि कैसे लोग घायल चालक को अस्पताल पहुंचाने के बजाए शराब की बोतलों को उठाने में जुट गए। किसी ने भी सड़क पर पड़े ट्रक ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाना जरूरी नहीं समझा। इसके बाद घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रक ड्राइवर को अस्पताल पहुंचाया।

### भारतीय विश्वकर्मा महासंघ आर ने एनडीए को दिया समर्थन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी प्रेस क्लब में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासंघ आर उत्तर प्रदेश ने लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम चरण के मतदान से पहले नरेंद्र मोदी भाजपा और एनडीए गठबंधन को समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जयंत के एम ने विश्वकर्मा समाज को संदेश देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने विश्वकर्मा सम्मान योजना शुरू की और सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दक्षिण भारत के मूर्तिकार योगी को प्रभु श्रीराम की मूर्ति बनाने का अवसर दिया जो विश्वकर्मा समाज के लिए गौरव की बात है इसलिए विश्वकर्मा महासंघ पीएम मोदी भाजपा और एनडीए गठबंधन को समर्थन दे रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर पीएम मोदी की तपस्या को लेकर डॉ जयंत ने कहा कि नरेंद्र मोदी ही ऐसे काम कर सकते हैं और इस बार एनडीए 400 पार।

### कुख्यात अपराधी चंद्रपाल सिंह गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में कुख्यात अपराधी चंद्रपाल सिंह पिस्टल के साथ पुलिस ने हिरासत में लिया है। शुक्रवार करीब 4 बजे जिला न्यायालय परिसर से उसे पकड़ा गया। वो जजों की गाड़ी के लिए बनी पार्किंग में रेकी कर रहा था। वो अपनी प्राइवेट गाड़ी से न्यायालय परिसर पहुंचा था। चंद्रपाल के खिलाफ महानगर सहित कई थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि चंद्रभान मड़ियांव इलाके के सेमरा गौरी में रहता है। शुक्रवार को अपनी ऑडी गाड़ी नंबर यूके 07777 से अपनी लाइसेंसी पिस्टल के साथ कचहरी परिसर में दाखिल हो गया था। चंद्रपाल ने परिसर में विपक्षी अधिवक्ता के साथ मारपीट भी की। चौकी प्रभारी ने चंद्रपाल को मेडिकल के लिए भेज दिया है।

### एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल पर पाबन्दी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा विधानसभा उप निर्वाचन से सम्बन्धित एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर 01 जून सायं 6 :30 बजे तक पूर्णतया प्रतिबन्ध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना में स्पष्ट कि एग्जिट पोल तथा ओपिनियन पोल पर लगाये गये प्रतिबन्धों का उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 संक्षेप में लोप्र अधिनियम, 1951 की उप-धाराओं के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। इसका उल्लंघन करने पर दो वर्ष तक का कारावास या जुर्माना या दोनों दण्ड दिये जा सकते हैं।

### जीपीओ में बेहतर संचार के लिए दो नए नंबरों की शुरुआत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** ग्राहक संचार का तात्पर्य व्यवसाय, सेवा प्रदाता और उनके ग्राहकों के बीच सूचना एवं प्रतिक्रिया के आदान-प्रदान हैं। इसमें ईमेल, फोन कॉल, मीटिंग और रिपोर्ट जैसे संचार के विभिन्न रूप शामिल हैं। इसका उद्देशय ग्राहक को प्रदान की गई सेवा या उत्पाद से संतुष्ट हैं। चीफपोस्टमास्टर जीपीओ लखनऊ के मुताबिक लखनऊ जीपीओ ने अपने ग्राहकों के साथ बेहतर संचार के लिए दो नए नंबर 0522-2237434 एवं 0522-2239103 की शुरुआत की हैं।

# सातवां चरण : 13 सीटों पर मतदान आज

**बीएलओ एल्फाबेटिक लोकेटर मतदाता सूची के साथ सहायता बूथ पर होंगे उपस्थित**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सातवें चरण में कल 13 लोकसभा क्षेत्रों और दुद्धी विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदान होगा। स्वतंत्र,निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

मीडिया से मुखातिब मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज बताया कि 01 जून को प्रदेश के सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 63-महराजगंज, 64-गोरखपुर, 65-कुशीनगर, 66-देवरिया, 67-बांसगांव (सु.), 70-घोसी, 71-सलेमपुर, 72-बलिया, 75-गाजीपुर, 76-चन्दौली, 77-वाराणसी, 79-मिर्जापुर, 80-राबर्ट्सगंज (सु.) में मतदान होना है। 12 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 6 बजे तक है, जबकि 80-राबर्ट्सगंज(सु.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 05 विधानसभा क्षेत्रों में से 03 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शुरू होकर सायं 06 बजे तक जबकि 02 विधानसभा क्षेत्रों 401-राबर्ट्सगंज विधानसभा क्षेत्र एवं 403-दुद्धी (सु.) लोकसभा सामान्य निर्वाचन क्षेत्र व विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में मतदान का समय प्रातः 7 बजे से शुरू होकर अपराह्न 04 बजे तक रहेगा। जो भी मतदाता मतदान अवधि के अन्त में पोलिंग बूथ पर कतार में उपस्थित रहेंगे, वे अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इन 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रिटर्निंग आफिसर क्रमशः जिलाधिकारी, महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण गोरखपुर, जिलाधिकारी, मऊ, मुख्य विकास अधिकारी, बलिया, जिलाधिकारी, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी (सु.) के रिटर्निंग आफिसर उप जिलाधिकारी दुद्धी अधिसूचित हैं।

सातवें चरण के 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 11 जनपदों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर, चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र तथा विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र 403-दुद्धी (सु.) सोनभद्र में अवस्थित हैं। सातवें चरण में 2,50,56,877 मतदाता हैं, जिसमें 1,33,10,897 पुरूष तथा 1,17,44,922 महिला एवं 1,058 थर्ड जेण्डर मतदाता हैं।

सातवें चरण में मतदाताओं की संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता 64-गोरखपुर, तथा सबसे कम मतदाता 71-सलेमपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 144 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें 134 पुरूष तथा 10 महिला प्रत्याशी हैं। सातवें चरण में सबसे अधिक 28 प्रत्याशी 70-घोसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में तथा सबसे कम 07 प्रत्याशी 66-देवरिया एवं 77-वाराणसी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं।63-महराजगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 20,04,050 हैं, जिसमें पुरूष 10,55,607 महिला 9,48,367 तथा थर्ड जेंडर 76 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2084, प्रत्याशियों की संख्या 8 हैं।64-गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता 2097202 हैं, जिसमें पुरूष 11,23,868 महिला 9,73,160 तथा थर्ड जेंडर 174 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 2038, प्रत्याशियों की संख्या 13 हैं।65-कुशीनगर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 18,75,222 हैं, जिसमें पुरूष 9,85,378 महिला 8,89,748 तथा थर्ड जेंडर 96 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1832, प्रत्याशियों की संख्या 09 हैं। 66-देवरिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता 1873821 हैं, जिसमें पुरूष 9,91,341 महिला 882371 वथर्ड जेंडर 109 हैं। मतदेय स्थलों की कुल संख्या 1894, प्रत्याशियों की संख्या 07 हैं। 67-बांसगांव (सु.) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता 1820854 हैं, जिसमें पुरूष 9,68,212 महिला 8,52,555 तथा थर्ड जेंडर 87 हैं।

# मुठभेड़ में गैंगस्टर को पैर में लगी गोली, तमंचा-कारतूस बरामद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी के चिनहट में गैंगेस्टर और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने से राकेश उर्फ पिंटू (35) गंभीर घायल हो गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गैंगस्टर के पास से 315 बोर का एक तमंचा, 2 कारतूस खोखा और 1 जिंदा कारतूस के साथ पल्सर बाइक बरामद की गई है। गैंगेस्टर एक साल में 11 डकैती में शामिल रहा है।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि घटना शुक्रवार तड़के 3 बजे की है। कंट्रोल रूम में सूचना मिली थी कि चिनहट के अपट्रान चौकी इलाके में दो-तीन लोग बैठे हैं। वह डकैती और हत्या की साजिश रच रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को देख गैंगेस्टर भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। राष्ट्रीय कॉलेज मटियारी के पास पुलिस और गैंगेस्टर के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान जवाबी फायरिंग में राकेश उर्फ पिंटू घायल हो गया। उसका साथी रणजीत अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। तलाश की जा रही है। डीसीपी पूर्वी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ 10 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। इसमें डकैती, जानलेवा हमला और लूटपाट जैसे कई संगीन अपराध शामिल हैं। दरअसल, अर्पित कुमार चिनहट इलाके में जिम संचालित करते हैं। राकेश उर्फ पिंटू गोंडा का रहने वाला है। अर्पित के यहां ड्राइवर था। गाड़ी का एक्सीडेंट करने के बाद मार्च में उसे नौकरी से निकाल दिया गया। इसी बात से नाराज होकर वह साथियों के साथ मिलकर कारोबारी के खिलाफ हत्या और डकैती की साजिश रचने लगा। राकेश उर्फ पिंटू के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज होने के कारण पुलिस उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी। ढाई महीने पहले छूटकर आया, तभी से जिम कारोबारी के खिलाफ साजिश रचने लगा। शुक्रवार को अपने एक साथी के साथ अपट्रान चौकी इलाके में पहुंचा। यहां दोनों बैठकर वारदात को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। राकेश उर्फ पिंटू 2016 से अपराध की दुनिया में कदम रखा।

# यूपीपीएससी 10 जून से पहले जारी करेगा संशोधित कैलेंडर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग यानि यूपीपीएससी लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद 10 जून से पहले संशोधित कैलेंडर जारी कर देगा। आयोग के सामने निरस्त और स्थगित परीक्षाओं की तारीख तय करने से बड़ी चुनौती जून-जुलाई में प्रस्तावित मुख्य परीक्षाओं की तिथियां तय करना है। निरस्त और स्थगित परीक्षाओं के साथ उनकी मुख्य परीक्षाओं की तारीखों में तालमेल बैठाया जा रहा है। इसको लेकर आयोग में मंथन चल रहा है। एक-दो दिन में निर्णय ले लिया जाएगा।

पेपर लीक के चलते आरओ एआरओ की 11 फरवरी को हुई परीक्षा निरस्त हो गई है। इसके बाद 17 मार्च को प्रस्तावित पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा, 22 मार्च को प्रस्तावित स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक पुरुष-महिला प्रारंभिक परीक्षा, सात अप्रैल को प्रस्तावित सहायक नगर नियोजक प्रारंभिक परीक्षा, नौ अप्रैल को प्रस्तावित अपर निजी सचिव परीक्षा और 24 अप्रैल को प्रस्तावित स्टाफ नर्स एलोपैथी पुरुष महिला परीक्षा को आयोग ने स्थगित किया है। कैलेंडर के अनुसार आरओ,एआरओ की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में पांच महीने का अंतर था। अभी निरस्त प्रारंभिक परीक्षा की नई तिथि जारी होनी है। ऐसे में स्पष्ट है कि 28 जुलाई को प्रस्तावित इसकी मुख्य परीक्षा की तारीख बदलेगी। सात जुलाई को प्रस्तावित पीसीएस-2024 मुख्य परीक्षा, 19 जून को प्रस्तावित सहायक नगर नियोजक मुख्य परीक्षा व नौ जून को प्रस्तावित स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक मुख्य परीक्षा की तारीख में बदलाव होना तय है। इन मुख्य परीक्षाओं की तारीख घोषित होने वाली प्रारंभिक तिथियों से दो या तीन महीने आगे जाएंगी।

### निरंतर सीखने से होती है कौशल में वृद्धि : बी. चन्द्रकला

**लखनऊ ।** सचिव पंचायती राज बी. चन्द्रकला ने आज पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान प्रिट के ऑडिटोरियम में 10 मण्डलों के जिला पंचायतों के अभियंता एवं अवर अभियंताओं का स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं परियोजना आगणन व एमबी विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया। इस अवसर पर सचिव पंचायती राज ने उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रिट द्वारा पहली बार आयोजित हो रहे इस प्रकार के प्रशिक्षण की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि निरंतर सीखने की प्रक्रिया से ही कौशल में वृद्धि होती है। चंद्रकला ने कहा कि जिला पंचायतों द्वारा टाइड ग्रांट से कौन-कौन सा कार्य किया जाए इसका निर्णय तथा फाइल वर्क ठीक प्रकार से करने से भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचा जा सकता है। इस प्रशिक्षण में प्रश्नोत्तरी को रखने का सुझाव भी उन्होंने दिया।मिशन निदेशक ने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण ने उपस्थित प्रतिभागियों से इस प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ प्राप्त करने का सुझाव दिया। संयुक्त निदेशक, प्रिट ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को टाइड ग्रांट से सम्बन्धित व्यय के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की।

# अपोलोमेडिक्स में आयोजित हुआ पहल कार्यक्रम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने पहल नामक एक विशेष कार्यक्रम का सफल आयोजन किया, जो पूरी तरह से महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित रहा। इस कार्यक्रम में स्त्री रोग, त्वचा देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक व्यायाम और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी दी।

पहल कार्यक्रम 2022 में शुरू किए गए पहल - ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता अभियान का विस्तारित रूप है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान देना है। कार्यक्रम की शुरुआत मेहमानों के स्वागत और परिचय के साथ हुई। प्रीति पांडे ने स्वस्थ भोजन के बारे में जानकारी देते हुए एक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। इसके बाद, डॉ. एकता शर्मा ने महिला स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की और दर्शकों के सवालों के जवाब दिए। प्रीति पांडे ने स्वस्थ भोजन से जुड़े मिथकों और तथ्यों पर भी प्रकाश डाला। डॉ. प्रगति गोगिया जैन ने महिलाओं के लिए त्वचा देखभाल के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी साझा की।

डॉ. सत्य श्रीराम ने ऑनलाइन माध्यम से महिलाओं और रोगों से बचाव के तरीकों पर जानकारी दी। अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सीईओ व एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, हम पहल कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सही जानकारी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें गर्व है कि हम विशेषज्ञों की मदद से महिलाओं को स्वस्थ रहने के विभिन्न तरीकों के बारे में जानकारी दे रहे हैं और उनके जीवन को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। डॉ. साहना नागराज ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव से निपटने के तरीकों पर चर्चा की। फिजियोथेरेपिस्ट टीम ने महिलाओं के लिए उपयुक्त व्यायाम और कार्यस्थल पर बैठने की सही मुद्रा के बारे में जानकारी दी।

### अहिल्याबाई होल्कर के शासन में सुखी थी जनता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निर्बल विकास जनकल्याण सेवा संस्थान के तत्वावधान में वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाई गई। संस्थान के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। संगठनं मंत्री बबलू पाल के संयोजकत्व में विचार गोष्ठी का आयोजन शिविर कार्यालय अर्जुनगंज में किया गया। अध्यक्षता महासचिव रमेश सिंह रवि ने की। इस मौके पर रमेश सिंह रवि ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर शिवजी की अनन्य भक्त और न्याय, धर्म समर्पण की प्रतिमूति थी। रानी अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल में बहुत सामाजिक कार्य कराये। मंदिर, धर्मशाला का निर्माण कराया और वृक्षारोपण के साथ काफी दान पुण्य किया। मोहश्वर और इंदौर में मंदिर का निर्माण कराया। अपने राज्य को आक्रमणकारियों से बचने के लिए स्वयं युद्ध के मैदान में उतर जाती थी। उनके शासन में जनता सुखी और समृद्ध थी।

# उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने 900वें बैंकिंग आउटलेट का किया भव्य उद्घाटन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने खुंटी, रांची, झारखंड में बैंक के 900वें आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा की। यह मील का पत्थर व्यापक विस्तार का हिस्सा है, जिसमें आज बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में 7 नए आउटलेट खोले गए हैं। इसके साथ ही, अब बैंक झारखंड में 81 बैंकिंग आउटलेट्स और पूरे देश में कुल 903 आउटलेट्स का संचालन करता है।

अब खुंटी, रांची के ग्राहक बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। इनमें बचत खाता, चालू खाता, फिक्स्ड डिपॉजिट, रिकरिंग डिपॉजिट और विभिन्न ऋण उत्पाद जैसे आवास ऋण, व्यवसाय ऋण, संपत्ति के खिलाफ ऋण, क्रेडिट, बीमा, और निवेश उत्पाद शामिल हैं। विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री गोविंद सिंह ने कहा, हमारे लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि हमने झारखंड के खुंटी, रांची में बैंक के 900वें बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन किया। झारखंड हमारे लिए एक महत्वपूर्ण राज्य है, और बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश में हमारे 7 नए बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन इन क्षेत्रों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। हमारे नए बैंकिंग आउटलेट्स न केवल स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देंगे बल्कि इन उद्यमियों और व्यक्तियों की वित्तीय स्थिरता को मजबूत करने के लिए आवश्यक संसाधन भी प्रदान करेंगे। ये बैंकिंग आउटलेट्स उन निम्न-आय व्यक्तियों या समूहों को व्यवसाय विकास सेवाओं के लिए माइक्रो-बैंकिंग ऋण प्रदान करेंगे जिनके पास वित्तीय सेवाओं तक सीमित पहुंच है। समूह उधार का जेएलजी मॉडल एक सह-गारंटी ऋण मॉडल शामिल करता है, जिससे व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से संपार्श्विक या सुरक्षा प्रदान किए बिना ऋण लेने में सक्षम बनाया जाता है, जबकि समूह के भीतर पारस्परिक समर्थन के माध्यम से ऋण अनुशासन को बढ़ावा दिया जाता है और उनके ऋणों की शीघ्र चुकौती की जाती है। ये ऋण आपके व्यवसाय का विस्तार करने के लिए आवश्यक पूंजी प्रदान करने का उद्देश्य रखते हैं।

**लोकसभा चुनाव**

## प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों ने पकड़ी अवैध शराब, नकदी

# निर्वाचन आयोग के नियमों का सख्ती से हो रहा पालन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।



आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 30 मई तक 51312.50 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9154.79 लाख रुपये नकद, 5716.93 लाख की शराब, 24056.58 लाख की ड्रग, 2853.72 लाख की बहुमूल्य धातुएं, 6658.70 लाख के मुफ्त उपहार एवं 2871.77 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 30 मई को 636.39 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 4.67 लाख रुपये नकद, 24.24 लाख रुपये कीमत की 9337.79 लीटर शराब, 8.31 लाख की 5954.25 ग्राम ड्रग, 551.34 लाख के 773043. 98 मुफ्त उपहार एवं 47.83 लाख की 98639 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

### हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री, 154 एफआईआर

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,88,21,236 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 1,16,06,364 तथा निजी स्थानों से 72,14,872 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 13,37,280, पोस्टर के 52,10,192, बैनर के 32,19,437 एवं अन्य 18,39,455 मामलों में कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 10,43,065, पोस्टर के 33,46,931, बैनर के 18,37,737 एवं अन्य 9,87,139 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1282 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 154 एफआईआर दर्ज, 09 एनसीआर सहित कुल 163 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जाँच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 30 मई तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4768 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 28,38,170 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये हैं।

# दिनदहाड़े हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार



गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

▸ पैसों के लेनदेन में गई सूरज गुप्ता की जान

पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना को0 नगर व एसओजी/ सर्विलांस/साइबर की संयुक्त टीम द्वारा थाना स्थानीय में पंजीकृत मु0अ0सं0-376/24, धारा 302,201 भादवि से सम्बन्धित 02 आरोपी अभियुक्तों- 01.रामनेवटिया पुत्र मदन गोपाल नि0 रानीबाजार थाना को0 नगर जनपद गोण्डा 02. शिवा कनौजिया पुत्र रामपदारथ नि0 गुडलक स्कूल वाली गली मोहल्ला बड़गांव थाना को0 नगर जनपद गोण्डा को डीजल लोकोसेड के बगल तिराहे के पास से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 01 अदद स्विफ्ट डिजायर कार व 01 अदद बिजली का तार बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण**

दिनांक 28.05.2024 को करीब सुबह 8 :00 बजे लालपुर चन्द्रभान गांव के ग्राम प्रधान द्वारा थाना को0 नगर पुलिस को सूचना दी गयी कि गांव के बाहर सम्मय माता मंदिर जाने वाली सड़क के किनारे एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ है सूचना पर तत्काल थाना स्थानीय पुलिस एवं उच्चाधिकारीगणों द्वारा मौके पर पहुँचकर जांच की गयी, तो जांच में पाया गया कि मृतक के आंख व सिर पर चोट के निशान है। फील्ड यूनिट/डॉग स्क्वायड को घटना स्थल पर बुलाकर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी थी। मृतक की शिनाख्त सूरज गुप्ता पुत्र धर्मप्रकाश गुप्ता नि0 रानीबाजार थाना को0 नगर जनपद गोण्डा के रूप में हुई थी। शव के पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया था। मृतक के पिता धर्मप्रकाश गुप्ता पुत्र रामसागर गुप्ता नि0 रानीबाजार थाना को0 नगर जनपद गोण्डा की तहरीर पर थाना को0 नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ था। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना के जल्द से जल्द अनावरण हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन कर प्र0नि0 को0 नगर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे तथा प्रभारी एस0ओ0जी0/सर्विलांस/साइबर को भी घटना के अनावरण हेतु लगाया गया था। आज दिनांक 31.05.2024 को थाना को0 नगर व एस0ओ0जी0/सर्विलांस/साइबर की संयुक्त टीम द्वारा विवेचना के दौरान प्राप्त साक्ष्य संकलन व इलेक्ट्रानिक/मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर घटना कारित करने के 02 आरोपी अभियुक्तों-01. रामनेवटिया पुत्र मदन गोपाल, 02. शिवा पुत्र रामपदारथ को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**पूछताछ का विवरण**

अभियुक्तों से हुई पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक व अभियुक्त राम नेवटिया के बीच पैसे का लेन देन था। मृतक अक्सर राम नेवटिया से अपने पैसे की डिमांड किया करता था। इसी बात के चलते अभियुक्त रामनेवटिया मृतक से क्षुब्ध था इस लिए रामनेवटिया ने अपनी दुकान में काम करने वाले शिवा के साथ मिलकर मृतक सूरज गुप्ता को मारने की योजना बनायी । दिनांक 27.05.2024 की रात्रि करीब 20:00 बजे अभियुक्तों द्वारा सूरज गुप्ता को कार में बैठाकर शराब पिलायी और लखनऊ-गोण्डा मार्ग पर गोल्डन फेयरी के पास एक सुनसान जगह में गाड़ी रोककर गाड़ी में अभियुक्त रामनेवटिया द्वारा सूरज का नाक मुंह दबाया गया और शिवा द्वारा गाड़ी की पिछली सीट पर बैठकर पीछे से सूरज के गले में रुमाल से वायर लपेटकर गला कस दिया गया। जिससे सूरज की मृत्यु हो गयी। इसके उपरान्त अभियुक्तगण मृतक की लाश को ठिकाने लगाने हेतु बालपुर की तरफ गए किन्तु सुनसान/उपयुक्त जगह न मिलने के कारण वापस स्क्क्रूकालेज की तरफ आये और फैमिली रेस्टोरेन्ट के नजदीक सर्विस रोड पर करीब 200 मीटर अन्दर जाकर सुनसान जगह पर शव को फेंक कर चले गए।

# अस्पताल प्रशासन ने किया परिजनों से हाथापाई

▸ मृतक के भाई ने रात में ही दे दिया तहरीर पुलिस जता रही है अनभिज्ञता





गोंडा, समृद्धि न्यूज।

गोंडा शहर के एक निजी अस्पताल में गुरुवार शाम को मरीज की मौत के बाद तीमारदारों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा परिजनों का आरोप है कि मरीज को भर्ती करने के बाद कोई सीनियर डॉक्टर देखने नहीं आया है शाम को युवक की मौत होने के बाद जब घर वालों ने डॉक्टर से मिलना चाहा तो स्टाफ ने अभद्रता करते हुए मारपीट की यह कोई पहली बार की घटना नहीं है गोंडा जनपद में बीचों-बीच शहर में एसपीएम हॉस्पिटल के नाम से चल रहा है जो नाम का तो हॉस्पिटल है लेकिन वहां पहुंचने के बाद लोगों को अपनी जमीन बेच करके भी वहां की कीमत चुकानी पड़ती है और मरीज भी जिंदा वापस नहीं आता है यह कोई पहला मामला नहीं है महीने में दो-चार मामले ऐसे हुआ करते हैं लेकिन एसपीएम हॉस्पिटल के प्रबंधक डॉक्टर ओ एन पांडे पहुंच वाले हैं उनकी मर्जी से सब कुछ होता है इसलिए कोई भी कार्रवाई करने से कतराता है एसपीएम हॉस्पिटल में वहां डॉक्टर द्वारा गुंडा पाल रखा गया है जो आए दिन मारपीट किया करते हैं यह बात मृतक के भाई लालजी दुबे ने बताया है हॉस्पिटल में हंगामा की सूचना पाकर नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह सीओ सिटी विनय कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को शांत कराया जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के भभुआ चौकी इलाके के रहने वाले ओमप्रकाश दुबे 35 वर्ष उल्टी दस्त की शिकायत थी बुधवार को स्थानीय चिकित्सकों को दिखाने के बाद जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन बुधवार आधी रात के समय उसे लेकर शहर के हॉस्पिटल पहुंचे यहां डॉक्टर ने भरती करके उपचार शुरू कर दिया मृतक मरीज के छोटे भाई लालजी दुबे ने बताया कि रात में 1:00 बजे उसे भर्ती कराया था उसे वेंटिलेटर पर रखकर इलाज शुरू किया गया लेकिन कोई सीनियर डॉक्टर देखने नहीं आया सही तरीके से इलाज ना हो पाने के कारण मेरे भाई की मौत हो गई है वही ओमप्रकाश की मां गीता देवी ने आरोप लगाया कि मरीज की हालत गंभीर देखकर जब डॉक्टर मोहन पांडे से मिलने के लिए जा रही थी तभी गेट पर खड़े लोगों ने हाथापाई और राड से हमला बोल दिया जब शोर होने पर मेरे घर की बहू बेटियां दौड़कर आई तो उनके साथ बदनियत से बदतमीजी करने का भी प्रयास किया गया वही इस संबंध में एडिशनल एसपी मनोज कुमार ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने के आधार पर कार्रवाई की जाएगी उधर कल रात से ही सोशल मीडिया पर तहरीर की कॉपी वायरल हो रही है इसके बारे में जब पूछा गया तो नगर कोतवाल ने तहरीर बदलने की बात कहा इसलिए अभी मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है तो वही एडिशनल एसपी मनोज कुमार ने एक वीडियो जारी करके सनसनी फैला दी है उधर सोशल मीडिया पर तहरीर वायरल हो रही है तो वही एडिशनल एसपी का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है अब कहां तक सही और गलत है इसके बारे में कुछ बताया नहीं जा सकता है जबकि भाई लालजी दुबे ने बताया कि हमने तहरीर रात में ही दे दिया है पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है जो अपने आप में एक संदेह पैदा कर रहा है ।

# थाना मोतीगंज अंतर्गत बढ़ रहे अपराध पर पुलिस अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

▸ थानेदारी करने में असफल साबित हो रही है थाना अध्यक्ष मोतीगंज, दबंगों ने एक व्यक्ति को घर में घुसकर पीटा

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

मोतीगंज, गोण्डा। गन्ने की सिंचाई कर रहे व्यक्ति को कुछ लोगों ने भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए दौड़ा लिया और आरोप है कि घर में घुसकर उसे बुरी तरह मारा-पीटा। शोर सुनकर गांव के तमाम लोग पहुंच गए और बीच-बचाव कराए। पीड़ित द्वारा आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी गई लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है और फिर पीड़ित को धमकी दे रहे हैं।

मामला मोतीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेहड़वा मौजा गड़वलिया का है। उक्त गांव निवासी रामविलास पुत्र रघुराज ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा गया है कि 28 मई को दिन में करीब 3 बजे वह अपने खेत में गन्ने की फसल की सिंचाई कर रहा था। इसी बीच उसके गांव के ही विजयभान व राजेश पहुंचे और मां-बहन की भद्दी-भद्दी गालियां देने लगे। आरोप है कि उसने जब विरोध किया तो विपक्षी उसे लाठी-डंडे से मारने-पीटने लगे। अपनी जान बचाने के लिए वह घर के अंदर भागा तो आरोपी भी उसके घर में घुस गए और लात-मूका, थप्पड़ से मारा-पीटा। उसके हल्ला-गुहार मचाने पर गांव के तमाम लोग पहुंच गए और बीच-बचाव कराए तब उसकी जान बची। पीड़ित रामविलास का कहना है कि उसने घटना के दिन ही मोतीगंज थाने पर तहरीर दी, लेकिन पुलिस द्वारा न तो उसका मेडिकल कराया गया और न ही अन्य कोई विधिक कार्रवाई की गयी। पीड़ित ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विपक्षी उसे धमकी दे रहे हैं कि अगर कहीं शिकायत करोगे तो जान से मार देंगे। इससे वह डरा-सहमा हुआ है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से दबंगों के विरूद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट रूपईडीहा से निकलेंगे वाहन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** भारत नेपाल सीमा पर वाहनों के आवागमन में आ रही समस्या के समाधान के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा अश्वनी कुमार पाण्डेय व पुलिस क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में रूपईडीहा थाना में बैठक सम्पन्न हुई। सेवानिवृत्त डीआईजी/प्रबन्धक लैण्ड पोर्ट अथारिटी ऑफ इण्डिया इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट रूपईडीहा बी.एस. सिसोदिया, उप कमाण्डेन्ट 42 बटालियन एसएसबी अनिल कुमार यादव, इमीग्रेशन ब्यूरो के प्रतिनिधि राम अवध सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। भारत नेपाल मैत्री बस सेवा के आवागमन के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि उच्च स्तर से अग्रिम निर्देश प्राप्त होने तक वाहन आईसीपी चेक पोस्ट से होकर निकलेगी इसके अतिरिक्त मेडिकल इमरजेंसी वाहन भी इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट से निकलेंगे। बैठक में स्थानीय व्यापार मंडल के महामंत्री द्वारा व्यापारियों के सम्बन्ध में कोई समस्या नहीं बताई गई।

# हमारा उद्देश्य उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना : डॉ. उषा

▸ लघु उद्योग भारती की मासिक बैठक सम्पन्न

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।



लघु उद्योग भारती गोण्डा ईकाई की मई माह की मासिक बैठक भरत मिलाप चौराहा स्थित कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए लघु उद्योग भारती के प्रांत महामंत्री राम प्रकाश गुप्त ने कहा कि सन 1994 में स्थापित लघु उद्योग भारती सूक्ष्म व लघु उद्योगों के हितार्थ कार्यरत अखिल भारतीय स्तर का एकमात्र राष्ट्रव्यापी संगठन है। भारत के सभी राज्यों में लघु उद्योग भारती की इकाइयां कार्यरत हैं । लघु उद्योग क्षेत्र में व्याप्त विविध समस्याओं का स्थानीय औद्योगिक संगठनों के साथ तालमेल बिठाकर जिला राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर निराकरण लघु उद्योग भारती द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

बैठक को संबोधित करते हुए देवीपाटन मंडल की अध्यक्ष डॉक्टर उषा अग्रवाल जी ने बताया कि हमारा उद्देश्य उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करना और परिवार के रूप में उद्योग का संचालन करना , जिससे मालिक कार्यकर्ता ग्राहक और आपूर्तिकर्ता परिवार के सदस्यों के रूप में हों।

बैठक के संचालक और आयोजक लघु उद्योग भारती के जिला महामंत्री शिवकुमार सोनी ने मासिक बैठक में गोण्डा जनपद में इंडस्ट्रियल एरिया की स्थापना हेतु प्रयास करने, उद्यमी समस्या व समाधान पर चर्चा तथा प्रयास सरकारी नीतियों पर चर्चा संगठन का विस्तार सदस्यता एवं अन्य सेवा कार्य को बढ़ावा देने हेतु सामूहिक प्रयास तेज करने पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बैठक में प्रेम कृष्ण,अमित सोनी, डॉक्टर पी के अग्रवाल, योगेंद्र अग्रवाल, गोपाल मित्तल, रमेश कुमार सोनी,नान बाबू सोनी मनीष कुमार ,सीमा सोनी सुरेश कुमार उद्यमी सम्मिलित हुए।

# सचिव व ग्राम प्रधान ने बनाया मनरेगा का मजाक, ट्रैक्टर से खुदवाया तालाब

▸ बीडीओ ने सचिव से तलब किया स्पष्टीकरण

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।





एक तरफ सरकार गांव में होने वाले विकास कार्य में ग्रामीणों को मनरेगा के तहत कार्य करा कर रोजगार के साधन उपलब्ध करा रही। वहीं दूसरी तरफ ग्राम प्रधान मनमानी कर मनरेगा के तहत होने वाले कामों को मशीनों से करवा कर मजदूरों का हक मार रहे हैं। इतना ही नहीं विभाग के जिम्मेदार अधिकारी भी संबंधित कार्य का आदेश जारी करने के बाद यह देखने तक नहीं जाते की काम मजदूरों से कराया जा रहा है या मशीनों से। ताजा मामला विकास खंड क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत लखन गोंडा का है, जहां प्रधान संजय कुमार के द्वारा तालाब में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत मिट्टी निकालने का काम करवाया जा रहा है। नियम विरुद्ध ट्रेक्टर से खुदाई करवाकर मिट्टी को लेबलर से किनारे किया गया। उपरोक्त कार्य में ग्राम सचिव सुशील कुमार व रोजगार सेवक सरिता देवी का भी बराबर शेयर है। खंड विकास अधिकारी सर्वेश कुमार ने बताया कि मामले में कार्यवाही जारी सचिव से स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

# तीन नए आपराधिक कानून एक जुलाई से हो जायेंगे लागू, अपराधों पर बढ़ेगी सख्ती

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



▸ आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट की जगह लागू होंगे नए कानून

सीएमओ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणी ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे। सरकार ने 24 फरवरी 2024 को इससे जुड़ी अधिसूचना जारी की थी। इन नए कानूनों में इंडियन पीनल कोड (आईपीसी) की जगह भारतीय न्याय संहिता, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड (सीआरपीसी) की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होंगे। उन्होंने कहा ÷नए कानूनों का उद्देश्य अपराध पर अंकुश लगाना और न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है। हमें उम्मीद है कि इससे समाज में सुरक्षा और न्याय का माहौल और मजबूत होगा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक अभियोजन राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में 20 नए अपराध जोड़े गए हैं, जिनमें मुख्यतः ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, हिट एंड रन, और मॉब लिंचिंग शामिल हैं। इन अपराधों के लिए सजा का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, 33 अपराधों में कारावास की सजा बढ़ा दी गई है और 83 अपराधों में जुर्माने की राशि भी बढ़ा दी गई है, जिससे अपराध पर अंकुश लग सके। उन्होंने बताया कि नए कानूनों के लागू होने से न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी होगी और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई संभव होगी।

**नए कानूनों में प्रमुख बदलाव**

-हत्याः- IPC की धारा 302 अब धारा 101 कहलाएगी।
-ठगीः- IPC की धारा 420 अब धारा 316 कहलाएगी।
-हत्याः- का प्रयासः IPC की धारा 307 अब धारा 109 कहलाएगी।
-दुष्कर्मः- IPC की धारा 376 अब धारा 63 कहलाएगी।

## खबरें एक नजर में

**बेटे ने की फरियाद कहा मेरी मां का पोस्टमार्टम करवा दो साहब**

**नवाबगंज/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** साहब, मौत का सही कारण पता चल सके इसलिए मेरी सत्तर वर्षीय बुजुर्ग मॉ का पोस्टमार्टम करवा दीजिये। जी हा आप सही पढ रहे हैं। नवाबगंज के मोहल्ला संचरही के एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर इस तरह से फरियाद की है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। बृहस्पतिवार देर शाम शव का अंतिम संस्कार दर्जनो रिश्तेदारो की मौजूदगी मे कर दिया गया। युवक का पुलिस को तहरीर देकर मॉ का पोस्टमार्टम कराना क्षेत्र मे चर्चा का विषय बन गया। तब लोक भारती संवाददाता ने मामले की पड़ताल की। युवक मोहम्मद इसरार ने एक हफ्ते के अन्दर पुलिस को दो तहरीर दी। 25/05/2024 को दी गई तहरीर मे युवक ने पड़ोस के दो लोगो पर बच्चो के विवाद मे माता सबरून निशा को धक्का मुक्की और डण्डे से मारने का आरोप लगाया। वहीं 30/05/2024 को दी गई तहरीर मे बताया कि 23/05/2024 को मेरी मॉ बच्चो के विवाद मे धक्का लगने से गिर गई थी। जिससे उन्के कूलहे मे चोट आई गई थी जिसका जनपद बस्ती के ओम हास्पिटल मे इलाज चल रहा था। 30 मई को उनकी उसी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक मुस्लिम बिरादरी से आता है। इस्लाम मे पोस्टमार्टम का कोई स्थान नही है। बल्कि मुर्दे के साथ अदब मे रहकर निर्मल सुलूक किया जाता है। स्थानीय लोगों की चर्चा के अनुसार सभी धर्म के हर एक शख्स को मौत का मजा चखना है। मौत आती है तो बहाना तलाश लेती है। युवक और पड़ोसी के घर से बकरी और बच्चों को लेकर हफ्ते भर पूर्व विवाद हुआ था। साथ ही साथ युवक और विपक्षी युवकों के मध्य पैसे का लेनदेन का विवाद भी काफी सुर्खियों में रहा। पैसा वापस न करना पड़े इसलिए युवक अपनी बुजुर्ग मां का पोस्टमार्टम करा कर विपक्षियों को फसाने की कहीं साजिश तो नही रच रहा हैं?

**मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतगणना कार्य को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से नियुक्त किये गये मतगणना पर्यवेक्षक, माइक्रो आब्ज़र्वर व मतगणना सहायक का प्रथम प्रशिक्षण स्व. ठाकुर हुकुम सिंह किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि गणना का कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी कार्मिक पूरी शालीनता, धैर्य एवं संयम का परिचय देते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार गणना का कार्य सम्पन्न करायेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कोई भी मतगणना कार्मिक मतगणना पण्डाल के अन्दर मोबाइल लेकर नहीं जायेगा। सभी कार्मिक अनुशासन में रहते हुए कोई ऐसा कार्य नहीं करेंगे जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को उनकी गतिविधियों के बारे में शंका पैदा हो। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी होने के नाते उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी कार्मिक मतगणना कार्य को भी उसी खूबी के साथ पूरा करेंगे जिस प्रकार से उन्होंने मतदान के कार्य को सम्पादित कराया है। डीएम मोनिका रानी ने सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए पूरी सावधानी के साथ रिजल्ट शीट की प्रतियों को भरने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस प्रकार से कार्य करेंगे जिससे पोलिंग एजेन्ट भी आपकी कार्यवाही से संतुष्ट हों।

# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से दो घायल

▸ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल किया रेफर
▸ टक्कर मारकर ट्रक हुआ फरार

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।



विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बहराइच-गोंडा मार्ग पर पुरैना मोड़ के पास मोटरसाइकिल सवार को बहराइच की तरफ से आ रहा ट्रक यूपी 70 एलटी 2480 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार युवक घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी विशेश्वरगंज ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने घायल की गम्भीरता को देखते हुए जिला अस्पताल बहराइच रेफर कर दिया। घायल राजेश तिवारी पुत्र दद्दन उम्र लगभग 35 वर्ष व उत्कर्ष मिश्रा पुत्र दुर्गा प्रसाद उम्र लगभग 14 वर्ष थाना विशेश्वरगंज अपने घर से रेलवे स्टेशन किसी को लेने जा रहे थे । पुरैना मोड़ पर बहराइच-गोंडा राजमार्ग पर बहराइच की तरफ से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने जोरदार टक्कर मारकर कर फरार हो गया । दोनों युवक गोंडा की तरफ से आ रही टैंकर से जाकर भिड़ गए । घायल युवक को स्थानीय लोगो व पुलिस की मदद से जरिए एम्बुलेंस सीएचसी विशेश्वरगंज लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद राजेश को जिला चिकित्सालय बहराइच के लिए रेफर कर दिया दिया है।

## जोन प्रतियोगिता के लिए 17 खिलाड़ी चयनित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** डिस्ट्रीक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान ने बताया कि चयन प्रक्रिया में जोन टीम के लिए 17 खिलाड़ियों का चयन किया गया है । जबकि 5 खिलड़ियों को स्टैंडबाई में रखा गया है। ट्रायल में खिलाड़ीयो की प्रतिभा का प्रदर्शन देखकर यह चयन किया गया। इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को चयनकर्ता द्वारा बारीकी से समझ कर बेहतर प्रदर्शन करने वाले शिविर में अनुशासन से लेकर उनके खेलने की क्षमता, संयम सहित अन्य सभी जरूरी मापदंडों की परख करने के बाद खिलड़ियों का चयन चयनकर्ता द्वारा किया गया। ट्रायल में यूपीसीए की तरफ से ऑब्जर्वर के रूप में रंजीत यादव, स्कोरर रितेश घोष व अंपायर की भूमिका में सतेंद्र सिंह व अभय भानु मौजूद रहे। इस दौरान डीसीए लखीमपुर के सचिव अभिषेक शुक्ला, डीसीए बहराइच के अध्यक्ष अमित ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेख जहीरुद्दीन, सहित सैकड़ों खिलाड़ी व अभिभावक मौजूद रहे।

# युवती-किशोर की सरयू नदी में डूबकर मौत

▸ परिजनों में कोहराम
▸ मिट्टी निकालते समय पैर फिसलने से हुआ हादसा, पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जिले के राजापुर कला गांव निवासी युवती और एक किशोर सरयू नदी में मिट्टी निकालने के लिए शुक्रवार सुबह गए। मिट्टी निकालते समय पैर फिसलने से दोनों नदी में गिर गए। दोनों की डूबकर मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजपुर कला के मजरा दर्जिनपुरवा गांव निवासी सफीक अहमद (15) पुत्र राजू अपने पड़ोसी मुस्कान (18) पुत्री मोहर्रम अली के साथ मिट्टी निकालने के लिए सर्रा मुंदरी गांव के निकट स्थित सरयू नदी के तट पर शुक्रवार सुबह नौ बजे गए। दोनों नदी के तट पर मिट्टी निकाल रहे थे। इसी दौरान पैर फिसलने से सफीक पानी में डूबने लगा। उसे बचाने के लिए दौड़ी मुस्कान भी नदी के पानी में डूब गई। सूचना तहसील को दी गई। तहसीलदार अंबिका चौधरी, राजस्व निरीक्षक केके श्रीवास्तव और लेखपाल विजय कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे। ग्रामीणों ने खोजबीन कर दोनों के शव बरामद कर लिए। दोपहर में दोनों का शव बरामद हो गया। जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहसीलदार ने बताया कि आपदा राहत कोष से मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता राशि दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

**पुताई के लिए लाने गए थे मिट्टी**

नदी में डूबने वाली मुस्कान के पिता मोहर्रम अली ने बताया कि मिट्टी के घर की पुताई के लिए सभी बेटी चिकनी मिट्टी लाने गई थी। साथ में पड़ोसी सफीक भी गया था। लेकिन दोनों की पानी में डूबकर मौत हो गई।

# रोडवेज बस से युवक को उतारकर बेरहमी से पीटा

▸ जरवल निवासी युवती ने फोन कर लोगों को बुलाया, फब्तियों के चलते हुई पिटाई
▸ पुलिस ने छेड़छाड़ का दर्ज किया केस

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ से रूपईडीहा जा रही बस में युवती के साथ अभद्रता करना युवक को भारी पड़ गया। युवती के फोन पर पहुंचे लोगों ने बस से नीचे उतारकर युवक की पुलिस के सामने पिटाई की। अब युवती की तहरीर पर पुलिस ने छेड़छाड़ और धमकी देने का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि युवक को पीटने वाले लोगों पर कोई कार्यवाई नहीं हुई है। परिवहन विभाग की रोडवेज बस संख्या यूपी 33 टी 8633 गुरुवार को लखनऊ से रूपईडीहा के लिए रवाना हुई। गुरुवार शाम को लखनऊ रोडवेज बस अड्डे से यात्री बस में सवार हुए। बस में चार युवक बैठे थे, जिन्होंने जरवल निवासी एक युवती से फब्तियां कसी। युवती ने घर पर फोन कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद दो दर्जन से अधिक लोग जरवल बस अड्डे पर पहुंच गए। रात आठ बजे बस जैसे ही जरवल पहुंची। पहले से मौजूद दो दर्जन से अधिक लोगों ने बस में घुसकर युवक की पिटाई की। इसके बाद युवक को बस से नीचे उतार दिया। चौकी के सामने भीड़ युवक की पिटाई करती रही। जरवल पुलिस चौकी के सिपाही मूक दर्शक बने रहे। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों को सामने बैठाया। इसके बाद थाने में युवती की तहरीर पर रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जिगनिया छत्रपाल सिंह गांव निवासी कंधई लाल पुत्र जय राम के विरुद्ध छेड़छाड़ करने, धमकी देने और मारपीट करने का केस दर्ज किया है। जबकि युवक को बेरहमी से पीटने वाले लोगों पर कोई कारवाई नहीं हुई है। मालूम हो कि पहले जरवल चौकी इंचार्ज राघवेंद्र प्रताप सिंह ने मामले में अनभिज्ञता जताई थी। लेकिन अब पुलिस ने ही एकतरफा कार्रवाई कर दी है।

# बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाने की थीम पर मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस**

▸ गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना और आने वाली पीढ़ी की रक्षा करना है।

सीएमओ सभागार में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव विराट शिरोमणी ने कोटपा अधिनियम 2003 की जानकारी दी और और उपस्थित लोगों को तंबाकू सेवन न करने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर डिप्टी सीएमओ डॉ. पी.के. बांदिल, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ. विजित जायसवाल, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, डॉ. रियाजुल हक, पुनीत शर्मा, संतोष सिंह, बृज प्रकाश, मेन्टल हेल्थ टीम, मो. हारून, फहीम अहमद आदि उपस्थित थे।

**तंबाकू का सेवन टीबी मरीजों के लिए घातक**

प्रभारी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि तंबाकू का सेवन टीबी मरीजों के लिए विशेष रूप से घातक है। तंबाकू सेवन करने वाले टीबी मरीजों की मृत्यु दर सामान्य टीबी मरीजों की तुलना में 2-3 गुना अधिक होती है।

**खतरनाक है तम्बाकू सेवन**

गैर संचारी रोग क्लिनिक के इंचार्ज डॉ. परितोष तिवारी ने बताया कि तंबाकू सेवन से रक्तचाप, अनिद्रा, कैंसर और मुख के कैंसर की समस्या अधिक उत्पन्न हो रही है। तंबाकू का सेवन करने वालों के बच्चों में श्वसन संबंधी समस्याएं और अस्थमा का खतरा बढ़ जाता है। इसके आलावा लगातार तम्बाकू सेवन से पुरुषों में नपुंसकता और महिलाओं में बांझपन की समस्या हो सकती है।

**सरकारी जागरूकता अभियान**

एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संजय सोलंकी ने बताया कि सरकार तंबाकू सेवन को कम करने और लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए कई जागरूकता अभियान चला रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मुफ्त परामर्श सेवाएं और टोल फ्री नंबर 1800112356 जारी किया है।

**तंबाकू नियंत्रण अधिनियम**

जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत तंबाकू सेवन को रोकने के लिए सख्त कानून और नीतियां लागू की गई हैं। तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाना, तंबाकू विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाना और सार्वजनिक स्थानों पर तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध शामिल हैं।

**तंबाकू छोड़ने के लाभ**

24 घंटे के भीतर रक्तचाप और हृदय गति सामान्य हो जाती है।, 1-2 सप्ताह में रक्त परिसंचरण में सुधार होता है और फेफड़े की कार्यक्षमता बढ़ती है।, 1 साल के भीतर हृदय रोग का खतरा लगभग आधा हो जाता है।, 5 साल के भीतर स्ट्रोक का खतरा सामान्य व्यक्ति के समान हो जाता है।, 10 साल के भीतर फेफड़े के कैंसर का खतरा आधा हो जाता है। डीपीएम सरजू खान ने कहा कि तंबाकू छोड़ना कठिन हो सकता है, लेकिन यह असंभव नहीं है। तंबाकू छोड़ने से तुरंत स्वास्थ्य में सुधार दिखाई देता है और दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जागरुकता शिविर आयोजित



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देश में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर विशेष विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन जिला कारागार, रायबरेली में किया गया।

अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा बताया गया कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य तम्बाकू के खतरे के बारे में जागरुकता फैलाना है इस वर्ष विश्व तम्बाकू दिवस की थीम काफी खास है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस 2024 की थीम है Protecting Children From Tobacco Industry Interference मतलब बच्चों को तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है।

साल 2023 में विश्व तंबाकू निषेध दिवस की थीम थी नीड फूड-नॉट टोबैको थी। अपर जिला जज/सचिव द्वारा उपस्थित बन्दियों को इसका सेवन न करने की सलाह दी गयी। शिविर में जेल चिकित्सक डा0 सुनील अग्रवाल के द्वारा मानक शरीर पर तम्बाकू के कुप्रभाव एवं चिकित्सीय पहलुओं पर विशेष तथ्यों से अवगत कराया गया। उक्त शिविर में ही जेल चिकित्सक से तम्बाकू निषेध के सम्बन्ध में चर्चा की गयी जिसमें अहम बिन्दु जिला कारागार में ही भविष्य में तम्बाकू निषेध जोन बनाने पर भी चर्चा की गयी।

चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह के द्वारा बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता के सम्बन्ध में बन्दियों को विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। उक्त शिविर में जेलर हिमांशु रौतेला, चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल राजकुमार सिंह, व स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

शिविर के पूर्व जिला कारागार द्वारा कारागार में निरुद्ध के पूर्व जिन बन्दियों को तम्बाकू, गुटखा का सेवन करने की आदत थी उन बन्दियों को काउन्सिल तथा चिकित्सीय उपचार के द्वारा तम्बाकू और गुटखा छोड़वाने के लिए प्रयास किये गये। इस अवसर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य द्वारा उपस्थित बन्दियों को तम्बाकू सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गयी।

## एम्स प्रशासन कर रहा लोगों को जागरूक

### नई पीढ़ी को तंबाकू और बीड़ी के सेवन से है बचाना : डॉक्टर सुयश



रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर है एम्स प्रशासन के द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया और उसमें लोगों को तंबाकू और बीड़ी के सेवन से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया यही नहीं अपर चिकित्सा अधीक्षक एम्स डॉक्टर सुयश सिंह ने बताया कि तंबाकू का सेवन सीधे तौर पर कई बीमारियों विशेष रूप से फेफड़ों के कैंसर जो कैंसर संबंधित बीमारियों का प्रमुख कारण है इसके अतिरिक्त तंबाकू धूम्रपान और मुंह गला ग्रासनली अग्नाशय और मूत्राशय के कैंसर के होने की संभावना को बढ़ा देता है कैंसर के अलावा तंबाकू का उपयोग हृदय संबंधी बीमारियों जैसे उच्च रक्तचाप के साथ कई गंभीर बीमारियों का जन्म देता है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष में एम्स रायबरेली में इलाज हेतु आने वाले लोगों एवं तीमारदारों से लगभग 460 किलोग्राम गुटखा तंबाकू जैसे पदार्थ बरामद किए गए एम्स रायबरेली की डॉक्टर श्रुति ने बताया कि नशा मुक्ति के लिए एम्स रायबरेली एक नोडल केंद्र है और रोजाना बहुत से लोगों को नशे की लत से दूर करने में मदद करता है डॉक्टर अरिजीत जो मुंह के कैंसर के सर्जन है ने कहा कि कैंसर के मरीजों की बढ़ती परेशानी से चिकित्सक परेशान है और समाज में से अनुरोध करते हैं कि जागरूक हो और तंबाकू से बचे।

## पूर्व कैबिनेट मंत्री के बेटे पर दर्ज हुआ मुकदमा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।

अवैध रूप से खनिज पदार्थों को जिले में बगैर रायल्टी जमा कराये वाहनों को जिले से पास करने में खनन अधिकारी ने पूर्व मंत्री सुरेंद्र विक्रम सिंह उर्फ पंजाबी सिंह के बेटे अभिषेक सिंह के खिलाफ बछरावां थाने में मुकदमा दर्ज कराया है और 22 वाहनों को सीज करने की कार्यवाही भी की है।

बछरावां थाने में जगह की कमी के चलते उनके द्वारा एक वाहन को थाने में और एक वाहन को चुरूवा चौकी में सीज करने की कार्यवाही की गई है जबकि चार वाहनों के मालिको ने तीन लाख जुर्माना जमा कराकर मुक्त कर लिया है।

वहीं अन्य वाहनों को सीज करने के बाद चालान के साथ मुचलके वाहन स्वामियों को सुपुर्द करके एक माह में जुर्माने की धनराशि 10 लाख 50000 रुपए जमा करने के लिए समय देकर छोड़ दिया है। पूर्व मंत्री का पुत्र बछरावां थाना क्षेत्र के नंदाखेड़ा में पंजाबी ढाबा नाम का होटल चलाता हैं, होटल से ही वह ओवरलोड गाड़ियों को पास करने के खेल में लगे थे गुरुवार को खनन अधिकारी लखनऊ से विशेष दस्ते की टीम के साथ आये और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे।

इस दौरान ढाबे के पास खड़े एक दर्जन वाहनों के उनके द्वारा जांच के कागज मांगे गए। इस पर ढाबा संचालक अभिषेक सिंह ने 15 से 20 साथियों के साथ खनन अधिकारी की टीम के साथ अभद्रता शुरू कर दी और वाहनों को भगाने का कार्य शुरू कर दिया। उनके इस कृत्य के खिलाफ खनन अधिकारी ने बछरावा थाने में सरकारी कार्य में बाधा, दुर्व्यवहार को लेकर तहरीर दी, जिस पर बछरावां थाने में मुकदमा लिखा गया है।

## खबरें एक नजर में

### अनियंत्रित होकर बाइक सवार गिरा, घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुरूवा पश्चिमगांव बाईपास पर अमन कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र रामफली निवासी ग्राम हरदोई थाना बछरावां अपने घर हरदोई से स्थानीय थाना क्षेत्र के इशिया गांव जा रहा था, तभी उसकी बाइक बाईपास पर अनियंत्रित हो गई और वह गिर पड़ाद्य जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयाद्य सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयाद्य जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उसकी हालत को ठीक देखते हुए उसे घर भेज दिया।

### शैक्षणिक कार्य एक से 15 जून तक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने प्रबंधक/प्रधानाचार्य समग्र राज्यानुदानित/सिद्धांत प्राप्तकर्ता मदरसा, जनपद–रायबरेली से कहा है कि उपर्युक्त विषयक रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ के आदेशानुसार सम्पूर्ण उत्तर भारत में तापमान में वृद्धि एवं लू–प्रकोप (हीट वेव) की प्रबलता तथा मौसम विभाग द्वारा भी हीट वेव के सम्बन्ध में दी गयी चेतावनी के दृष्टिगत जनपद रायबरेली के समस्त अनुदानित/ मान्यता प्राप्त मदरसो के छात्रों का शैक्षणिक कार्य 01 जून 2024 से 15 जून 2024 तक प्रातः 06ः30 बजे से 10ः30 तक किया जायेगा तथा इस दौरान मध्यावकाश स्थगित रहेगा और मदरसे के शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रातः 11ः30 बजे तक मदरसे में उपस्थित रहेंगे।

### भाई ने बहन पर हमला कर किया घायल

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** धरवार गांव में घर में सो रही बहिन का भाई ने सिर फोड दिया जिससे वह घायल हो गयी। पुलिस ने पीडित बहिन की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कु. अंजली पुत्री हरी शंकर जो अपनी मॉ सोवरनश्री के साथ लेटी हुई थी तभी रात्रि 11 बजे उसका सगा भाई अंकित कुमार पुत्र हरीशंकर गाली गलौज करने लगा जब मॉ ने विरोध किया किया तो मॉ के साथ भी मारपीट करने लगा। अंकित कुमार ने जमीन पर पडी ईट को उठाया और अंजली के सिर में मार दी जिससे अंजली का सिर फूट गया। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग आ गये जिन्होने बचाया। अंकित कुमार जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। पीडित अंजली का पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराते हुये बुधवार देर शाम धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### मोटर साइकिल पर स्टंट करने वालों की अब खैर नहीं

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा स्प्लेण्डर मोटर साइकिल पर स्टंट करने वाले युवक के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये मोटर साइकिल का एमबीएक्ट की विभिन्न धाराओं में 6 हजार रूपये का चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में इटावा पुलिस द्वारा स्टंट करने वालों के विरूद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है इसी के क्रम में आज मोटर साइकिल पर युवक का स्टंट करते हुये रील बनाते हुये वीडियो प्राप्त हुआ जिसका तत्काल सोशल मीडिया सेल इटावा द्वारा संज्ञान लेते हुये प्रभारी यातायात इटावा को अवगत कराते हुये *मोटर साइकिल का एमबीएक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 6,000 रूपये का चालान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि मोटर साइकिल/कार चलाते समय स्टंट न करें तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा बच्चों को मोटर साइकिल/कार से स्टंट न करने दें। इस सफलता में उ.नि. यशोदा रानी, का. अभय शुक्ला, का. अमन चौधरी, का. शैलेन्द्र यादव, का. राहुल प्रजापति, का. नीरज पाल का सराहनीय योगदान रहा।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालक बरामद

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने बालक को सकुशल बरामद कर उसकी माता को सुपुर्द किया। प्रार्थिनी नीलू पत्नी महावीर सिंह निवासी लाहन जिला भिण्ड मध्यप्रदेश द्वारा एसएसपी कार्यालय पर उपस्थित होकर एसएसपी इटावा संजय कुमार वर्मा को सूचनी दी गयी कि वादिनी का बेटा हर्ष को उसका पति बिना बताये ग्वालियर ले गया है। सूचना पर तत्काल एसएसपी द्वारा घटना का स्वयं संज्ञान लेकर ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त बालक को उसकी माता नीलू उपरोक्त को सकुशल सुपुर्द किया गया। अपने बालक को सकुशल पाकर उसकी माता द्वारा इटावा पुलिस एवं एसएसपी इटावा की प्रशंसा की गयी।

### धर्मार्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन तीन जून को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जायण्ट्स परिवार द्वारा मां लक्ष्मी क्लीनिक भरथना चौराहा पर धर्मार्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन 3 जून को होगा। जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 5 की यूनिट 1 में सेवार्थ सन्कल्पित जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली द्वारा आगामी 3 जून दिन सोमवार को समाज के आखिरी व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने हेतु धर्मार्थ चिकित्सा शिविर का आयोजन मां लक्ष्मी क्लीनिक भरथना चोराहा पर प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। शिविर संयोजक डॉ शिव राज सिंह यादव सदस्य केन्द्रीय समिति जायण्ट्स वैलफेयर फाउंडेशन ने बताया कि शिविर में डेंगू , चिकुनगुनिया, टाईफाइड आदि समस्त प्रकार के बुखार, उदर रोग, हृदय रोग, गुप्त रोग, त्वचा रोग, जोड़ो के दर्द, डायबिटीज, पथरी , फेफड़े के रोग, मिर्गी, माइग्रेन, चक्कर आदि से पीड़ित रोगियों को निशुल्क परामर्श के साथ साथ यथा संभव औषधियां प्रदान की जायेगी। शिविर में पंजीकृत जन्मजात होंठ, तालु की विकृतियों की मुफ्त प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा मुहैया होगी। शिविर में पंजीकृत समस्त रोगियों को रक्त मल मूत्र बलगम आदि की समस्त प्रकार की जांच 30 प्रतिशत रियायत के साथ जनता पैथोलॉजी एण्ड अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर एवं ओम् पैथोलॉजी लेब द्वारा सुविधा उपलब्ध होगी। शिविर ब्यवस्थापक निवर्तमान फेडरेशन अध्यक्ष ऊषा यादव एवं जायण्ट्स ग्रुप आफ दतावली की अध्यक्ष संगीता तिवारी ने बताया कि रोगी रजिस्ट्रेशन सुबह 8 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। अतः रोगी जन समय से शिविर में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें।

## स्ट्रांग रूम में ड्यूटी करते समय दरोगा की मौत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



भीषण गर्मी के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में तैनात दरोगा की मौत हो गई है। दरोगा की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। दरोगा की मौत से जिले का पुलिस महकमा गमगीन है।

फिलहाल मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चल सकेगा। जानकारी के मुताबिक भदोही जनपद के मूल निवासी 58 वर्षीय दरोगा हरिशंकर की यहां के मिल एरिया थाने में तैनाती थी। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में संपन्न चुनावों के दौरान ही रायबरेली में भी मतदान हुआ था। मतदान के बाद यहां गोरा बाजार स्थित आईटीआई परिसर में इवीएम के लिए स्ट्रॉन्ग रूम बनाया गया है। इसी स्ट्रॉन्ग रूम में दरोगा हरिशंकर की तैनाती थी। आज तेज धूप और गर्मी के चलते रायबरेली का पारा अचानक चढ़ा तो दरोगा ने साथियों से उलझन की शिकायत की। साथी कुछ उपाय करते उससे पहले ही उनकी तबियत और ज्यादा बिगड़ने लगी। दरोगा की हालत को देखते हुए उन्हें आनन फानन जिला अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दरोगा हरिशंकर पहले से ही उच्च रक्तचाप के मरीज थे जिसकी नियमित रूप से वह दवा भी लेते थे। फिलहाल दरोगा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही उनकी मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## अधिकतम तापमान एवं गर्मी से वाहन में लगी आग



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां मौरावा मार्ग पर बबुरिहा खेड़ा गांव के पास अधिकतम गर्मी एवं तापमान के कारण शुक्रवार सुबह एक माल वाहक टेंपो के साइलेंसर में आग लग गईद्य साइलेंसर से जब चिंगारी निकलने लगी तो एक राहगीर ने टेंपो चालक को इस घटना की सूचना दीद्य आनन फानन में टेंपो चालक ने टेंपो को रोककर समझदारी दिखाते हुए साइलेंसर पर पानी डालकर किसी तरह से आग को बुझाया। गनीमत यह रही की एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

## निर्वाणी बड़ा अखाड़ा में विशाल भंडारा आयोजित

कत्थक नृत्य देख कर भक्त हुए भाव विभोर



महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

विशाल भंडारे का हुआ आयोजन हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद कत्थक नृत्य का भी हुआ आयोजन। महराजगंज तहसील मुख्यालय से 21 किलोमीटर की दूरी पर स्थित निर्वाणी बड़ा अखाड़ा रामबाग खरहरा धाम की कूटी क्षेत्र ही नहीं संपूर्ण जिले में अपनी अलग पहचान रखती है। प्रतिवर्ष 31 मई को श्री श्री अनंत विभूषित श्री तपस्वी महाराज के कृपा पात्र साकेत निवासी श्री राम गुलाम दास जी महाराज के परम श्री श्री 108 श्री महंत अश्वनी कुमार दास जी के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने आकर प्रसाद ग्रहण कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वही आश्रम में उत्तरपारा निवासी अयोध्या प्रसाद मिश्र के द्वारा कत्थक नृत्य कला पेश की गई जिसे आए हुए श्रद्धालुओं ने देखा और सुना। भंडारे का आयोजन दोपहर से शुरू होकर शाम तक निरंतर चलता रहा। वहीं 3:00 बजे से 6:00 बजे तक कत्थक नृत्य कला का आयोजन हुआ। इस मौके पर हरिलाल सेठ पवन सेठ रामकुमार यादव विपिन भारती माही वर्मा हैप्पी सिंह सूरज यादव आशीष मंगलम अर्पित सिंह धर्मराज यादव उमेश यादव अवधेश भोला रामदेव यादव विनय यादव सहित सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चालान के बाद चौकी यार्ड में खड़ी गाड़ी से सामान चोरी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जनपद के शहर कोतवाली क्षेत्र के निवासी नरेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ नकुल सिंह की गाड़ी क्र33ऱ्ज्ञ 7958 जिसका चालान कुछ माह पूर्व हो गया था। जो गाड़ी चालान के बाद से चौकी कल्ली यार्ड में बंद थी। नकुल सिंह ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि आज जब वह गाड़ी लेने उक्त चौकी पहुचे तो पाया की गाड़ी के कीमती पार्ट्स गायब हैं। मुख्य रूप से 2 बैट्री, 2 जैक गाड़ी का टूल और कीमती पार्टऱ्छ्रू गायब हो चुका है जिसकी लगभग शिकायती पत्र मे लगभग डेढ़ लाख बताई गई है। वहीं पीड़ित ने पत्र मे बताया कि चौकी स्टॉफ और चौकी इंचार्ज से इस बारे में बात कि गई तो कोई भी इस विषय पर बात करने को तैयार नही हुआ। पीड़ित सुबह से शाम छह बजे तक कोशिश करता रहा लेकिन चौकी का कोई जिम्मेदार इस विषय में कुछ भी नही बता सका। पीड़ित ने उचित कार्यवाही कि मांग की है।

## करणी सेना ने अवैध कटान और वन विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



करणी सेना ने वन विभाग और अवैध कटान करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है करणी सेना के नेताओं का आरोप है की हरियाली के ऊपर अधिकारियों के संरक्षण में चल रहा है आरा रायबरेली में करणी सेना के कार्यकर्ता जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और उन्हें ज्ञापन दियाद्य करणी सेना के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि इतनी गर्मी पड़ने के बावजूद वन विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में अवैध कटान जोरों पर चल रहा है जिसके खिलाफ अब करणी सेना लड़ाई लड़ेगी।

लखनऊ मंडल के अध्यक्ष ऋषि सिंह ने कहा कि संगठन अब अवैध आरा के खिलाफ मोर्चा खोलेगा क्योंकि अधिकारियों के और पुलिसकर्मियों के संरक्षण में हरियाली का हनन हो रहा है और पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है।

इस बीच जिले में कई जगह अवैध लकड़ी कटान के मामले सामने आए हैं लेकिन अभी तक अधिकारियों ने कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है करणी सेना का यह कदम पर्यावरण संरक्षण में एवं भूमिका निभा सकता है।

## प्रार्थी की तहरीर पर मारपीट का केस दर्ज



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत राजामऊ गांव के रहने वाले विजय कुमार पुत्र स्वर्गीय रामजी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह गुरुवार शाम अपने खेतों पर गए थे। वापस लौटकर जब वह सड़क पर खड़े थे। तभी अचानक यासीन पुत्र अब्दुल रहमान अपने परिजनों के साथ मिलकर बेवजह अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू दी । तभी एक ग्रामीण ने आकर उन्हें बचाया है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत दूसरा गंभीर

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरुवार देर रात बांदा बहराइच हाइवे पर बन्नावां गांव के पास गांव के ही रहने वाले अखिलेश पुत्र छीटू उम्र लगभग 32 वर्ष व अरुण कुमार पुत्र राजकुमार उम्र लगभग 20 वर्ष बछरावां से बन्नावा गांव की तरफ जा रहे थे। गांव के निकट पहुंचते ही लालगंज मार्ग की तरफ से आ रहे एक अज्ञात अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे जा गिरी। और दोनों ही युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अंधेरे का फायदा उठाकर ट्रैक्टर चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों के द्वारा घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों को प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गयाद्य इलाज के दौरान अरुण की ट्रामा सेंटर में मौत हो गई जबकि अखिलेश की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक अरुण अविवाहित था और प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मां बिंदेश्वरी तथा भाई अंकित का रो रो कर बुरा हाल हैद्य थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी ।

## पत्रकारों को लोभ मोह से बचना चाहिए : प्रेम

इटावा, समृद्धि न्यूज।

पत्रकार बंधु पारदर्शिता के साथ कार्य करें तभी समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण होगा।

यह बात प्रेस क्लब जसवंतनगर के अध्यक्ष प्रेम कुमार शाक्य ने हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को लोभ मोह से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार तटस्थ और निरपेक्ष नहीं रह सकते उन्हें सापेक्ष बने रहना चाहिए। सत्यवादी भले ही न हों लेकिन सत्यनिष्ठ अवश्य हों। उन्होंने कहा कि पौराणिक प्रसंगों में नारद जी द्वारा जल दान का उल्लेख है जो नारद मुनि की पारदर्शिता को दर्शाता है। पत्रकारों को भी समाचार संकलन लेखन व प्रस्तुतीकरण के दौरान पूर्ण पारदर्शिता रखनी चाहिए। संस्थापक उपाध्यक्ष सुबोध पाठक ने कहा कि पत्रकारों को हमेशा अपनी गरिमा बनाए रखना चाहिए। महामंत्री रजत गुप्ता ने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है इसके बिना राष्ट्र का उत्थान नहीं हो सकता है। कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह चौहान ने कहा कि सोशल मीडिया पर समाचार प्रस्तुत करते समय जल्दबाजी न कर सावधानी बरतनी चाहिए। आमंत्रित सदस्य मधुसूदन यादव ने कहा कि मीडिया के बिना राष्ट्र के लोकतंत्र का जीवित रह पाना संभव नहीं है। प्रेस क्लब जसवंतनगर से जुड़े अन्य पत्रकारों मोहन राजपूत, लालमन बाथम व शैलेंद्र प्रजापति ने भी अपने विचार रखे। हिंदी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं भी दीं।

## बिजली दे रही दगा, अस्पतालों में घर से पंखे लेकर पहुंचे मरीज

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

जिले में इन दिनों प्रचंड गर्मी से आम जनजीवन मुहाल हो रखा है। गर्मी का असर अब लोगों की सेहत पर भी पड़ने लगा है। इन दिनों मौसमी बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। पिछले एक सप्ताह से अस्पताल में उल्टी, दस्त, डायरिया, बुखार जैसी बीमारियों के मरीजों की भीड़ रही। डॉक्टर इन मरीजों को दवा के साथ धूप से बचाव की सलाह दे रहे हैं। एक दर्जन से ज्यादा गंभीर मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया। इसके साथ ही बिजली भी दगा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है लो वोल्टेज के चलते पंखे नहीं चल रहे हैं तो मरीज खुद ही पंखा लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं।

प्रचंड गर्मी के साथ अस्पताल आने वाले मरीजों की संख्या भी तेजी से बड़ी है। इनमें उल्टी, डावरिया, बुखार के मरीज ज्यादा हैं। अस्पताल में मौसमी बीमारियों के मरीजों की भीड़ रही। सुबह अस्पताल खुलते ही लोग रजिस्ट्रेशन काउंटर पर पर्चा बनाने के लिए पहुंच गए। इस दौरान करीब एक हजार से अधिक मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। यही हाल चिकित्सकों की ओपीडी का भी रहा।

भीड़ के चलते घंटों इंतजार के बाद लोगों को चिकित्सकीय परामर्श मिल सका।दवा मिलने पर लोगों ने राहत की सांस ली। फिजीशियन डॉ. शोभित अग्निहोत्री ने बताया कि गर्मी के मौसम में जरा सी लापरवाही लोगों को बीमार कर रही है। इस मौसम में बच्चों व बुजुर्गों का खास ख्याल रखना चाहिए। चिकित्सक मरीजों को दवा के साथ धूप से बचाव की सलाह दे रहे हैं। गर्मी से आकर कूलर, एसी के सामने बैठने व शीतल पेय पदार्थों के सेवन से परहेज करें।

बाहर का खाना खाने से बचें घर का बना ताजा व पौष्टिक भोजन करें और पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। जिला अस्पताल में लोग वोल्टेज से चलते परेशान हैं। मरीजों को अत्यधिक गर्मी लग रही है ऐसे में उनके साथ रहने वाले तीमारदार अपना निजी इलेक्ट्रिक पंखा साथ लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन बिजली जाने पर वह हाथ के पंखे का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे मरीज जल्द से जल्द ठीक हो सके।

## कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोर्ट के आदेश पर शिवपलटन, ललित कुमार, सुनील कुमार निवासीगण विभवखंड गोमती नगर जनपद लखनऊ, शशिकांत निवासी दुलमपुर , प्रदीप कुमार निवासी नारायणपुर थाना शिवगढ़ के विरुद्ध कायस्थन टोला कस्बा बछरावां निवासी राममनोहर के प्रार्थना पत्र के बाबत आईपीसी की धारा 147, 323, 448, 504, 506, 392, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। राममनोहर ने 1563 के तहत प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शिवगढ़ रोड पर स्थित संत गाडगे भवन जो की रजक पंचायत समिति बछरावां की भूमि पर समिति द्वारा निर्मित है। उसमें उनको भवन की देखरेख करते रहने के एवज में एक दुकान निःशुल्क दी गई थी। जिस पर वह 23 वर्ष से कूलर पंखा आदि का व्यवसाय करता चला रहा है। पूर्व में विपक्षीयों ने एक राय होकर उसकी की उक्त दुकान का ताला तोड़कर सामान बाहर फेंक दिया गया। सूचना मिलने पर जब वह अपनी दुकान पहुंचा। तो उन्होंने मारपीट की है। और दुकान में रखे आठ हजार रुपये के साथ कुछ सामान लूट ले गए हैं। कोर्ट के आदेश पर बछरावां थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है । जांच पड़ताल की जा रही है ।

## घर में घुसकर मारने पीटने का लगाया आरोप

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

पुश्तैनी जमीन पर घर बनाकर रह रहे मां बेटे ने घर में घुसकर मारने पीटने एवं नाबालिक पुत्री को अश्लील गालियां देने तथा उनकी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए डलमऊ कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है

तेल मुंह कोतवाली क्षेत्र के जहांगीराबाद निवासी कलावती पत्नी लल्लू कुशवाहा एवं धीरज पुत्र लल्लू कुशवाहा अपने कोतवाली डलमऊ में तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने पुश्तैनी जमीन पर घर बनाकर रह रहे हैं प्रार्थी निर्धन एवं शांति परीक्षण के हैं लेकिन प्रति पक्षी रामनरेश पुत्र जागेश्वर राहुल व सौरभ पुत्र रामनरेश तथा रामखेलावन पुत्र मनउ गिरोहबंद असरदार एवं आपराधिक किस्म के हैं प्रतिपक्षी गढ़ प्रार्थी की जमीन हड़पने की नीयत से उसके घर के सामने घूरा डालते हैं प्रार्थी अपनी जमीन पर लकड़ी आदि रखे हुए हैं बीती 30 मई की रात को प्रति पक्षी गणों द्वारा जबरन फेंकने लगी जिसका प्रार्थी ने विरोध किया तो विपक्षी गणों ने जबरन घर में घुसकर टॉर्च एवं कुल्हाड़ी से मारा पीटा और गले में पड़ा मंगलसूत्र खींच लिया तथा घर पर मौजूद नाबालिक बेटी को गंदी गंदी अभद्र गलियां देते हुए प्रार्थी गणों को जान से मारने की धमकी दी जिससे प्रार्थी को जान माल का खतरा है प्रार्थी ने कोतवाली प्रभारी डलमऊ से मुकदमा दर्ज करूचित कार्रवाई करने की मांग की है कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया की प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच कार्यवाही की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों की लाश मिलने से हड़कंप

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़

नवाबगंज (गोंडा) थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों शवों की पहचान नहीं हो सकी है।



थाना क्षेत्र के गोण्डा -अयोध्या मार्ग पर कटरा शिवदयालगंज से अयोध्या जाने वाली सड़क पर दुर्गा गंज माझा के पुराने सरयू पुल के निकट हीरा सोनी के मकान के सामने सड़क के किनारे शुक्रवार की सुबह एक 45 वर्षीय युवक की लाश मिली है। स्थानीय लोगों ने लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पंहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में शुरू कर दी है । स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक युवक विक्षिप्त था जो कई दिनों से सड़क पर घूम रहा था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मृतक युवक मुस्लिम धर्म का लग रहा है। दूसरी घटना थाना क्षेत्र के दुल्लापुर रेलवे क्रासिंग के पास नगवा गांव मार्ग पर पाटनदीन की दुकान के पास सड़क के किनारे गड्ढे में शुक्रवार की शाम करीब 05 बजे एक 30 वर्षीय युवक का शव मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### बेदखली सूचना

शपथकर्ता मैं मो. इकबाल पुत्र मो. हबीब निवासी वारसी नगर वार्ड नंबर 5 टाउन एरिया महराजगंज रायबरेली अपने चार पुत्रों मो. इकरार, मो. गुलजार, मो. अबरार, मो. अंसार में से सबसे छोटे पुत्र मोहम्मद अंसार जो कि मुझसे अलग रहता है, जिसको मैं आज दिनांक 31/5/2024 से अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से उनका कोई लेना-देना नहीं रहेगा।

## आशा की खिड़की

निश्चय ही इसे भारत व पाक के संबंधों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण कहा जा सकता है। पाक के पूर्व प्रधानमंत्री तथा वर्तमान सत्ता की धुरी नवाज शरीफ ने अब पच्चीस साल बाद माना है कि उनके देश ने 1999 के लाहौर घोषणापत्र का उल्लंघन किया था। निश्चित रूप से इस स्वीकारोक्ति ने एक बार फिर कारगिल युद्ध के गहरे जख्मों को फिर से हरा कर दिया है। दरअसल, मंगलवार को सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के अध्यक्ष पद की ताजपोशी के वक्त पार्टी की जनरल काउंसिल की बैठक में नवाज शरीफ ने यह बात कही। अपरोक्ष रूप से पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि भारत की पहल पर शुरू की गई शांति की पहल को इस घटनाक्रम ने पलीता लगाया था। यह एक हकीकत है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के शांति प्रयासों व उनकी लाहौर यात्रा को कारगिल के घात से आघात लगा था। जिसके चलते 21 फरवरी 1999 को हस्ताक्षरित लाहौर घोषणा से क्षेत्र में शांति व स्थिरता की कोशिशों पर पानी फिर गया था। समझौते के कुछ ही महीने बाद पाक सेना के संरक्षण में पाक घुसपैठियों की कोशिश ने फिर एक युद्ध जैसा रूप ले लिया था। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि शरीफ द्वारा पिछली गलती को स्वीकार करना क्या संबंधों में विश्वास बहाली का मार्ग प्रशस्त करना है या फिर कोई दुरभिसंधि की कोशिशें हैं? क्या वे पाक हुकमरानों को फिर से भारत के प्रति अपने दृष्टिकोण के पुनर्मूल्यांकन के लिए प्रेरित कर रहे हैं? क्या शरीफ का नेतृत्व आत्मनिरीक्षण के जरिये दोनों देशों के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की ईमानदार कोशिश कर रहा है? बहरहाल, भारत व पाक संबंधों की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर शरीफ का कबूलनामा व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भों में महत्वपूर्ण पहल कही जा सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि वर्ष 2019 के पुलवामा हमले के बाद दोनों देशों के राजनयिक संबंध बेहद खराब दौर में पहुंच गये थे। जिसके बाद दोनों देशों ने अपने मिशनों का स्तर तक कम किया था। बहरहाल, अस्थिरता से घिरे इस क्षेत्र में नवाज शरीफ की हालिया टिप्पणी संबंधों में सुधार-सुलह के लिये एक नई खिड़की तो खोलती ही है। निश्चित रूप से वक्त का तकाजा है कि ऐतिहासिक कटुताओं को पार्श्व में रखकर कूटनीतिक रणनीतियों पर नये सिरे से विचार किया जाए। यह भी जरूरी है कि बातचीत के लिये नये रास्ते तलाशने हेतु इस मौके को अवसर में बदला जाए। भले ही पाकिस्तान आर्थिक व राजनीतिक रूप से बेहद कमजोर स्थिति में हो, हमें भविष्य मे शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व की संभावनाओं को फिर से परिभाषित करने का प्रयास करना चाहिए। शरीफ के बयान को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जाना चाहिए कि फिलहाल पाकिस्तान में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री हैं।

# पिछड़ों का आरक्षण कौन छीन रहा है?

**राजेन्द्र शर्मा**




**इस नैरेटिव की दरिद्रता इसमें है कि यह तो उनका सांप्रदायिक चेहरा साफ-साफ सामने ला देता है। यह बात कम से कम दर्ज तो की ही जानी चाहिए रीढ़-विहीनता के अपने सारे प्रदर्शन और सारे टाल-मटोल से लेकर, आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन के सारे आरोपों को एक ही पलड़े पर तौलने के अपने शर्मिंदा करने वाले पैंतरों के बावजूद, चुनाव आयोग को इसी प्रचार के लिए, नाम लिए बिना ही सही, प्रधानमंत्री समेत कई प्रमुख भाजपा नेताओं के भाषणोंध् बयानों को आपत्तिजनक मानना पड़ा है। आयोग ने आइंदा ऐसे भाषणोंध् बयानों बचने का निर्देश देने की, भाजपा के अध्यक्ष को सलाह दी है। यह दूसरी बात है कि आयोग ने उक्त सलाह जारी कर अपने कर्तव्य की पूर्ति हो गई मान ली है, जबकि प्रधानमंत्री समेत भाजपा नेताओं द्वारा आदर्श चुनाव संहिता तथा चुनाव कानून के सांप्रदायिक उल्लंघनों में, चुनाव के हरेक चरण के गुजरने के साथ कुछ न कुछ तेजी ही आई है।**

अब जबकि सिर्फ सातवें चरण में 57सीटों के लिए मतदान बचा है और चुनाव के नतीजे बस हफ्ता भर दूर हैं, इसके अनुमानों में जाना उपयुक्त नहीं होगा कि इस बार के करीब पौने दो महीने लंबे ,चुनाव के पूरे दौर में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संघ-भाजपा के प्रचार में जैसी बदहवासी दिखाई दी है, उन्हें हार अपनी ओर बढ़ती दिखाई देने का ही नतीजा थी या नहीं। बहरहाल, इतना हम पक्के तौर पर कहेंगे कि खासतौर पर पहले चरण के मतदान के बाद से, खुद प्रधानमंत्री के स्तर पर जो बदहवासी नजर आई है, वह छठे चरण के बाद तक भी ज्यों की त्यों बनी ही हुई है। बदहवासी से हमारा आशय संघ-भाजपा के अपने विराट आर्थिक तथा मीडियाई व अन्य प्रचार संसाधनों समेत, सचमुच सब कुछ प्रचार में झौंक देने के लिए उद्धत होने भर से नहीं है, जिसके लिए मोदी की भाजपा को वैसे भी जाना जाता है। यह इसके बावजूद है कि इस सब कुछ झौंकने में शब्दशरू सब कुछ झौंकना शामिल है, तमाम कायदे-कानूनों और मर्यादाओं समेत। बदहवासी से हमारा आशय, खासतौर पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके अपना ही कोई सुसंगत नैरेटिव पेश करने के बजाय बहुत दूर तक, विरोधियों के नैरेटिव को झुठलाने पर ही केंद्रित हो जाने से है। वास्तव में चुनाव प्रचार के छोर तक पहुंचते-पहुंचते नौबत यहां तक आ गई है कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री का उपहास करते हुए, अपनी सभाओं में यह तक कहना शुरू कर दिया है कि वह जो भी चाहें, नरेंद्र मोदी के मुंह से कहलवा सकते हैं। वह कहेंगे खटाखट, तो प्रधानमंत्री भी अपने भाषण में खटाखट-खटाखट ही करने लगेंगे! और सचमुच प्रधानमंत्री की सभाओं में खटाखट, खटाखट सुनाई देने लगी है। फिर भी सामाजिक न्याय तथा जाति जनगणना के विपक्षी इंडिया मंच के महत्वपूर्ण एजेंडा के खिलाफ नरेंद्र मोदी ने अपने हमले को, अपने बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक एजेंडे के इर्द गिर्द बुनने की जो कोशिश की है, उसे कोई चाहे तो संघ परिवार का मूल नैरेटिव भी कह सकता है। लेकिन, यह अगर उनका अपना नैरेटिव है तो, यह बहुत ही दरिद्र नैरेटिव है। इस नैरेटिव की दरिद्रता इसमें है कि यह तो उनका सांप्रदायिक चेहरा साफ-साफ सामने ला देता है। यह बात कम से कम दर्ज तो की ही जानी चाहिए रीढ़-विहीनता के अपने सारे प्रदर्शन और सारे टाल-मटोल से लेकर, आदर्श चुनाव संहिता के उल्लंघन के सारे आरोपों को एक ही पलड़े पर तौलने के अपने शर्मिंदा करने वाले पैंतरों के बावजूद, चुनाव आयोग को इसी प्रचार के लिए, नाम लिए बिना ही सही, प्रधानमंत्री समेत कई प्रमुख भाजपा नेताओं के भाषणोंध् बयानों को आपत्तिजनक मानना पड़ा है। आयोग ने आइंदा ऐसे भाषणोंध् बयानों बचने का निर्देश देने की, भाजपा के अध्यक्ष को सलाह दी है। यह दूसरी बात है कि आयोग ने उक्त सलाह जारी कर अपने कर्तव्य की पूर्ति हो गई मान ली है, जबकि प्रधानमंत्री समेत भाजपा नेताओं द्वारा आदर्श चुनाव संहिता तथा चुनाव कानून के सांप्रदायिक उल्लंघनों में, चुनाव के हरेक चरण के गुजरने के साथ कुछ न कुछ तेजी ही आई है।

सामाजिक न्याय और जाति गणना के मुद्दे पर, अपने मनुवादी-सवर्णवादी रुख का बचाव करने और इस बचाव को सांप्रदायिक हमले के हथियार में तब्दील करने के लिए, प्रधानमंत्री से लगाकर नीचे तक, इसके सरासर बेतुके तथा झूठे दावे के साथ कि इंडिया एलाइंस दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों के आरक्षण में से एक हिस्सा छीन लेगा, यह टेक जोड़ दी गई कि छीना हुआ हिस्सा, मुसलमानों को दे देंगे। वैसे छीनकर, मुसलमानों का दे देने के इस हास्यास्पद प्रचार का इस चुनाव के दौरान जिस तरह विकास हुआ है, वह भी कोई कम दिलचस्प नहीं है। इसकी शुरूआत, पहले दो चरणों में राम मंदिर का संघ की कल्पना के अनुसार असर नजर नहीं आने की पृष्ठभूमि में हुई थी, जब जातिगणना और सामाजिक-आर्थिक सर्वे के विपक्ष के प्रस्ताव को खुद प्रधानमंत्री ने जान-बूझकर तोड़-मरोड़कर, बहनों-माताओं का मंगलसूत्र छीन लेंगे, घर में रखा गहना-सोना छीन लेंगे बना दिया और मुसलमानों का नाम लेकर इसका ऐलान कर दिया कि यह सब छीनकर मुसलमानों को दे दिया जाएगा। पर छीनकर दूसरों को दे देने का यह दावा आम तौर इतना ऊटपटांग था कि नरेंद्र मोदी को जल्द ही इसे बदलकर, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर, मुसलमानों को दे देंगे करना पड़ गया। छीने और बांटे जाने का मोर्चा बदल चुका था, फिर भी बांटे जाने के खतरे के स्रोत के रूप में मुसलमान जहां के तहां बने हुए थे और इसी से पैदा होने वाला सांप्रदायिक ध्रुवीकरण, इस पूरी कसरत का मकसद था। बेशक, आरक्षण के बांटे जाने का यह दावा भी कोई कम बेतुका नहीं था।

सभी जानते हैं कि जहां तक दलितों तथा आदिवासियों के आरक्षण का सवाल है, उसका आधार संवैधानिक है और उसे बिना संविधान बदले कोई नहीं बदल सकता है। और संविधान बदलने के इरादों का आरोप खुद संघ-भाजपा पर है। दूसरी ओर अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में जरूर राज्यों के लिए कुछ लचीलापन रहा है और इस श्रेणी में मुस्लिम पिछड़ी जातियों को जगह दिए जाने के कुछ दक्षिणी राज्यों के उदाहरण को ही, मोदी एंड कंपनी अपनी सांप्रदायिक दलील बनाती रही है, वह भी बहुत अवसरवादी तरीके से। कर्नाटक में भाजपा की पिछली सरकार के लगभग पूरे कार्यकाल में, पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिम पिछड़ी जातियों की भागीदारी की तीन दशक पुरानी व्यवस्था बिना किसी विवाद के चलती रही थी। लेकिन, चुनाव से ऐन पहले भाजपा की सरकार ने इस पर विवाद खड़ा करते हुए, मुस्लिम पिछड़ों का 4 फीसद आरक्षण खत्म कर दिया और यह हिस्सा प्रभुत्वशाली जातियों में बांटने का ऐलान कर दिया। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस मनमानी पर कड़ाई से रोक लगा दी और विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में आई कांग्रेस सरकार ने, पुरानी व्यवस्था को बहाल कर दिया। पुरानी व्यवस्था की इसी बहाली को प्रधानमंत्री चीख-चीखकर पिछड़ों का आरक्षण छीनने की इंडिया गठबंधन की साजिश का सबूत बता रहे थे। इस दावे में भी मौकापरस्ती इतनी थी कि बिहार में, जहां कर्पूरी ठाकुर के समय में पिछड़ों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की शुरूआत से ही मुस्लिम पिछड़ी जातियां आरक्षण में शामिल रही हैं, नीतीश कुमार के साथ गठजोड़ में शामिल भाजपा इस पर आपत्ति करने की स्थिति में नहीं है। इसी प्रकार, आंध्र प्रदेश में भाजपा के साथ नयी-नयी फिर से गठबंधन में आई तेलुगू देशम्ड्ढ पार्टी इसी सब के बीच, मुस्लिम पिछड़ों के आरक्षण की हिफाजत करने के ऐलान कर रही थी, लेकिन भाजपा वहां भी इस मुद्दे पर चुप लगाए बैठी थी।

## विचार

# भारतीय चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पहुंची सबसे निचले स्तर पर

**के रवींद्रन**




**ऐसे उदाहरण हैं जहां सत्तारूढ़ दल के उल्लंघनों को अनदेखा किया गया, जबकि विपक्ष को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिन्हें पक्षपात के सुबूत के रूप में उजागर किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया, लेकिन आयोग ने नजरंदाज करने का नाटक किया। पार्टी प्रमुखों को नोटिस भेजने के आयोग के कृत्य को एक दिखावा माना गया, जिसका उद्देश्य अपराधियों को बचाना था। तटस्थता का दिखावा करने के लिए, इसने कांग्रेस अध्यक्ष को भी ऐसा ही नोटिस भेजा।**

भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) की विश्वसनीयता और जनता का उस पर भरोसा मौजूदा लोकसभा चुनावों में एक नये ऐतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गई है और स्थिति ऐसी हो गई है कि इसे पूरी चुनाव प्रणाली में कुछ विनाशकारी बदलावों के बिना वापस नहीं लाया जा सकता है। भारत के चुनाव आयोग ने आम चुनाव कराने के लिए अपनी विशाल संख्या और प्रसार के कारण दुनिया भर में प्रशंसा हासिल की है। यह लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की आधारशिला रहा है, जिसे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, लगातार चुनावों के माध्यम से आयोग की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है और 2024 के चुनावों ने संस्था की विश्वसनीयता पर एक लंबी छाया डाली है, जिससे सवाल और चिंताएं पैदा हुई हैं, जिनकी गहन जांच और उस पर विचार करने की आवश्यकता है। 2024 के चुनावों की अगुवाई में, ईसीआई ने खुद को एक ऐसे विवाद में उलझा हुआ पाया, जो चुनावी प्रक्रिया की दिशा तय करेगा। चुनाव घोषित होने से ठीक पहले दो नये चुनाव आयुक्तों, ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति को संदेह और कानूनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। संभावित अराजकता और अनिश्चितता का हवाला देते हुए इन नियुक्तियों पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं को खारिज करने के सर्वोच्च नयायालय के फैसले ने संदेह के बढ़ते ज्वार को कम करने में कोई मदद नहीं की। 2023 के कानून के अनुसार, चुनाव आयुक्तों के चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को बाहर करने से निराशा और बढ़ गई। पारंपरिक तीन सदस्यीय समिति, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल थे, अब दो सदस्यों तक सिमट कर रह गई है, जिसमें न्यायपालिका का प्रतिनिधि स्पष्ट रूप से अनुपस्थित है। स्थापित मानदंडों से इस तरह के विचलन को कई लोगों ने ईसीआई की घटती स्वतंत्रता के संकेत के रूप में देखा। चुनाव से पहले ही आयोग के प्रदर्शन पर एक लंबी छाया पड़ चुकी थी। बाद के घटनाक्रमों ने साबित कर दिया कि आशंकाएं बिलकुल गलत भी नहीं थीं। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़े, ईसीआई द्वारा आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) को संभालने की गहन जांच की गई। सत्तारूढ़ दल के पक्ष में पक्षपात के आरोप सामने आये, तथा आलोचकों ने चुनिंदा प्रवर्तन के पैटर्न की ओर इशारा किया।

ऐसे उदाहरण हैं जहां सत्तारूढ़ दल के उल्लंघनों को अनदेखा किया गया, जबकि विपक्ष को कड़ी कार्रवाई का सामना करना पड़ा, जिन्हें पक्षपात के सुबूत के रूप में उजागर किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन किया, लेकिन आयोग ने नजरंदाज करने का नाटक किया। पार्टी प्रमुखों को नोटिस भेजने के आयोग के कृत्य को एक दिखावा माना गया, जिसका उद्देश्य अपराधियों को बचाना था। तटस्थता का दिखावा करने के लिए, इसने कांग्रेस अध्यक्ष को भी ऐसा ही नोटिस भेजा। चुनाव प्रचार के लिए परंपरागत रूप से प्रतिबंधित पूजा स्थलों की पवित्रता से समझौता किया गया। इन पवित्र स्थलों में राजनीतिक संदेश घुसने की खबरें आईं। इन मामलों पर चुनाव आयोग की बहरी और पूरी चुप्पी थी, जिसके कारण एमसीसी के उल्लंघन पर आंखें मूंदने के आरोप लगे। अनूप बरनवाल का भूत, चुनाव आयुक्तों को नामित करने के लिए सीजेआई सहित एक समिति के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का संदर्भ, कार्रवाई पर हावी रहा। इस निर्देश से चुनाव आयोग के विचलन को एक जानबूझ कर किया गया कार्य माना गया, जो चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को बनाये रखने के लिए आवश्यक जांच और संतुलन को कमजोर करता है। ऐसे आरोप लगे हैं कि मतदान को अनावश्यक रूप से लंबा खींच दिया गया, जिसके कारण मतदान के सभी चरणों में बहुत कम मतदान हुए। ऐसा प्रधानमंत्री के देश भर में प्रचार करने की सुविधा के लिए किया गया था। चुनाव की अवधि ने स्पष्ट रूप से जनता के साथ-साथ कम संसाधनों वाले राजनीतिक दलों, जैसे कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस, को थका दिया, जिसे केंद्रीय एजेंसियों द्वारा दंडात्मक कार्रवाई के कारण धन की कमी का सामना करना पड़ा। आयोग के अभूतपूर्व पतन से हारने वाले दलों को अपनी हार के लिए बाहरी कारकों को दोषी ठहराने का मौका मिल सकता है। नतीजों के दिन आने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है, लेकिन चुनाव परिणाम, यहां तक कि सत्तारूढ़ दल की भारी जीत भी संदेह और बेईमानी के आरोपों के साथ देखी जायेगी। चुनाव आयोग का यह आग्रह कि चुनाव निष्पक्ष रूप से आयोजित किये गये थे, उन लोगों की चिंताओं को कम करने में कोई मदद नहीं करेगा जो पूरी प्रक्रिया को लोकतंत्र के नाम पर एक भव्य भ्रम के रूप में देखते हैं। इसका अंतिम परिणाम यह है कि विवादों की श्रृंखला और कथित पूर्वाग्रह ने एक ऐसी संस्था में जनता के विश्वास को खत्म कर दिया है जो कभी भारत के लोकतांत्रिक लोकाचार का पर्याय थी। चूंकि राष्ट्र इन घटनाक्रमों के निहितार्थों से जूझ रहा है।

# अभिभावक दिवस एक जून को माता-पिता का स्थान ईश्वर अल्लाह से बढ़कर है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

वैश्विक स्तरपर करीब करीब हर दिन किसी न किसी के नाम पर मनाया जाता है, जिसमें उस मनोनीत क्षेत्र रिश्ते या धर्म का रिश्ता प्रगाढ़य होता है।परंतु मेरा मानना है कि सभी दिवस से सबसे श्रेष्ठ दिन माता पिता दिवस है जिसको सम्मान समर्पण प्रेमभाव के साथ संपूर्ण विश्व में दिनांक 1 जून को मनाया जाता है। भारत में तो माता पिता दिवस को ईश्वर अल्लाह का दर्जा प्राप्त है।शास्त्रों कतेबों एवं और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है। हमारे घर में भी यही सीख दी जाती हैं। माता पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीण संस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों कतेबों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। हर बच्चे के लिए उसके माता-पिता एक देवतुल्य देवदूत हैं जिन्होंने उसे अपनी आज की सफलताओं के शिखर पर पहुंचाया है। इसलिए अनेक शहरों नगरों स्कूलों में माता-पिता दिवस 1 जून के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और बड़ी संख्या में बच्चे युवक बड़े अपने माता पिता के साथ पहुंच बड़े बुजुर्गों माता-पिता की पूजा अर्चना करते हैं हमारी भारतीय संस्कृति में ही माता-पिता का सम्मान है, इसलिए ही आज हर वक्तव्य में भारतीय संस्कृति सभ्यता से जुड़े रहने का आह्वान किया जाता है। वर्तमान पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव से आधुनिक युवा उसके झांसे में आते जा रहे हैं और परिवार टूटते जा रहे हैं जिसे जागृत करने के लिए हमें माता-पिता दिवस, मातृ दिवस, परिवार दिवस जैसेअनेकों दिवसों का आयोजन हर समाज और पंचायत स्तरपर गंभीरता से करना चाहिए। मेरा मानना है कि यह दिवस वार्षिक नहीं बल्कि मासिक साप्ताहिक स्तरपरमनाना चाहिए जिससे आधुनिक युवकों में जागृति आएगी। जिस भव्यता से 1 जून 2024 को माता-पिता दिवस मनाया जा रहा है उसमें भारतीय संस्कृति सभ्यता की गहरीगहराई का आभास हो रहा है। माता-पिता बुजुर्गों का सम्मान देखकर अनेकों की आंखों में खुशियों के आंसू भर आते हैं। बस! यही भारतीय संस्कृति और सभ्यता वैश्विक स्तरपर प्रसिद्ध है। हर व्यक्ति समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझे तो कोई हमारी संस्कृति को आहत नहीं कर सकता। सांस्कृतिक मूल्यों का हनन न हो, इसका सभी को ध्यान रखना होगा। हर वर्ष माता पिता दिवस पर मनाएजानें वाले कार्यक्रम में बुजुर्गों और युवाओं का उत्साह देखते ही बनता है। यह अपने किस्म का एक अनूठाअनुभव होता है। चूंकि हम 1 जून 2024 को माता-पिता दिवस मना रहे हैं इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे माता-पिता सच्चे देवदूत मार्गदर्शक और अभिभावक हैं, इनसे सर्वश्रेष्ठ दुनियां में कोई नहीं है।

साथियों बात अगर हम माता पिता दिवस के महत्व की करें तो, वैश्विक माता-पिता दिवस बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह बच्चों की परवरिश और समाज को आकार देने में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है और सम्मानित करता है। यह परिवारों की भलाई के लिए बढ़ावा देने और वकालत करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है और अगली पीढ़ी के पोषण में माता-पिता के मार्गदर्शन के महत्व पर जोर देता है। यह पालन दुनियां भर में माता-पिता के प्यार, बलिदान और समर्पण पर प्रकाश डालता है, जबकि उनकी जिम्मेदारियों की गहरी समझ और प्रशंसा को बढ़ावा देता है। माता-पिता के वैश्विक दिवस का उद्देश्य परिवारों के लिए जागरूकता, समर्थन और सकारात्मक परिवर्तन पैदा करना है, अंततः व्यक्तियों, समुदायों और बड़े पैमाने पर दुनियां की भलाई और विकास में योगदान देना है।



## राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**बृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतणरख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-ः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# कांग्रेसियों को सतर्कता की जरूरत



**भाजपा ने अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मुख्य रूप से यही काम किया है, कि विपक्षियों को राष्ट्रविरोधी साबित किया जाये। अय्यर का बयान कांग्रेस की इसी छवि को सघन करने में भाजपा का मददगार हो सकता है। शनिवार शाम अय्यर दिल्ली में विदेशी संवाददाता क्लब में एक भाषण दे रहे थे जिसमें उन्होंने चीनी आक्रमण का उल्लेख करते हुए कथित शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा- अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया था। हालांकि उन्होंने अपने इस बयान के लिये माफी मांगते हुए कहा कि-मैं चीनी आक्रमण के पहले कथित शब्द का गलती से प्रयोग करने के लिये बिना शर्त माफी मांगता हूं। वैसे इस बीच अनुमानों के अनुरूप भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट डाल ही दी। इसमें उन्होंने कहा है कि यह बयान कांग्रेस के चीन के प्रति प्रेम को दर्शाता है जबकि इस हमले के बाद चीन ने भारत की 38 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना कब्जा कर लिया था लगे हाथ उन्होंने यह भी आरोप लगा दिया कि जवाहरलाल नेहरू ने चीन के पक्ष में राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की सीट छोड़ दी थी।**

संगठन के प्रति असंदिग्ध निष्ठा और विद्वता के बावजूद कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर को बयान देते वक्त अधिक संयम व सावधानी बरतने की जरूरत है। निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये एक बार व्यक्तिगत अपमान भरी टिप्पणी कर वे पार्टी का ऐसा बड़ा नुकसान कर चुके हैं जिसकी भरपायी कभी नहीं हो सकी थी। फिर, कोई भी बयान देते वक्त उन्हें इस बात को अब तक समझ जाना चाहिये था कि सामने खड़े मोदी और उनकी भारतीय जनता पार्टी विपक्षी दलों का फायदा उठाने में पारंगत है। अब की बार चीन को लेकर उनका आया बयान अधिक संवेदनशील है। और तो और, ऐसे वक्त में यह बयान आया है जब लोकसभा चुनाव के लिये मतदान का अंतिम चरण 1 जून को होगा। नतीजे 4 जून को आ जायेंगे।

आखिरी चक्र में ही वाराणसी सीट पर खुद मोदी उम्मीदवार हैं। हालांकि अब केवल 57 सीटें बची हैं और मणिशंकर का बयान चुनावी परिणामों पर वैसा असर नहीं करेगा जैसा पिछली बार की उनकी टिप्पणी से हुआ था। चुनाव तो पूरा हो चुका है लेकिन कांग्रेस द्वारा जब मोदी एवं भाजपा नेताओं की बदजुबानी को लेकर भी एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है, तो सावधानी बेहद आवश्यक है। कांग्रेस ही नहीं, सभी विपक्षी दलों के नेताओं को यह पता भी है कि भाजपा के पास अपना एक सुसंगठित प्रचारतंत्र हैय साथ ही उसका समर्थक मीडिया है जो मोदी विरोधी बातों को कई गुना बढ़ाकर दिखलाने व सुनाने में महारत रखता है। उनका यह बयान चाहे कांग्रेस को अब सीधे-सीधे कोई नुकसान नहीं पहुंचाएगा लेकिन विपक्ष की कथित रूप से देशविरोधी छवि बनाने में वह मददगार हो सकता है। वर्तमान दौर यथार्थ नहीं अवधारणाओं और छवियों से परिचालित होता है। इसकी रेस में भाजपा कांग्रेस से आगे है। अलबत्ता लम्बे समय के बाद विमर्श के स्तर पर कांग्रेस व सहयोगी दलों का गठबन्धन इंडिया भाजपा को मात देने में कामयाब दिख रहा है। भाजपा ने अपने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में मुख्य रूप से यही काम किया है, कि विपक्षियों को राष्ट्रविरोधी साबित किया जाये। अय्यर का बयान कांग्रेस की इसी छवि को सघन करने में भाजपा का मददगार हो सकता है। शनिवार शाम अय्यर दिल्ली में विदेशी संवाददाता क्लब में एक भाषण दे रहे थे जिसमें उन्होंने चीनी आक्रमण का उल्लेख करते हुए कथित शब्द का प्रयोग किया था। उन्होंने कहा- अक्टूबर 1962 में चीनियों ने कथित तौर पर भारत पर आक्रमण किया था। हालांकि उन्होंने अपने इस बयान के लिये माफी मांगते हुए कहा कि-मैं चीनी आक्रमण के पहले कथित शब्द का गलती से प्रयोग करने के लिये बिना शर्त माफी मांगता हूं। वैसे इस बीच अनुमानों के अनुरूप भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर पोस्ट डाल ही दी। इसमें उन्होंने कहा है कि यह बयान कांग्रेस के चीन के प्रति प्रेम को दर्शाता है जबकि इस हमले के बाद चीन ने भारत की 38 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर अपना कब्जा कर लिया था। लगे हाथ उन्होंने यह भी आरोप लगा दिया कि जवाहरलाल नेहरू ने चीन के पक्ष में राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद की सीट छोड़ दी थी। मालवीय के अनुसार राहुल गांधी ने चीन के साथ एक गुप्त एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये थे और राजीव गांधी फाऊंडेशन ने चीनी दूतावास से चंदा तक स्वीकार किया था। इसके बाद यूपीए की सरकार ने चीनी वस्तुओं के लिये भारतीय बाजारों को खोल दिया था। कथित शब्द के गलत प्रयोग का असर कितना घातक हो सकता है, इसका भान होते ही कांग्रेस के महासचिव व प्रचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने आनन-फानन में इस पर एक बयान दिया कि कांग्रेस अय्यर के बयान से खुद को अलग करती है। वह मानती है कि 1962 का चीन द्वारा किया गया हमला उतना ही वास्तविक था जितना 2020 की शुरुआत में चीन द्वारा लद्दाख में की गई घुसपैठ है। रमेश ने कहा कि मोदी ने 19 जून को एक सार्वजनिक बयान में चीनी घुसपैठ को नकार कर न सिर्फ चीन को क्लीन चिट दी वरन भारतीयों का पक्ष कमजोर कर दिया। देपसांग व डैमचोक सहित 2000 वर्ग किमी का इलाका भारतीय सैनिकों की पहुंच से बाहर कर दिया गया है। उन्होंने सभी से अय्यर की उम्र का भी ख्याल रखने के लिये कहा है। जिस कार्यक्रम में अय्यर ने चीनी आक्रमण के लिये कथित शब्द का प्रयोग करने की चूक की, उसी में अपने भाषण में पाकिस्तान की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका पाकिस्तान में दिल खोलकर स्वागत हुआ था। इसे भारत की एक बड़ी सम्पत्ति बतलाते हुए उन्होंने कहा कि शिपछले 10 वर्षों में पाकिस्तान के साथ वार्ता के कोई प्रयास नहीं हुए। वैसे देखा जाये तो अय्यर के भाषण में एक कथित वाला मामला छोड़ दें तो इतना बड़ा बखेड़ा करने का आधार नहीं बनता लेकिन फिलहाल देश जिस दौर से गुजर रहा है उसमें भाजपा के लिये राष्ट्रवाद एक प्रमुख ताकत है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी* ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# हीटवेव एवं सूखा से बचाव के लिए कार्य योजना तैयार

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता व अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश की उपस्थिति में हीटवेव एवं सूखा से बचाव हेतु विभागों द्वारा तैयार की गई कार्य योजना और किए जा रहे कार्यों के संबंध में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

जनपद महोबा की भौगोलिक स्थिति के अनुसार प्रति वर्ष माह अप्रैल से जून तक प्रायः 40 डिग्री सेंटिग्रेड से अधिक तापमान हो जाने के कारण लू की स्थिति बनी रहती है, संभावित सूखे एवं लूं के दृष्टिगत विभागवार बैठक में उपस्थित अधिकारियों को जिलाधिकारी मृदुल चौधरी के द्वारा निम्न निर्देश दिए गए- जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि चिकित्सालयों में प्याऊ खोले जाएं, जिससे लोगों को ठंडा पानी मिल सके तथा ओ.आर.एस.



▸ जिलाधिकारी की अध्यक्षता बैठक आयोजित

काउंटर स्थापित करे एवं लू से प्रभावित लोगों को अतिरिक्त बेड आरक्षित किए जाएं। जिलाधिकारी ने डीपीआरओ/सभी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायत एवं नगर क्षेत्र के समस्त बंद पड़े हैंडपम्पो का मरम्मत कार्य पूण कराकर क्रियाशील किया जाए तथा जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में स्थापित पेयजल कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली पेयजल से संबंधित शिकायतों का अविलम्ब निस्तारण कराया जाए।

राजकीय तथा निजी नलकूपों के माध्यम से तालाब एवं पोखर भरवाये जाने का कार्य किया जाए, जिससे गोवंशों को पीने का पानी मिल सके तथा जिन ग्रामों में सूखे की स्थिति में वाटर लेबिल अत्यंत कम हो गया है वहां पर टैंकरों से पेयजल उपलब्ध कराने हेतु रूट चार्ट तैयार करने तथा यांत्रिक दोष से बंद पड़े नलकूपों की मरम्मत कराकर उन्हें क्रियाशील किया जाए। इस कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका ईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि शहर के मुख्य चौराहों पर प्याऊ खोले जाए, जिससे राहगीरों को ठंडा पानी पीने के लिए मिल सके। नगर पालिका ईओ ने बताया कि 18 टेंकरो के द्वारा लोगों के पास पानी पहुंचाया जा रहा है सलैया नाथूपूरा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 25 एम एल डी डब्ल्यू टी पी का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है।जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में पानी की कमी हो रही है वहां पर टैंकरों के द्वारा पानी की सप्लाई की जाए तथा विद्युत विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत से संबंधित जो भी शिकायत आती है उसका तुरंत निस्तारण किया जाए।

### लू प्रकोप एवं गर्म हवाएं से बचाव के लिए दिये सुझाव

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने लू प्रकोप एवं गर्म हवाएं से बचाव हेतु सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि लू से जनहानि भी हो सकती है इसके अवसर को कम करने के लिए और लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए निम्न सावधानियां बरतें। कड़ी धूप में बाहर न निकले, खासकर दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक के बीच में, जितनी बार हो सके पानी पिए प्यास ना भी लगे तो भी पानी पिए, हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहने, धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करें, यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें, अगर आपकी तबीयत ठीक ना लगे या चक्कर आए तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें घर में बना पेय पदार्थ जैसे कि लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ, आम का पना इत्यादि का सेवन करें। शराब ,चाय, काफ़ी जैसे पेय पदार्थ का इस्तेमाल न करें।

## विद्युत विभाग ने बकाया वसूली के लिए चलाया अभियान

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज़।** महोबकंठ विद्युत विभाग की टीम ने कस्बा महोबकंठ में बकाया वसूली व चेकिंग अभियान चलाया। शुक्रवार को महोबकंठ अवर अभियंता अनीश अली की अगुवाई में विद्युत विभाग की टीम ने कस्बा के विभिन्न मोहल्लों में बकाया बिल की वसूली के लिए अभियान चलाया इस दौरान बकाया जमा न करने पर 5 लोगों के कनेक्शन काटे गए। विद्युत की चोरी रोकने के लिए कटिया, मीटर आदि को टीम द्वारा चेक किया गया। टीम ने अभियान के तहत 75 हजार रुपए जमा कराए। इस दौरान टीम में जेई अनीश अली लाइनमैन दुलीचंद पाल, सविंद्र राजपूत, कृष्ण कुमार,सुंदर, रमेश, सुरेंद्र आदि शामिल रहे।





## हम अपने मनोबल के आधार पर व्यसनों को सहज छोड़ सकते हैं : बीके सुदामा बहन

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य पर व्यसन मुक्ति, नशा मुक्ति की प्रदर्शनी महोबा रेलवे स्टेशन पर लगाई गई। महोबा रेलवे स्टेशन मास्टर आदरणीय फिरोज खान भाई जी* को ईश्वरीय सौगात देने के पश्चात बीके सुदामा बहन ने पूरे स्टाफ को परमात्म संदेश दिया। इसके तत्पश्चात प्रदर्शनी के माध्यम से स्टेशन में सैकड़ों लोगों को व्यसन, नशा एवम बुराइयों को छोड़ने की युक्ति बताई गई। जिसमें बीके सुदामा बहन ने प्रदर्शनी के माध्यम से बताया की आज चिंता, तनाव, और दुख का कारण कोई मनुष्य नहीं बल्कि व्यसन, फैशन और नशा है। अगर हम इन सभी से छुटकारा पाना चाहते हैं। तो प्रतिदिन कुछ समय परमात्मा के लिए दें ताकि हमारे अंदर उन बुराइयों को छोड़ने की ताकत आए और और अपने जीवन को पुनः सुखमय, शांतिमय बना सके। प्रदर्शनी में शामिल बीके प्रतीक्षा बहन, बीके देवीदीन भाई जी आदि। प्रदर्शनी के पश्चात बहुत से भाई बहनों ने व्यसन को छोड़ने का संकल्प किया।

## खबरें एक नजर में

### सेवानिवृत उपनिरीक्षकों, फायरमैन को दी गई विदाई



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस विभाग मे सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले दो उपनिरीक्षक एवं एक फायरमैन को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा सम्मान देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये भावभीनी विदाई दी गई। पुलिस विभाग मे सेवा देकर अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए दो उपनिरीक्षक सुभाषचन्द्र, कृष्णपाल एवं एक फायरमैन विनोद कुमार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व शॉल भेंट कर भावभीनी विदाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई एवं भविष्य मे किसी भी प्रकार की कोई सहायता होने पर निसंकोच संपर्क करने के लियो आश्वस्त किया गया।

### जहरीला पदार्थ खाने से एएनएम की मौत

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कस्बे के पठानपुरा मोहल्ले में एएनएम ने घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी।कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बताया कि दो साल पहले 28 वर्षीय नातिन बर्षा की शादी राठ में ही पंकज के साथ हुई थी। लेकिन वर्षा कुछ समय रहने के बाद वह अपनी ससुराल नहीं गई। नातिन वर्षा मुस्करा के हुसैनगढी में एएनएम के पद पर तैनात थी। गुरुवार सुबह अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। जहां उसकी मौत हो गई। घटना की बाद घर में कोहराम मच गया।

### लू से चौबीस घंटे में नौ लोगों की मौत

**राठ/मौदहा/ कुरारा(हमीरपुर)।** राठ व कुरारा क्षेत्र में वृद्ध समेत दो की लू लगने से मृत्यु हो गयी। जरिया थाने के तुरना गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र भगत सिंह अहिरवार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे वह अपने बाबा 65 वर्षीय कालीचरण अहिरवार के साथ राठ आया था। राठ आने पर बाबा ने उसे सोनी के यहां जाने की बात कही। इसके बाद वह अपनी सिम का नंबर बदलवाने के लिए चला गया। उसके बाबा हमीरपुर रोड स्थित अंबे पैलेस के पास सड़क पर अचेतावस्था में पड़े मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार कुरारा क्षेत्र के कुशौलीपुरवा गांव के कौशल किशोर(38) की लू से मौत हो गयी भटपुरा गांव निवासी बब्बू(50) की भी मृत्यु लू लगने से हुई है। पिछले 24 घंटे में नगर समेत क्षेत्र में तीन महिलाओं व एक मासूम बच्ची समेत सात लोगों की मौत हो गई है। इन घटनाओं से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है वहीं 24 घंटे में हुई आधा दर्जन से अधिक मौतों के कारण लोग भी दहशत में आ गए हैं। गुरुवार को दोपहर बाद खपटिहा बाँदा निवासी छेदीलाल (45) नगर के जहूरूल्ला रेंजर के फॉर्म हाउस में राजमिस्त्री का काम करता है। वह गुरुवार की दोपहर बाद फार्म हाउस जा रहा था तभी वह तबियत बिगड़ने पर अरतरा मार्ग पर बनी झुग्गी के अंदर जाकर लेट गया। और उसकी मृत्यु हो गयी। गुरुवार की शाम थाना क्षेत्र बिवार के ग्राम लदार में फूला (48) पत्नी लल्लू ठेकेदार व सरस्वती ( 70) पत्नी मैदा वर्मा की लू लगने से मौत हो गई। वहीं लदार निवासी राजा भैया ने बताया कि उसकी 6 माह की नातिन अपने मां के साथ ननिहाल में थी। गुरुवार की शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। गाँव में ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हिमौली कल्लू धम्मा (72) की तवियत खराब होने पर अस्पताल ले जाया गया मृत्यु हो गयी डाक्टरों ने लू लगना बताया है। प्रकार अंजना 23 वर्ष पुत्री राम विशाल निवासी रतौली व गया प्रसाद 75 वर्ष निवासी भुगईचा की भी मौत लू लगने से हो गई।

## निरीक्षण कर पट्टाधारक पर डेढ़ करोड़ का लगाया जुर्माना, दो पोकलैंड मशीनें सीज

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

मौरंग खदान में हो रहे अवैध खनन की शिकायत पर औचक छापेमारी के दौरान कार्रवाई करते हुए डेढ़ करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका है। दो पोकलैंड मशीनों को भी सीज किया है।

खान निरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि थाना चिकासी अंतर्गत घुरौली गांव में संचालित 26/6 मौरंग खदान के संचालक के द्वारा अपने खंड से आगे बढ़कर 26/7 में खनन किया जा रहा था। अवैध खनन की सूचना पर खान अधिकारी वशिष्ठ यादव व खान निरीक्षक ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की। जहां पर अवैध खनन होता पाया गया। इस दौरान टीम ने मौके से दो पोकलैंड मशीनों को सीज करते हुए डिजियाना कंपनी के मालिक तेजेंद्र पाल के खिलाफ अवैध खनन का मुकदमा दर्ज कराते हुए डेढ़ करोड़ रुपये का जुर्माना ठोका गया है। टीम ने जांच में पाया कि मौरंग खदान में करीब 15 हजार घन मीटर मौरंग का अवैध खनन खंड के बाहर किया गया था। खान विभाग की टीम द्वारा की गई इस औचक कार्रवाई से मौरंग खदान संचालकों में अफरा तफरी मच गई है। वहीं टीम ने खरवाच व टोला पांच नंबर में भी छापेमारी की है। झांसी का बार्डर होने के कारण संबंधित क्षेत्र के खान अधिकारी को पत्र भेजकर संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के बात बताई गई है। इसके साथ ही कलौलीतीर में चोरी छिपे ट्रैक्टरों से हो रही मौरंग की ढुलाई पर भी टीम ने शिकंजा कसते हुए इस खनन क्षेत्र को बंद करा दिया है।

## पनवाड़ी पुलिस एवं स्वाट टीम ने नकली नोटों के गोरखधंधे का किया पर्दाफाश

▸ 15 लाख रुपये के नकली नोटों की खेप पकड़ी, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महोबा जिले की स्वॉट और थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने नकली नोटों के धंधे का पर्दाफाश करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। इस संयुक्त अभियान में 15 लाख रुपये से अधिक के नकली नोट, नकली नोट छापने के लिए उपयोग किए जाने वाला प्रिंटर, विशेष पेपर, इंक, तीन मोबाइल फोन, और एक बाइक बरामद की गई है। इस मामले में अभियुक्त अंकुर कुमार बिन्द को पनवाड़ी क्षेत्र के ढाबे के पास से गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस को लंबे समय से नकली नोटों के इस गोरखधंधे की जानकारी मिल रही थी, जिसके आधार पर यह कार्रवाई की गई। अभियुक्त अंकुर कुमार बिन्द के पास से नकली नोट छापने के उपकरण भी बरामद हुए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह एक संगठित अपराध है। पुलिस अब इस मामले की गहनता से जांच कर रही है ताकि इस गोरखधंधे से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाया जा सके।पुलिस की इस सफलता पर स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम की सराहना की है। पुलिस का कहना अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी अपर्णा गुप्ता के कड़े निर्देश हैं कि जिले में हर हाल में अपराध की रोकथाम हो। इसके लिए जिला पुलिस को लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं और अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान चलाए जा रहे हैं,अभियुक्त अंकुर कुमार बिन्द काफी समय से महोबा लौड़ी तिगेला के पास किराये के मकान में रह रहा था और यूट्यूब के माध्यम से नकली नोट बनाना सीखकर कूटरचित भारतीय जाली नोट तैयार करता था। वह इन्हें मार्केट में खपाने के लिए निकला था, जिसे पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर किराये के मकान से भी बरामदगी की गई है।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशों और पुलिस टीम की त्वरित कार्रवाई ने इस संगठित अपराध को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सतर्कता और तत्परता की सराहना की है, जिससे नकली नोटों के प्रचलन को रोकने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

## षड्यन्त्र रचकर स्वयं को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना ऊसराहार पुलिस ने षडयन्त्र रचकर स्वयं को गोली मारने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त अवैध तमंचा व खोखा कारतूस बरामद किया।



थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान जरिये आरटी सन्देश सूचना प्राप्त हुयी कि कुदरकोट की तरफ अण्डर पास के पास एक व्यक्ति को गोली लगी है सूचना पर तत्काल थानाध्यक्ष ऊसराहार द्वारा मय पुलिस बल के मौके पर जाकर घायल को जिला अस्पताल इटावा भर्ती कराया गया एवं घायल व्यक्ति से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वह पल्सर मोटर साइकिल यूपी 79 एबी 1785 से अपनी बहन के घर ग्राम कुइता सरैया थाना ऊसराहार जा रहा था इसी दौरान जब वह ताखा अण्डर पास से कुदरकोट की तरफ मुडा तो पीछे से आ रही स्कार्पियो कार सवार 4 व्यक्तियों कल्लू पुत्र अतर सिंह, धर्मेन्द्र पुत्र अतर सिंह, मन्नू तिवारी पुत्र राजेन्द्र सिंह मालिक महिन्द्रा ट्रैक्टर एजेन्सी, बाबा आदि द्वारा उसके पैर में गोली मार दी गयी। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घटना में संलिप्त मन्नू तिवारी के पिता राजेन्द्र सिंह से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि वर्ष 2023 में मनोज कुमार पुत्र सुभाष ने महिन्द्रा ट्रैक्टर 7 लाख 40,000 रूपये में फाइनेन्स कराया था जिसकी 35,000 की 2 किस्तें मनोज कुमार द्वारा जमा की गयी थी परन्तु शेष किस्तों का भुगतान न करने पर 6 माह पूर्व मेरी एजेन्सी द्वारा ट्रैक्टर को एजेन्सी पर खड़ा करा लिया गया था मनोज कुमार द्वारा इसी रंजिश को लेकर दबाव बनाने के उद्देश्य से यह झूठी घटना घटित की गयी है। घायल मनोज कुमार उपरोक्त से ऊसराहार पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसने घटना को स्वीकार करते हुये कहा कि मुझसे गलती हो गयी है मैने सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया है, क्योंकि महिन्द्रा ट्रैक्टर के मालिक के पुत्र मन्नू तिवारी द्वारा ट्रैक्टर की किस्त न जमा करने पर ट्रैक्टर को एजेन्सी में खडा करा लिया गया था और बताया कि पुरानी रंजिश के कारण मैंने कल्लू व धर्मेन्द्र का नाम लिया था। आरोपी की निशादेही के आधार पर उक्त तमन्चे को ताखा मोड से कुदरकोट रोड पर बंम्बा से नहर में पानी के अन्दर से बरामद किया गया एवं मनोज कुमार जाटव पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी नगला बढ़ई थाना कुदरकोट जनपद औरैया को गिरफ्तार किया गया। इस सफलता में बेचन कुमार सिंह थानाध्यक्ष ऊसराहार, उ.नि. मंगल सिंह, का. हेमराज, का. ज्ञानेन्द्र सिंह का सराहनीय योगदान रहा।

## बुंदेलखंड विवि की हठधर्मिता एवं मनमानी के खिलाफ शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय के शिक्षकों ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की मनमानी के खिलाफ मोर्चा खोला दिया है। ब्रह्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने एक जून से विश्वविद्यालय परीक्षा के बहिष्कार करने का एलान किया है। विश्वविद्यालय अपने आधी-अधूरी तैयारी के साथ उप्र शासन के शैक्षणिक कैलेंडर में दिए हुए ग्रीष्म अवकाश की अवहेलना करते हुए परीक्षा कराने पर आमादा है। जिससे सभी विद्यार्थियों को एक ही पेपर का सेट प्रदान किया जा रहा है। जिससे परीक्षा की शुचिता भी संदेह के घेरे में है। प्रदर्शन के दौरान महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. सरजू नारायण ने कहा कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय शिक्षक संघ ने शासन के कैलेंडर के अनुरूप जून में अवकाश के लिए बार-बार कुलपति को ज्ञापन दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय शिक्षक संघ क अध्यक्ष डॉ सरजू नारायण एवं छात्रों महामंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि 01 जून को होने वाली परीक्षा को विश्वविद्यालय परिवर्तित कर अवकाश के दिन 2 जून रविवार के दिन अचानक रख दिया है, शासन द्वारा वर्तमान सत्र में ग्रीष्म अवकाश के लिए तीस दिन तथा शीतावकाश के लिए 15 दिन के अवकाश का प्रावधान किया गया है, विश्वविद्यालय अपनी हठधर्मिता के आगे न ही शासन के आदेश को मान रहा है और ना ही यूजीसी के विनियमन को। शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय पूरे वर्ष में 6 माह परीक्षा ही कराते रहता है। इस मौके पर डॉ. हल्के प्रसाद, डॉ. नरेश कुमार सिंह, डॉ. विनोद पांडेय, डॉ. केराम, डॉ. दशरथ सिंह, डा. एएन शुक्ला, डा. राजेंद्र कुमार, सहित आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## सुंदरीकरण के नाम पर तालाब का पानी किया बर्वाद

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**



लेवा गांव में सुंदरीकरण के नाम पर तालाब का पानी पंपिंग सेट निकालकर बाहर किया जा रहाहै जिससे जानवरों के लिये पेयजल की समस्या आ गयी है। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत उच्चाधिकारियों से की है.गांव में सगाहा तालाब का सुंदरी करण का काम कराने के मकसद से तालाब का पानी पंपिंग सेट मशीन से निकला जा रहा है जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो रहा है ग्रामीण विजयपाल,झालर सिंह,ललन सिंह,इंद्र प्रकाश सिंह,हेतराम वर्मा ,उदित वर्मा व लेखराज वर्मा ने बताया की तालाब का पानी निकल जाने पर नाराजगी जाहिर की है। वही ग्राम प्रधान बृजरानी ने बताया बिना जानकारी के पंपिंग सेट मशीन से लगाकर पानी निकाला जा रहा है जबकि शासन के निर्देशानुसार तालाबों व पोखरो में पानी भरने का आदेश जारी हुआ है एडीओ पंचायत अमर सिंह यादव ने कहा कि इस मामले में कार्यवाही की जायेगी।

## बिजली समस्या : चार हजार उपभोक्ता कनेक्शन मानक से ज्यादा बिजली का कर रहे उपभोग

▸ चौदह फीसदी विजली की डिमांड बढ़ी,
▸ मीटर रीडर के साथ संविदा कर्मी लगाकर चेक किये जा रहे है कनेक्शन, तीन हजार उपभोक्ताओं का इसी माह बढ़ाया गया अधिभार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

**(विनोद शुक्ला), हमीरपुर।** जिले में पिछली साल की अपेक्षा इस साल विजली की मांग चौदह फीसदी से ज्यादा बढ़ गयी है। चार हजार उपभोक्ता चिंहित किये गये है जो कनेक्शन मानक से ज्यादा विजली का उपभोग कर रहे है। मीटर रीडर के साथ विभाग ने कर्मियों को लगाकर हरेक कनेक्शन चेक कराना शुरु कर दिया है।

जिले में जैसे जैसे गर्मी व लू का प्रकोप बढ़ रहा है वैसे ही विजली की मांग लगातार बढ़ती जा रही है। ओवरलोड के चलते ग्रामीण क्षेत्र में हर रोज करीब दस ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग के लिये वर्कशाप आ रहे है। विजली विभाग के अधीक्षण अभियंता(एसई) अशोक कैम ने शुक्रवार को बताया कि पिछले साल जिले में 49.11 लाख एमयू विजली की मांग थी इस वर्ष इसकी खपत बढकर 56 लाख एमयू से अधिक हो गयी है जो पिछले साल की अपेक्षा चौदह फीसदी अधिक है। यही कराण है कि कम क्षमता के ट्रासफार्मर जवाद दे रहे है,जिले में 2915 ट्रांसफार्मर लगे हुये है जिसमे पहले 25 व पचास एमवी के ट्रांसफार्मर लगे हुये थे मगर गांवों में अधिभार बढ़ने के कारण ज्यादातर सौ एमवी के टीएफ लगाये जा रहे है। गांवों से मई माह में 140 ट्रांसफार्मर फुक्र चुके है।

जिले में फिलहाल चार हजार उपभोक्ता चिंहित किये गये जो कनेक्शन के अनुरुप विजली का प्रयोग नही कर रहे है इसलिये 2970 उपभोक्ताओं का कनेक्शन अधिभार बढा दिया गया है। जिले में कुल मिलाकर दो लाख 10 हजार विजली उपभोक्ता है जिसमे एक लाख 39 हजार ऐसे उपभोक्ता है जो केवल सौ यूनिट से कम विजली का उपभोग कर रहे है।जिले में 134 मीटर रीडरो के साथ विभाग के 226 संविदा कर्मी लगाये गये है जो उपभोक्ताओं के यहां जाकर कनेक्शन के अनुरुप विजली का प्रयोग कर रहे या नही इसकी जांच कर रहे है। सहायक अभिंयता वर्कशान विकास श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रांसफार्मर मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है ओवरलोड के चलते गांवों के टीएफ लगातर फुक्रं रहे है। एसई श्री कैम का कहना है कि ओवरलोड होने का कोई मामला नही है मगर पिछले साल से ज्यादा डिमांड आने से विजली मांग के अनुरुप उपभोक्ताओं को दी जा रही है। जैसे ही गर्मी कम होगी वैसे ही ट्रिपिंग व अन्य समस्याएं हल हो जायेगी। करीब सौ ट्रांसफार्मरों पर बोरा लगाकर पानी दिया जा रहा है ताकि टीएफ हीट न होने पाये। जिले में गोहांड व सरीला ब्लाक में दो पावर हाउस स्थापित किये जायेगे जिससे आपूर्ति की समस्या शीघ्र हल हो जायेगी।

### जिले मे विजली चोरी 32 फीसदी बढ़ी

गर्मी के चलते गांवों में कटिया डालकर विजली की जमकर चोरी की जा रही है लाइन लास बढकर 32 फीसदी हो गया है, सबसे ज्यादा लाइन लास सुमेरपुर व मौदहा में बताया जाता है। सैकड़ो उपभोकताओं के खिलाफकार्यवाही की जा चुकी है। जिससे विजली विभाग में बेचैनी देखी जा रही है हालाकि राजस्व वसूली में हमीरपुर जिले का प्रदेश में बीसवा स्थान है। जो काफी अच्छा माना जा रहा है। विजली चोरी रोकने के लिये विभागीय विजिलेंस व एपीटी बराबर प्रयास कर रही है हालाकि विजली चोरी घटने के बजाय बढती जा रही है।

### जिस क्षेत्र में विजली होगी बाधित संबंधित अभियंता के खिलाफ होगी कार्यवाही

बढ़ती गर्मी व लू के प्रकोप के चलते शासन ने साफकहा है कि जिले में जिस क्षेत्र में विजली बाधित होगी वहा के एक्शिनय,एसडीओ व जेई जिम्मेदार होगे उनके खिलाफकड़ी कार्यवाही की जायेगी,यही नही जहां कही भी रिपेयरिगं का काम कराना हो वहा पर केवल सुवह तड़के कार्य करा लिया जाये ताकि उपभोक्ताओं को दोपहर वह रात में विजली का संकट न झेलना पड़े। इस मामले में विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कैम ने संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को शासन का हवाला देकर कड़ा पत्र लिख दिया है। इधर गर्मी के चलते बराबर फाल्ट हो रहे है। इस मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से नगला रामताल जसोहन में विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मौजूद लोगों को तंबाकू का उपयोग न करने की शपथ भी दिलाई गई।

उक्त गोष्ठी को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम कुमार शाक्य ने कहा कि दुनियां भर में 70 लाख से अधिक मौत का कारण सिर्फ तंबाकू सेवन है। यदि महिलाएं तंबाकू सेवन करती हैं तो उन्हें गर्भाशय में कैंसर व हृदय संबंधी समस्याएं भी हो जाती हैं। उन्होंने युवा पीढ़ी को तंबाकू उत्पादों से दूर रहने की सलाह दी। पीएलवी राम सुंदर दुबे ने कहा कि तंबाकू खाने से कैंसर होता है तंबाकू जानलेवा है बच्चों को तंबाकू उत्पादों से दूर रहना चाहिए। खासकर नवजात व छोटे बच्चों को तंबाकू से होने वाले धुएं से भी बचाया जाना चाहिए। पीएलवी ऋषभ पाठक ने मौजूद लोगों को यह शपथ भी दिलाई कि तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करेंगे और न ही अन्य लोगों को तंबाकू का सेवन करने देंगे बल्कि तंबाकू से होने वाले नुकसान की जानकारी भी लोगों को देंगे। इस दौरान ग्राम पंचायत सहायक नवीन कुमार के अलावा बच्चे युवा किसान तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं भी मौजूद रहीं।

### थानाध्यक्षों ने पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की चेकिंग की

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपदीय कानून व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन में समस्त थाना प्रभारी, थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त एवं संदिग्ध व्यक्ति, वाहन की चेकिंग की गयी। जनपद की कानून व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी तथा सुदृढ़ बनाए रखने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानाध्यक्ष, थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में पुलिस बल के साथ आबादी वाले क्षेत्रों, चौराहों, बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग करते हुए आम लोगों से संवाद किया गया एवं उनको सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

## जायन्ट्स ग्रुप ऑफ सहेली ने तंबाकू निषेध दिवस पर किया कार्यक्रम

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली द्वारा तंबाकू निषेध दिवस लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मोतीझील हॉस्पिटल में मनाया गया।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि डाक्टर एम एम आर्या मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला पुरुष अस्पताल इटावा ने द्वीप प्रज्वलित कर व उपस्थित सभी लोगों ने जायंट्स प्रार्थना के साथ किया तथा जायंट्स सहेलियों ने उपस्थित मुख्य अतिथि व सभागार में उपस्थित सभी सम्मानित अधिकारियों व सदस्यों का तिलक वन्दन कर व पटका पहनाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे डाक्टर निखिलेश हॉस्पिटल मैनेजर ने तम्बाकू से होने वाले नुकसानों के विषय में जानकारी दी कि इसके खाने से मुख का कैंसर होता है तथा अन्य गहन बीमारियां भी होती हैं, फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित ने कहा कि सरकार यदि तम्बाकू पर रोक लगा दे तो बहुत सी जानें बचाई जा सकती है, ,व उर्वशी द्विवेदी ने सुघर सिंह नर्सिग इन्स्टीट्यूट ऑफ जसवन्तनगर के बच्चों से प्रश्नोत्तरी कराई व बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कमलेश शर्मा ने बताया कितंबाकू के सेवन से दुनियाभर में हर साल लगभग 80 लाख से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो जाती है।तंबाकू एक ऐसी चीज है जिसकी आदत इंसान को जल्द ही लग जाती है और फिर यह कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी का कारण बनती है।भारत में तम्बाकू गुटखा, सुपारी, खैनी और जर्दे के रूप में खाया जाता है। इसके अलावा बीड़ी और सिगरेट एवं हुक्के के माध्यम से भी बड़ी संख्या में लोग तंबाकू का सेवन करते हैं। विमल शर्मा वित्त निदेशक ने सबको धन्यवाद दिया। गुरु प्रेमप्यारी जादौन, प्रज्ञा दोषी व रीना राठौर,अनुपम चतुर्वेदी आदि का विशेष सहयोग रहा।



# सीएमओ ने खलीउल्लाह हास्पिटल का किया निरीक्षण



**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

जनपद में वर्तमान में बढ़ते तापमान के कारण संभावित अग्नि दुर्घटनाओं के दृष्टिगत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी के द्वारा अपर मुख्य सचिव गृह , प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पार्थ सारथी सेन शर्मा एवं जिलाधिकारी महोदय बलरामपुर अरविन्द सिंह के आदेशानुसार जनपद के समस्त अस्पताल ,नर्सिंग होम विशेषकर बच्चों के अस्पताल आदि में फायर ऑडिट ,इवैक्युएशन ड्रिल व अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में विशेष चेकिंग अभियान आरंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि डॉ. अनिल कुमार चैधरी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं राजेश कुमार हंस पटल सहायक टीम के द्वारा बलरामपुर सदर के अन्तर्गत संचालित शुक्रवार को जेडएस आर्थो पैडिक मैटरनिटी एण्ड ट्रामा सेन्टर निकट गर्ल्स कालेज चौराहा बलरामपुर, खलीउल्लाह हास्पिटल रेहरा रोड़ तहसील उतरौला बलरामपुर ,शोभा नर्सिंग होम उतरौला बलरामपुर टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया में निरीक्षण किया गया जहां पर टीम के द्वारा फायर ऑडिट, अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया उन्होंने नर्सिंग होम में आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जनपद के समस्त अस्पतालों नर्सिंग होम विशेषकर बच्चों के अस्पतालों आदि में फायर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एवं इवैक्युएशन ड्रिल आदि के संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं , उन्होंने समस्त अस्पतालों को निर्देशित किया कि फायर रिस्क के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें तथा स्थल की क्षमता से अधिक व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल सेफ्टी के दृष्टिगत विद्युत उपकरणों /तारों का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराकर विद्युत लोड के अनुसार उपकरण व तारों को अधिष्ठापित कराया जाए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा जनपद के समस्त नर्सिंग होम व अस्पतालों के साथ ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध समस्त चिकित्सालय को निर्देशित किया गया है कि अपने अस्पतालों में समस्त आवश्यक फायर ऑडिट, इवैक्युएशन ड्रिल व अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का भली भांति प्रकार से निरीक्षण कर ले तथा अगर किसी भी स्तर पर कोई भी मामूली सी भी कमी हो तो उसे सही कराकर समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाए तथा 3 दिन के कार्य दिवस के अंदर जनपद के समस्त चिकित्सालय व नर्सिंग होम अपना प्रमाण पत्र /शपथ पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जमा कराना सुनिश्चित करें ।उन्होंने बताया कि जिन अस्पताल व नर्सिंग होम के द्वारा प्रमाण पत्र कार्यालय में जमा नहीं कराया जाएगा उनके विरुद्ध आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# शव की सूचना से हड़कंप, हत्या की आशंका

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**



जिले के तारुन थाना क्षेत्र में ऐमी घाट पर शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में हड़कंप मच गई। इलाकाई लोगों को यह सूचना उस वक्त मिली जब वे शौच के लिए निकले थे। लगभग 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव पुल के नीचे पड़ा हुआ दिखाई देने पर धीरे-धीरे बड़ी तादाद में आसपास के लोग पुल के नीचे इकट्ठा हो गए।

इस दौरान उन्ही लोगों में से किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी जिस पर तत्काल पहुंची तारुन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त करने का काफी प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी।इस बीच अपर पुलिस अधीक्षक अयोध्या प्रसाद सिंह के अलावा घटनास्थल बॉर्डर का होने के कारण पड़ोसी थानों के प्रभारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक शव मिलने के काफी समय तक घटनास्थल पर पुलिस जांच व कार्यवाई करते हुए युवक की शिनाख्त कराने के प्रयास में लगी रही लेकिन पता न चलने पर शव का पंचनामा कराकर मोर्चरी हाउस भेज दिया। बताया गया कि ऐमीघाट पुल के ऊपर भी खून के धब्बे मिले हैं। मृतक युवक के शरीर पर भी चोट की निशान है इसलिए इस अज्ञात युवक की हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि एक अज्ञांत व्यक्ति के शव की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस द्वारा पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है,जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# सट्टा माफियाओं पर एक्शन से क्यों कतरा रही पुलिस?

- नौ लगाओ 90 पाओ के मकड़जाल में उलझा मेहनतकश
- बजरिया, गोपालगंज सब्जी मंडी, बघौरा, बस स्टैंड में खिलवाया जा रहा सट्टा

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

शहर के बजरिया सहित कई जगहों पर सट्टा माफिआओ द्वारा गरीबो के खून पसीने की कमाई से प्रतिदिन किये जा रहे लाखों के बारे न्यारे पर समाचार प्रकाशित होने के बाद भी अभी तक सट्टा खिलवाने बालो पर न तो अंकुश लग पाया है और न ही कार्यवाही रूपी शिकंजा कसा गया है जिसकी बजह से सट्टा माफिआओं के हौंसले बुलंद है। गौरतलब है कि सदर कोतवाली पुलिस की सख्ती के बाद भी नगर क्षेत्र के बजरिया और गोपालगंज सब्जी मंडी, कांशीराम कॉलोनी, बघौरा, बस स्टैंण्ड पर बबलू नाम के सट्टा माफिआओं द्वारा लोगो को प्रतिदिन सट्टा खिलवाया जा रहा है। जो सुबह से शाम तक निरंतर चलता है। जिसमें प्रतिदिन लाखो रूपये के बारे न्यारे करके सट्टा माफिआ गरीबो की मेहनत की कमाई का पलीता लगाने में लगे रहते है।

इतना ही नहीं सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक चलने बाले सट्टा में हर आधा घंटे में नम्ब निकाले जाते है। उसके आधार पर लोगों को 9 रूपये लगाने पर 90 रूपये दिए जाते है। सट्टा माफिआओं द्वारा सट्टा खेलने बालो को आश्वाशन दिया जाता है। कि यह नम्वर बाहर से आते है। लेकिन मजे की बात यह है कि जिस नम्वर पर सबसे अधिक रूपये लोगों द्वारा लगाये जाते है वह नम्वर उस दिन निकलता ही नहीं। बताया जाता है समय-समय पर बाहर की बजह स्थानीय स्तर पर सट्टा माफिआओं द्वारा बही नंबर खोल दिए जाते है। जिन नंबर पर कम रुपये लगे होते है। लेकिन इतनी बड़ी खामी होने के बाद भी लोग बड़े चाव से लखपति बनने का स्वप्न देखकर खुद भूखे रहकर नम्वर लगाते रहते है।

जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि कही न कही सट्टा माफिआओं द्वारा रूपये लगाने बालों के साथ धोखा किया जा रहा है। आपको बता दे कि सट्टा माफिआओं के खिलाफ आए दिन समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित की जाती है।

लेकिन पुलिस द्वारा अभी तक न तो मामले में कार्यवाही की गयी और न ही गरीबों के लिए दीमक जैसी बीमारी के रूप में सट्टा पर अंकुश लग पाया।

# ट्रांसफार्मर से जाने वाली बंच लाईन जलने से दो मोहल्लों में छाया अंधेरा

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

- विद्युत विभाग जनता की समस्या के प्रति गंभीर नही

रेलवे स्टेशन परिसर में रखे विद्युत परिवर्तक की बंच लाईन खराब हो गई है जिससे गत दो दिनों से मुहल्ला रावगंज व गणेशगंज की विद्युत आपूर्ति ठप है जिससे जनता गर्मी से बेहाल है। गर्मी का सितम किसी से छिपा नही है आज पारा 48.8 रहा है जिससे आसमान से आग वर्ष रही है और ऐसे में बिजली भी गायब हो जाए तो परेशानी की कल्पना मात्र से ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं लेकिन नगर के दो मुहल्लों के निवासी 48 घंटे से ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं।

सूत्रों की माने तो बुधवार रात रेलवे स्टेशन परिसर में रखे ट्रांसफार्मर से जाने वाली बंच लाईन जल गई थी जिससे रावगंज और गणेशगंज की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई थी जिसे विभाग गुरुवार से दुरुस्त करने में लगा है लेकिन अभी तक आपूर्ति बहाल नही हो सकी हैं। रावगंज निवासी अंकित गुप्ता के अनुसार भीषण गर्मी में वह लोग बेहाल है हवा के साथ उन्हे पानी भी नहीं मिल पा रहा है लेकिन विद्युत विभाग जनता की इस समस्या के प्रति गंभीर नही है जिसके चलते जनता में विभाग के प्रति गुस्सा भी है जो कभी भी सड़क तक आ सकता है। जेई जितेन्द्र देव वर्मा के अनुसार पुरानी लाईन थी जो काफी जर्जर अवस्था में थी जिसके बदलने का काम चल रहा है।

# छह वर्ष बीतने पर भी जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग का काम अधूरा

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**



जिला मुख्यालय उरई-हमीरपुर मार्ग में 33 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले जोल्हूपुर रेलवे क्रॉसिंग परियोजना का काम 6 वर्ष गुजर जाने के बाद भी पूरा न होने से आये दिन जाम तथा आवागमन की समस्या पैदा हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उरई-जोल्हूपुर मोड़-हमीरपुर फोरलेन सड़क में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग में फोरलेन ओवरब्रिज निर्माण कार्य की मंजूरी वर्ष 2017 में मिली थी। उप्र राज्य सेतु निगम तथा रेलवे विकास निगम लिमिटेड के द्वारा वर्ष 2018 में काम शुरू कराया गया था। तीन वर्ष के अंदर कार्य पूरा होना था, लेकिन 6 वर्ष से अधिक का समय गुजर चुका है लेकिन काम पूरा नहीं हो सका। कार्य का निर्माण होने की वजह से भारी वाहनों के लिए आवागमन पर पूरी तरह से रोक लगी थी। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भूपेंद्र सिंह, विवेक सिंह, रविन्द्र सिंह राठौड़ आदि ग्रामीणों ने जानकारी देते हुये काम की धीमी गति तथा अव्यवस्थित तरीके से चल रहा है। चूंकि करीब दो सप्ताह पहले मौर्य से लदे भारी वाहनों को क्रासिंग से गुजरने की अनुमति दी गई है। जबकि खाली ट्रक डायबर्ट करके आटा इटौरा होकर निकालने की व्यवस्था की गई है। खाली ट्रक के तमाम चालक मनमानी करके रेलवे क्रॉसिंग से ही अपने वाहन निकालने लगते हैं दोनों तरफ के बहनों के हवाजाही के कारण मार्ग में लंबा जाम लग जाता है भीषण गर्मी की वजह से मुसाफिर गाड़ियों में जाम में फंसे रहते हैं। ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र कुमार ने बताया कि सुगम यातायात व्यवस्था के लिए क्रॉसिंग के दोनों साइड में सिपाहियों की तैनाती की गई है। उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के प्रोजेक्ट मैनेजर मुकेश कुमार तथा अवर अभियंता आर.के सचान ने क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी को आश्वासन 31 मई 2024 के अंदर टू लेन ओवरब्रिज का कार्य पूरा हो जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### कागज गोदाम में लगी आग, हुआ लाखों का नुकसान

**कालपी, जालौन)।** शुक्रवार दोपहर नगर के मुहल्ला उदनपुरा स्थित कागज गोदाम में आग लग गई जिसमें लाखों का कागज जलकर खाक हो गया है। मुहल्ला उदनपुरा में तेजीम पुत्र अख्तर की कागज फैक्टरी है जहां पर बिभिन्न किस्म के कागज का निर्माण होता है। कागज निर्माता ने बड़ी मात्रा में कागज का निर्माण कर फैक्टरी के बाहर मैदान में मौजूद गोदाम में रखा था लेकिन शुक्रवार दोपहर अचानक भड़की आग से गोदाम जल उठा था। आनन फानन उसने आग लगने की सूचना अग्निशमन दल को दी थी लेकिन तब तक आग बिकराल रूप धारण कर चुकी थी और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया तब तक गोदाम में रखा कागज जलकर खाक हो चुका था। गोदाम मालिक की माने तो लगभग दो ट्रक कागज उसने बेंचने के लिए रखा था जिसकी कीमत लगभग 17 लाख रुपये होगी। वही अग्निशमन दल के प्रभारी महेन्द्र प्रसाद वाजपेई के अनुसार आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल सका है हालांकि सूत्रों की माने तो शुक्रवार सुबह भी आग लगी थी लेकिन फैक्टरी स्वामी ने उसे बुझा दिया था लेकिन दोपहर को आग फिर भड़क गई थी।

### सट्टा नंबर लिखते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन,उरई।** चौकी पुलिस ने सट्टे के नंबर लिखते हुए एक युवक को पकड़ा। पुलिस ने युवक के पास से डायरी, पेन समेत 750 रुपये नकद बरामद किए। चौकी प्रभारी दामोदर सिंह को सूचना मिली कि छत्रसाल मोड़ के पास एक युवक 10 रुपये लगाने पर 900 रुपये मिलने का लालच देते हुए सट्टे के नंबर लिख रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने सट्टे के नंबर लिख रहे पिंटू निवासी कछोरन को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने युवक के पास से डायरी, पेन, सट्टे के नंबर लिखी हुई पर्चियां व 750 रुपये नकद बरामद किए। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### तम्बाकू सेवन न करने की दिलायी शपथ

**उरई (जालौन)।** राजकीय मेडिकल कालेज जालौन उरई में विश्व तम्बाकू दिवस मनाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों से आम जनता को जागरूक करना था। इस अवसर पर मेडिकल कालेज प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. आरके मौर्य के मार्गदर्शन एवं डॉ. रीना कुमारी प्रधानाचार्य नर्सिंग कालेज की देखरेख में टीबी एवं चेस्ट विभाग, दंत रोग विभाग के सम्मिलित सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बीएससी नर्सिंग, पैरा मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने पोस्टर, चार्ट एवं नाटक के माध्यम से तम्बाकू से होने वाली बीमारियों जैसे फेफड़ों का कैंसर, मुंह का कैंसर, स्वसन संबंधी बीमारियों के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. आरके मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत निरंजन, नोडल अधिकारी डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह कालेज ऑफनर्सिंग, डॉ. अरुण अहिरवार, निश्चेतना विभाग, डॉ. जितेंद्र मिश्रा चिकित्साधिकारी उप प्रधानाचार्य कालेज ऑफनर्सिंग डॉ. उम महेश्वरी समस्त नर्सिंग कालेज फैकल्टी एवं नर्सिंग, पैरा मेडिकल कालेज के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# तंबाकू का सेवन जानलेवा है, बर्बाद करता है हमारा जीवनः शैलेन्द्र यादव

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के सचिव/अपर जिला जज शैलेंद्र यादव ने जिला जेल घुरमा में कैदियों के बीच जागरूकता की अलख जगाई।

श्री यादव ने कैदियों को आगाह किया कि तंबाकू का सेवन हमारे शरीर ही नहीं हमारे जीवन को भी बर्बाद कर देता है। चेताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़े का रोग, मधुमेह और तमाम जानलेवा बीमारियों को हमारे शरीर में जगह बनाने का अवसर मिल जाता है। उन्होंने कैदियों के बीच जहां तंबाकू न सेवन करने कि उन्हें शपथ दिलाई वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र द्वारा देय सुविधाओं का हवाला देते हुए विधिक जागरूकता और साक्षरता का भी आयोजन किया। जिला जेल सोनभद्र में आयोजित शिविर के दौरान कारागार सोनभद्र के अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव, जेलर जगदंबा प्रसाद दुबे, डिप्टी जेलर गौरव कुमार, चिकित्सा अधिकारी कारागार सैयद शोएब अली, डिप्टी के लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल सोनभद्र के सत्या रमण त्रिपाठी की भी उपस्थित रही। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ही अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र शैलेंद्र यादव ने जनपद सोनभद्र में स्थापित वन स्टाप सेंटर का भी निरीक्षण कर वहां की व्यवस्था का हाल जाना और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

# पत्रकार गौरव सम्मान से राजेश कुमार तिवारी सम्मानित

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



रेणुकूट भारतीय पत्रकार एसोसिएशन रेणुकूट, सोनभद्र उप्र सातवां स्थापना दिवस एवं पत्रकारिता दिवस समारोह 30 मई 2024, दिन बृहस्पतिवार को बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

गौरतलब है कि कार्यक्रम में जनपद के कोने-कोने से पत्रकारों एवं वृद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति हुई। जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार राजेश कुमार तिवारी को प्रमाण पत्र, साल, शील्ड, पुष्प देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- विजय विनीत- प्रसिद्ध पत्रकार एवं लेखक विशिष्ट अतिथि गोविन्द पुर आश्रम कि डॉ विभा, विशिष्ठ अतिथि मंजुलेकर पाण्डेय, कार्यक्रम कि अध्यक्षता नईम गाजीपुरी, संचालन लल्लन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम का स्थान- इंडियन पब्लिक स्कूल, मुर्धवा, रेणुकूट सोनभद्र प्रारम्भ - मुख्य अतिथि का सम्मान, स्वागत, उद्बोधन एवं परिचर्चा किया गया। कार्यक्रम का विषय- नए दौर की पत्रकारिता पर संवाद, सोनभद्र के पत्रकारों के साथ सातवां स्थापना दिवस व पत्रकारिता दिवस समारोह 30 मई 2024, दिन बृहस्पतिवार को मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश कुमार मिश्रा अध्यक्ष विश्वकर्मा नगर, रेणुकूट, जनपद-सोनभद्र 231217 उप्र। कार्यक्रम में सम्मान - पत्र राजेश कुमार तिवारी को भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के सातवां स्थापना दिवस व 30 मई 2024 पत्रकारिता दिवस समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए आपको पत्रकारिता गौरव सम्मान से संस्था द्वारा पत्रकार राजेश कुमार तिवारी को गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाता है। संस्था ईश्वर से आपके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करती है।

## तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन

**विढमगंज, सोनभद्र।** विकासखंड दुध्दि के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुटबेढवा में स्थित कंपोजिट विद्यालय विढमगंज में तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन आज संपन्न हुआ। समापन समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चन कर प्रारंभ किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी दुध्दि महेंद्र मौर्य एवं ग्राम प्रधान तारा देवी के निर्देशन में समर कैंप का आयोजन प्रधानाचार्य राजकमल यादव के द्वारा किया गया बच्चों में पढ़ाई की निरंतरता को बनाए रखना, उन्हें खेल के साथ-साथ अन्य गतिविधियों से जोड़ने और आत्मरक्षा के गुण सीखने के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया था प्रधानाध्यापक राजकमल ने बताया कि तीन दिवसीय समर कैंप में बच्चों को खेल गतिविधियों के साथ-साथ नृत्य, संगीत, चित्रकला, पेंटिंग, योग सिखाने का अवसर प्रदान किया गया।

## बाइक जानवर से टकराई मां की मौत, बेटा घायल

**जालौन (उरई)।** कुठौंदा खुर्द गांव से मध्य प्रदेश जा रहे मां बेटे की बाइक सड़क पर अचानक सामने आए जानवर से टकराई। हादसे में मां की मौत हो गई जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हुआ। बेटे को उच्च संस्थान रेफर किया गया। जबकि मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा खुर्द निवासी सनी कुमार पुत्र अखिलेश शुक्रवार की सुबह मां सोमवती के साथ बाइक से किसी काम के चलते मध्य प्रदेश के भिंड जा रहा था। जब उनकी बाइक सुढ़ार श्रमदान के पास पहुंची तभी अचानक से बाइक के सामने आवारा जानवर के आने से वह बाइक को संतुलित नहीं कर सका और बाइक जानवर से टकरा गई।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई अहिल्याबाई की जयंती

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**




समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर शुक्रवार को अहिल्याबाई होलकर की 299वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण करके उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर सदैव अपने राज्य और वहां के लोगों के हित में कार्य किया। उनकी कार्यप्रणाली बहुत ही सुगम एवं सरल रही है।

उन्होंने अपने राज्य के लोगों के साथ बड़े प्रेम पूर्वक एवं दया के साथ व्यवहार किया।अहिल्याबाई होलकर ने कई युद्धों में अपनी सेना का नेतृत्व किया और हाथी पर सवार होकर वीरता के साथ लड़ी। उन्होंने कहा कि वे मालवा प्रांत की महारानी थी। उन्होंने समाज की सेवा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया तथा समाज के लिए तमाम जनहित के कार्य किया। सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि पार्टी कार्यालय पर सभी नेताओं ने उनके चित्र पर माला पहनाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके जीवन के संघर्षों के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से सपा प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव,जिला उपाध्यक्ष जे.पी.यादव, ओ.पी. पासवान, चौधरी बलराम यादव, जिला सचिव अंसार अहमद बबन, वरिष्ठ नेता बाबूराम गौड, पार्षद राम भवन यादव, राम अंजोर यादव, राकेश चौरसिया, विशाल यादव, दिलीप रावत,सुभाष पासी,वंश देव पासवान, सीताराम यादव, रामपाल, सुरेश पाल वइश्तियाक खान आदि लोगों मौजूद रहे।

## विद्युत तार बदलने की ग्रामीणों ने की उठाई मांग

**उतरौला ,बलरामपुर।** जर्जर एचटी लाइन विद्युत तार बदलने के चक्कर में गरीब के खाली पड़ी जमीन जिस पर घर बनना था उसके उपर से खीच दिया छा लाइन एचटी तार जिससे गरीब का रो रो कर बुरा हाल। विकास खण्ड उतरौला अन्तर्गत ग्राम नगरिया के राजेश कुमार और राकेश कुमार निषाद दो भाई है पिता के दिवंगत होने के बाद मेहनत मजदूरी करके बड़े भाई ने अपना आशियाना बना किसी तरह बना लिया बगल में खाली पड़ी जमीन छोटे भाई के हिस्से में आई जिस पर पहले से ही मंसूर जोत के लिए एचटी तार खिंचा हुआ है किंतु उतना ही होता तो भी चलता कार्यदाई संस्था ने तीन तार और दो खंभे और गाड़ दिया जिससे फंट का जमीन और उपर से छा लेन में एचटी तार ने समूचे जमीन को घेर लिया। प्रार्थी राजेश निषाद ने बताया कि कई बार कार्यदाई संस्था से बात किया वह बताते रहे कि गलत तरीके से हो गया है।


## कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद, जनपद फर्रु0

पत्रांकः मीमो/न0पं0-ना0द0हे0/2023-24/शमशाबाद दिनांक 30 मई 2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री शुभम रस्तोगी पुत्र हरिश्याम निवासी मो0 सावन टोला शमशाबाद द्वारा अपना नाम नगर पंचायत में दर्ज करवाने हेतु पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत की है। पंजीकृत बैनामा के आधार पर श्री शुभम रस्तोगी पुत्र हरिश्याम द्वारा मोहल्ला बाजार मण्डी में स्थित दुकान श्री माजिद हुसैन पुत्र स्व0 मो0 सईद निवासी मोहल्ला काजी टोला से क्रय की है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है-पूरब में दुकान मशवरी बेगम, पश्चिम में दुकान आफतब हुसैन, उत्तर में रास्ता, दक्षिण में सड़क नगर पंचायत शमशाबाद है।

अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाश से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमशाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

## कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद, जनपद फर्रु0

पत्रांकः मीमो/न0पं0-ना0द0हे0/2023-24/शमशाबाद दिनांक 30 मई 2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री मोहित रस्तोगी पुत्र हरिश्याम रस्तोगी निवासी मो0 सावन टोला शमशाबाद द्वारा अपना नाम नगर पंचायत में दर्ज करवाने हेतु पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत की है। पंजीकृत बैनामा के आधार पर श्री मोहित रस्तोगी पुत्र हरिश्याम रस्तोगी द्वारा मोहल्ला बाजार मण्डी में स्थित दुकान श्री माजिद हुसैन पुत्र स्व0 मो0 सईद निवासी मोहल्ला काजी टोला से क्रय की है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है-पूरब में दुकान शुभम रस्तोगी, पश्चिम में दुकान दिलशाद, उत्तर में दुकान शाहिद हुसैन, दक्षिण में सड़क नगर पंचायत शमशाबाद है।

अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाश से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमशाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**

## कार्यालय नगर पंचायत शमशाबाद, जनपद फर्रु0

पत्रांकः मीमो/न0पं0-ना0द0हे0/2023-24/शमशाबाद दिनांक 30 मई 2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री शुभम रस्तोगी पुत्र हरिश्याम रस्तोगी निवासी मो0 सावन टोला शमशाबाद द्वारा अपना नाम नगर पंचायत में दर्ज करवाने हेतु पंजीकृत दान पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत की है। पंजीकृत दान पत्र के आधार पर श्री शुभम रस्तोगी पुत्र हरिश्याम रस्तोगी द्वारा मोहल्ला सावन टोला को उनके पिता जी श्री हरिश्याम रस्तोगी पुत्र स्व0 राधेरमन के द्वारा एक किता व्यवसायिक दो मंजिला दुकान दे दी है। जिसकी चौहद्दी इस प्रकार है-पूरब में गली, पश्चिम में दुकान भगवान, उत्तर में मकान रमेश, दक्षिण में सड़क नगर पंचायत शमशाबाद है।

अतः उक्त के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाश से तीस (30) दिवस के अन्तर्गत अपनी आपत्ति मय प्रमाणित अभिलेखों/साक्ष्यों के साथ नियमानुसार प्रस्तुत कर सकता है वाद मियाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा और वह निरस्त समझी जावेगी तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147(1) के खण्ड (ख) के अन्तर्गत नाम परिवर्तन दर्ज कर दिया जावेगा। इसके उपरान्त नगर पंचायत शमशाबाद की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, शमशाबाद, जनपद फर्रुखाबाद**


# जिला गन्ना अधिकारी ने किया गन्ना सर्वे का निरीक्षण



**उतरौला ,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

बजाज चीनी मिल उतरौला परिक्षेत्र के ग्राम कोल्हुई बिनौनी रामपुर बगनहां में जिला गन्ना अधिकारी बलरामपुर रंजीत सिंह कुशवाहा ने चीनी मिल के सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा के साथ गन्ना सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण किया जो की सही पाया गया। जिला गन्ना अधिकारी ने वहां पर उपस्थित किसानों को अधिक उत्पादन लेने के लिए आवश्यक जानकारी दिए तथा सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा ने किसानों को गन्ना फसल में बेधक कीटों से बचाव के लिए जानकारी दिए तथा अधिक गर्मी पड़ने के कारण गन्ने की फसल की सिंचाई बराबर करते रहने के बारे में कृषकों को बताएं। पेड़ी प्रबंधन में सिंचाई खाद व गुड़ाई अवश्य करें। जिससे फसल अच्छी होगी साथ ही साथ फसल सुरक्षा के दृष्टिकोण से बेधक कीटों की रोकथाम के लिए 150 एम एल कोराजन को एक एकड़ खेत के लिए 400 लीटर पानी में धोल बनाकर गन्ने की जड़ों के पास मोटे फव्वारे से ड्रेंचिग करें। तथा दो किलो फरटेरा प्रति बीघा के दर से डालकर सिंचाई कर दें जिससे गन्ने की फसल को बेधक कीटों से बचाया जा सके। किसान भाई गन्ना सर्वे के दौरान अपने खेतों पर उपस्थित रह कर अपने खेतों का गन्ना सर्वे अवश्य करा लें जिससे आगामी पेराई सत्र में किसानों को गन्ना आपूर्ति करने कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। गन्ना सर्वे निरीक्षण के दौरान विजय पाण्डेय बृजेश प्रताप सिंह बीरविक्रम मिश्रा जगप्रसाद दुःखी तुलाराम राममनोरथ दासे बब्लू आदि लोग मौजूद रहें।

## दुधारू पशु चोर गिरोह सक्रिय, सीसीटीवी में कैद हुई चोरों की करतूत

**कालपी, जालौन।** दुधारू पशु बाहर बांध रहे हो तो सावधान हो जाए। नगर में पशु चोर गिरोह सक्रिय हो गया है जो पलक झपकते पशुओं को गाड़ी में लादकर फरार हो जाता है। बुधवार रात उनकी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। वैसे तो गर्मी के मौसम में प्रतिवर्ष पशु चोर सक्रिय हो जाते हैं जो ग्रामीण इलाको में आवारा घूम रहे पशुओं को निशाना बनाते हैं और यह सिलसिला वर्षो से चला आ रहा है जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों के पशु गायब होते रहे हैं लेकिन अब पशु चोरों के हौंसले और बढ़ गये हैं और वह अब नगरीय क्षेत्र में भी घरों के बाहर दुधारू पशुओं को निशाना बनाते लगे हैं और ऐसी ही एक पशु चोरी की घटना बुधवार रात सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है।

# ग्राहक से साढ़े चार लाख लेकर सर्राफा व्यापारी पिता-पुत्र गायब

**जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज**



सर्राफा की दुकान में ताला डालकर सर्राफा व्यापारी के भागने का आरोप ग्राहक ने लगाया है। उसने व्यापारी पर उसके रुपये भी ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस दुकानदार की तलाश कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रावतान निवासी प्रदीप कुमार उर्फ बंटी ने पुलिस को बताया कि बस स्टैंड के पीछे मोहल्ला घुवाताल में मोहल्ला कछोरन निवासी विनोद कुमार की सराफ की दुकान है। 11 जुलाई को उनके यहां विवाह है। उन्होंने विवाह के लिए 70 ग्राम सोने के और 250 ग्राम चांदी के आभूषण बनाने के लिए दुकानदार को चार लाख 50 हजार रुपए 20 मई को जमा किए थे और दुकानदार से रसीद भी ली थी। एक दो दिन बाद वह दुकान पर गए तो दुकान पर ताला लटका मिला। कहीं जाने की बात सोचकर वह वापस लौट आए। कुछ दिन बाद जब वह दुकान पर पहुंचे तब भी दुकान नहीं खुली। जब उन्होंने इस बारे में पता किया तो पता चला कि दुकानदार मकान बेचकर परिवार के सदस्यों के साथ भाग गए हैं।

# मतगणना कार्य में जिन्हें जो दायित्व दिए गए हैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाहन करेंगे: जिला निर्वाचन अधिकारी

- मतगणना कार्य में नियुक्त किए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जिला निर्वाचन** अधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में बैठक कर मतगणना कार्य में नियुक्त किए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि जिन्हें जो दायित्व दिए गए हैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वाहन करें और स्पीड विद एक्यूरेसी के साथ कार्य करें।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतगणना का कार्य नवीन मंडी स्थल, जीटी रोड, कन्नौज में निर्धारित शेड में विधान सभावार कराया जायेगा। कहा कि 196-विधानसभा छिबरामऊ के नायब तहसीलदार द्वारा प्रत्येक टेबिल से बूथवार प्रपत्र-17सी0 (भाग-2) एकत्रित कर चरणवार फोल्डर (21 बूथ) और 197विधान सभा तिर्वा एवं 198- विधानसभा कन्नौज के नायब तहसीलदार द्वारा प्रत्येक टेबिल से बूथवार प्रपत्र-17सी0 (भाग-2) एकत्रित कर चरणवार फोल्डर (14 बूथ) बनाकर एक-एक प्रति मैन्युअल टीम एक्सेल टीम एवं एनकॉर टीम को उपलब्ध करायेगें। मैन्युअल टीम द्वारा प्रत्येक टेबिल से बूथवार एकत्रित किए गए प्रपत्र-17सी0 (भाग-2) का फोल्डर (14 बूथ) आपको उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके आधार पर चक्रवार प्रपत्र टैबुलेशन/ट्रेंड्स मैन्युअली तैयार करेगें। मैन्युअल टीम द्वारा तैयार प्रपत्र टैबुलेशन/ट्रेंड्स मैन्युअली की जॉच/ मिलान करेगें



तथा अपने हस्ताक्षर करेगें। कहा कि एक्सेल शीट टीम प्रत्येक टेबिल से बूथवार एकत्र किए गए प्रपत्र-17सी (भाग-2) के आधार पर चक्रवार प्रपत्र टैबुलेशन/ट्रेंड्स एक्सेल शीट पर तैयार करेगें तथा प्रिन्ट निकाल कर मिलान कर लेगें तथा अपने हस्ताक्षर करेगें। एनकॉर इ टीम मैन्युअली एवं एक्सेल शीट से मिलान करने के उपरान्त आयोग के सॉफ्टवेयर एनकॉर पर चक्रवार परिणाम फीड कर प्रिन्ट लेकर खण्डीय लेखाधिकारी को उपलब्ध करायेगें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि खण्डीय लेखाधिकारी जांचोपरान्त एआरओ को उपलबध करायेगे तत्पश्चात एनकॉर पर डाटा को एआरओ द्वारा फाइनलाइज किया जाएगा। उन्होंने समस्त ए आर ओ को निर्देश दिए कि डाटा को फाइनलाइज़ करने के पूर्व पुनः चेक कर लिया जाए। किसी भी प्रकार से गलत डाटा पब्लिश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि खण्डीय लेखाधिकारियों द्वारा विधानसभावार तीनों टीमों से फार्म 20 प्राप्त कर टैबुलेशन का स्वयं मिलान कर अपने हस्ताक्षर करेगें तथा उप जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को हस्तगत करोयगें। इस प्रकार उप जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तीनों के योग आपस में मिल रहें है अथवा नहीं? इस हेतु मैन्युअल शीट, एक्सेल शीट व एनकॉर शीट (फॉर्म-20) प्राप्त कर परीक्षणोपरान्त संतुष्ट होने पर हस्ताक्षर करेंगें एव रिटर्निंग आफिसर को उपलब्ध करायेगें। तत्पश्चात् एनकॉर पर डाटा फाइनालाइज किया जायेगा।इसी क्रम में 202- विधान सभा बिधुना और 205- विधान सभा रसूलाबाद के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर से प्राप्त प्रपत्र टैबुलेशन/ट्रेंड्स मैन्युअली का क्रॉस चेक करेंगे। यदि कोई त्रुटि परिलक्षित होती है तो सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को तत्काल सूचित करेंगे। कहा कि संबंधित अधिकारी पांचो विधानसभाओं से प्राप्त चक्रवार परिणाम को एक्सेलशीट (फार्म-20 भाग 2) में फीड करेंगे। कहा कि संबधित अधिकारी पोस्टल बैलेट पेपर की मतगणना में मिले मतों को निर्धारित प्रपत्र- 20 भाग 2 पर प्रत्याशीवार अंकन कराते हुए रिटर्निंग ऑफिसर से हस्ताक्षर कराएंगे। कहा कि पांचो विधानसभाओं से प्राप्त प्रपत्र टैबुलेशन/ट्रेंड्स मैन्युअली को चक्रवार एकत्रित कर कंपाइल करेंगे तथा रिटर्निंग ऑफिसर से हस्ताक्षर कराएंगे एवं सूचना हेतु नियुक्त अधिकारियों को उपलब्ध कराएंगे। कहा जितने राउंड हो उसी के अनुसार फोल्डर बनाए जाएं।

मीडिया बंधुओं को समय से सूचना उपलब्ध कराई जाये। दिए गए कार्यों में किसी भी प्रकार के लापरवाही/शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री स्मृति मिश्रा, समस्त उप जिलाधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## विदाई समारोह में भावुक हुए सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक

- कोतवाल ने साल ओढ़ाकर व उपहार भेंटकर खिलाया मिष्ठान

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**स्थानीय कोतवाली** के कर्तव्यनिष्ट उपनिरीक्षक रामसेवक वर्मा की शुक्रवार को सेवानिवृत होने पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा एवं सहकर्मियों ने मिष्ठान खिलाकर व साल ओड़ाकर एवं उपहार भेंटकर यादगार विदाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्त होना एक सतत् प्रक्रिया है जिससे एक दिन हम सभी को गुजरना है।

शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली कार्यालय में सेवानिवृत्त हुए उपनिरीक्षक आर एस वर्मा को प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा सहित अन्य सहकर्मियों ने मिष्ठान खिलाकर व उपहार भेंट करने के उपरांत कहा कि इनके द्वारा विभाग की सेवा में किए गए कार्यों को हमेशा याद किया जाएगा। कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद समाज सेवा करते हुए परिवार के बीच आनंद मय जीवन व्यतीत करें। इस दौरान अपने विदाई समारोह में भावुक हुए सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक आर एस वर्मा ने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन बेहद जरुरी है। कहा की सच्चा सिपाही वही है जो अपने फर्ज के प्रति पूरी तरह से ईमानदार हो साथ ही सामाजिक मूल्यों को भी समझे। इस दौरान कस्बा प्रभारी रोबिन सिंह, मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा, नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा, बनियानी चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह, सहित हेड मार्हरिर राघवेंद्र सिंह, महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह, कांस्टेबल सुधीर चौहान, समर बहादुर, विनीत कुमार, विनय कुमार, गगन कुमार, अंशुमान, प्रशांत कुमार, महिला कांस्टेबल रोशनी बालियान, प्रियंका रानी, अपूर्वा सिंह, आसमीन, जय ललिता आदि मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक को साल ओढ़ाकर स्वागत करते प्रभारी निरीक्षक — समृद्धि न्यूज

## आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी ने धूमधाम से मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शुक्रवार को** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के पदाधिकारियों ने जिले के ग्राम नियो खास में अहिल्याबाई होल्कर की 229वी जयंती धूमधाम से मनाई। इस मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि मालवा की रानी राजमाता अहिल्याबाई होल्कर एक सबसे सफल व दूरदर्शी व बहादुर शासक रही है। कहा कि अहिल्याबाई होल्कर समाज व महिलाओं के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। भीम आर्मी जिलाध्यक्ष वीरू खरे ने कहा कि अहिल्याबाई बहुत बहादुर महिला थीं। इस मौके पर भीम आर्मी मण्डल उपाध्यक्ष विजय गिहार, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश कबीर, जिला मंत्री अजय प्रधान, जिला प्रभारी नेम सिंह, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, विधानसभा सचिव शनी गौतम, ब्रजेश कुमार, आजाद, अभिषेक गौतम समेत पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें चलते-चलते

### अब व्यवस्थाओं के चलते गौ संरक्षण केंद्र में मर रहे गौवंश

**छिबरामऊ कन्नौज।** गर्मी में रात के लिए खुद ऐसी कार्यालय में बैठे अधिकारी गौशालाओं में चकबंदी व्यवस्थाओं के दावे करते रहते हैं लेकिन हकीकत इससे दूर है। छिबरामऊ देहात की ग्राम दिलूनगला स्थित गौ संरक्षण केंद्र हर और अवस्था का बोल वाला होने के कारण को गोवंश के पानी पीने के लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए का बजट देकर मनरेगा के जरिए तालाब खुदवाया गया जिसमें पानी न होने के कारण गोवंश पानी पीने के लिए नाली व नाले का पानी पीकर अपने प्यास हो जा रहा है तालाब में धूल उड़ रही है को वश अपनी दम तोड़ रहा है कई सब गड्ढे कर कर दफना दिए गए कई सब तो जंगली जानवर खा रहे हैं जिम्मेदार लोग एसी में बैठकर गौशाला का सुंदरीकरण हुआ कई आधुनिकीकरण का बयान देकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं सरकारी योजना को लगा रहे पलीता।

### सुंदरकांड पाठ आज

**छिबरामऊ कन्नौज।** सुंदरकांड पाठ जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी फर्रुखाबाद रोड छिबरामऊ कन्नौज के सौजन्य से श्री सीताराम जी धाम इंदिरा आवास कॉलोनी में मासिक सुंदरकांड का पाठ कल दिनांक 1 जून 2024 को 6:00 बजे से प्रारंभ होगा सभी सीताराम जी के भक्तों श्री बालाजी महाराज जी के भक्तों से आग्रह है कि सुंदरकांड पाठ में सम्मिलित होकर अपना और अपने परिवार का जीवन धन्य करें।

### गृह क्लेश के चलते ग्रामीण ने खाया कीटनाशक पदार्थ

**तिर्वा।** छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के हदयरामपुर गांव में गृह क्लेश के चलते ग्रामीण ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत खराब होने पर उसको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां से उसको कानपुर रेफर कर दिया गया। हदय रामपुर गांव निवासी इरसाद (40) पुत्र चांद बाबू ने शुक्रवार की सुबह गृह क्लेश के चलते घर में रखा कीटनाशक पदार्थ खा लिया। हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उसको उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसकी हालत में सुधार न होने पर उसको कानपुर रेफर कर दिया गया।

### कोतवाली पुलिस ने वांछित को धर दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु बांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत छापेमारी कर छेड़छाड़ के आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। शुक्रवार को बांछितों की तलाश में हमराह सिपाहियों विवेक कुमार व शेरपाल के साथ गस्त कर रहे सराय प्रयाग चौकी प्रभारी राहुल ने मुखबिर की सूचना पर तेराजाकेट स्थित महामाई मंदिर के निकट छापेमारी की जहां से रुखसाद पुत्र नसरुद्दीन निवासी सराय प्रयाग को हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर जनपद न्यायालय भेजा गया।

### कटहल तोड़ने का विरोध करने पर महिला पर हंसिये से हमला

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कटहल तोड़ने से मना करने पर विवाद होने पर एक पक्ष ने पत्नी व उसके पति पर हमला बोल दिया। जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भुलनपुर चिरपुरा निवासी श्यामाचरन व उनकी पत्नी श्यामादेवी का गांव के ही रजनीकांत व लक्ष्मीकांत से कटहल तोड़ने को लेकर विवाद हो गया। पहले कटहल का पेड़ लक्ष्मीकांत व रजनीकांत के हिस्से में था। बंटवारे के दौरान पेड़ श्यामादेवी के हिस्से में आ गया। आरोपी लक्ष्मीकांत आदि जबरियन कटहल तोड़ रहे थे। श्यामादेवी ने मना किया तो हसिये से उन पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गयी। चीख पुकार की आवाज सुनकर पति बचाने आया तो उस पर भी हमला बोल दिया। जिससे वह भी घायल हो गया। महिला को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां उपचार चल रहा है।

## इंदुयागंज बिजली उपकेंद्र पर पहुंचा ट्रांसफार्मर



**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**भीषण गर्मी** के चलते आम जनता का हाल बेहाल है कस्बा समधन में पिछले काफी दिनों से बिजली कटौती व लो वोल्टेज समस्या से जनता जूझ रही है। लोग ठंडा पानी पाने व पंखे कूलरों की हवा के लिए तरस रहे हैं। किसानों की फसले भी सूख रही है। अघोषित बिजली कटौती से किसानो की सूखती फसलों को देखते हुए बीते दिनों भाकियू के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने सैकड़ों किसानों के साथ गुरसहायगंज बिजली पावर हाउस पर धरना प्रदर्शन कर समस्या को लेकर मांग की गई थी जिसके बाद इंदुयागंज बिजली उपकेंद्र से समधन नगर में बिजली पहुंचाने के लिए रिहुआ तक नय पोल लगाकर तार भी खींचें जा चुके हैं। और ट्रांसफार्मर रखने के लिए बेस भी बन गया है। जनप्रतिनिधियों से लेकर आम जनता की मांग पर शुक्रवार को बिजली उपकेंद्र पर नया ट्रांसफार्मर पहुंच गया ट्रांसफार्मर पहुंचने की खबर समधन नगर वासियों को मिली खुशी की लहर जाग उठीं जल्द ही ट्रांसफार्मर लगाकर कस्बा समधन में बिजली सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

## तम्बाकू के लगातार सेवन से हो जाती कैंसर की बीमारी

- विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम
- एमबीबीएस स्टूडेंटस व डॉक्टरों की टीम ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को तम्बाकू का सेवन न करने की दिलाई शपथ



पोस्टर व बैनर के जरिए लोगों को जागरूक करते एमबीबीएस स्टूडेंटस व डॉक्टर — समृद्धि न्यूज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**डॉ. भीमराव** रामजी अम्बेडकर चिकित्सा महाविद्यालय की ओपीडी में शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के उपलक्ष्य में कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग व दन्त रोग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेडिकल स्टूडेंटस व चिकित्सकों की टीम ने संयुक्त रूप से नुक्कड़ नाटकों के जरिए तम्बाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारियां दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कम्यूनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ.डीएस मार्तोलिया ने कहा कि तम्बाकू का निरंतर सेवन कैंसर जैसी घातक बीमारियों को जन्म देता है। इसके सेवन से मुख व जीभ में छाले पड़ने शुरू हो जाते है। उन्होने बताया कि विश्व में प्रतिबर्ष लाखों लोगों की मौत तम्बाकू व नसीले पदार्थों के सेवन से हो जाती है। दंत रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.मधुलिका यादव ने कहा कि तम्बाकू के सेवन से शुरूआती दौर में ही दांतो पर इसका प्रभाव पड़ना शुरू हो जाता है। लगातार तम्बाकू चबाने से दांत कमजोर होकर गिरने लगते हैं तथा मुख में अन्य बीमारियां शुरू हो जाती है। कार्यक्रम को मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल, सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह, डॉ.प्रीती वर्मा, डॉ.नेहा वर्मा, डॉ. हर्षिका गौतम, डॉ.अवधेश, डॉ. सैफ अनीस, डॉ.वैभव, डॉ.जमील, डॉ.रोली ने भी संबोधित करते हुए तम्बाकू व अन्य नशीले पदार्थो से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारियां दी। कार्यक्रम के दौरान मेडिकल स्टूडेंटस ने पोस्टर बैनर व नुक्कड़ नाटकों के जरिए ओपीडी में मौजूद मरीजों व तीमारदारों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारियां दी। बाद में एक हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों को तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई।

## राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण दिवस पर लगाया गया जागरूकता शिविर



- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार ने तंबाकू नियंत्रण निषेध की शपथ दिलाई, लोगों को किया गया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**राष्ट्रीय** तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय स्थित सभागार में एक गोष्ठी आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद कुमार तथा नोडल एनसीडी डॉ ओपी गौतम ने तंबाकू निषेध नियंत्रण की शपथ दिलाई। साथी तंबाकू से मानव जीवन में होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। वहीं डॉ भीमराव रामजी राव अंबेडकर राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा तथा संयुक्त जिला चिकित्सालय स्टाफ एवं चिकित्सालय मे आए रोगियों, तीमारदारों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर डॉ के.पी त्रिपाठी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डीटीओ डॉ एके जाटव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ महेंद्र भान सिंह डिप्टी सीएमओ, डॉ बृजेश शुक्ला डिप्टी सीएमओ, यतेंद्र कुमार मंजुल अपर शोध अधिकारी, डॉ रवि प्रताप सिंह जनपद सलाहकार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ समेत अन्य कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## गंगा नदी में डूबने से हुई युवक की मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए गंगा नदी में साथियों के साथ नहाने गया युवक गंगा नदी में डूब गया। साथियों द्वारा चीख पुकार मचाने पर ग्रामीण गोताखोरों ने युवक को बाहर निकाला लेकिन तब तक युवक की मृत्यु हो गई थी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की गई। शुक्रवार की दोपहर भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए पड़ोसी कस्बा तलाग्राम के ग्राम पलरी निवासी 20 वर्षीय धर्मेंद्र पुत्र अनुज अपने साथियों के साथ क्षेत्र के जलेसर गंगा घाट पर नहाने गया था। जहां नहाने के दौरान धर्मेंद्र अचानक गहराई में चला गया साथियों द्वारा चीख पुकार मचाने पर ग्रामीण गोताखोरों की मदद से धर्मेंद्र को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। किसी की सूचना पर पहुंचे नौरंगपुर चौकी प्रभारी नीरज शर्मा ने प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मृतक के शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**पुनीत कार्य** | मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर से भूसा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

## भूसा दान करना पुनीत कार्य है, इस कार्य में सभी लोगों को आगे आना चाहिए: सीडीओ

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**मुख्य विकास** अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से भूसा गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भूसा दान करना पुनीत कार्य है। इस पुनीत कार्य में सभी लोगों को आगे आना चाहिए। कहा कि उपायुक्त मनरेगा /खंड विकास अधिकारी तिर्वा श्री दयाराम यादव द्वारा 501 कुंतल भूसा का दान लोगों के सहयोग से लिया गया जिसमें क्षेत्र की जनता एवं कर्मचारियों की मुख्य भूमिका रही है। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य कर रहे संस्था जीवीपीआर (जीवीपीआर) द्वारा भी 100 कुंटल भूसा का योगदान किया गया है द्य मुख्य विकास अधिकारी ने भूसा दान में योगदान देने वाले



सभी संबंधित की भूरि भूरि प्रशंसा की है द्य उन्होंने अन्य विकासखंड के खंड विकास अधिकारी एवं कर्मचारियों से भी अपेक्षा की है कि सभी लोग इस कार्य में अपनी महती भूमिका निभाए।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी,डीसी मनरेगा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# शमशाबाद के 11 कोटेदार 70 प्रतिशत से भी कम वितरण कर पाये राशन

▸ पूर्ति निरीक्षक वितरण प्रतिशत बढ़ाने के बराबर दे रहे निर्देश

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इलेक्ट्रॉनिक वजन** तौल कांटा की नई व्यवस्था के चलते मई माह में 11 कोटेदार 70 प्रतिशत से भी कम कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरण करने में नाकाम साबित हुए। यदि अधिकारी इसकी जांच करें, तो उसमें खुलासा हो सकता है। कायमगंज-शमशाबाद में पूर्ति निरीक्षक सुधांशु यादव की तैनाती है।

इलेक्ट्रॉनिक वजन तौल कांटे से कनेक्ट कर ई-पॉस मशीन से राशन वितरण की प्रक्रिया की शुरुआत होते ही शमशाबाद ब्लॉक के 11 कोटेदार 70 फीसदी से भी कम कार्डधारकों को राशन वितरण करने में नाकाम साबित हुए। विभागीय अधिकारियों की लगातार दी गयी चेतावनी भी बेअसर रही। राशन वितरण की निगरानी मे लगाये गये नोडल अधिकारी भी तमाम कोटेदार की दुकानों पर कहीं नजर भी नहीं आये। मई माह मे शमशाबाद ब्लाक के ग्राम पंचायतों में कोटेदारों की दुकानों पर पंजीकृत राशन कार्ड पर नजर डाले तो, 11 राशन कोटेदार 70 प्रतिशत से भी बेहद कम कार्डधारकों को खाद्यान्न वितरण कर पाये है। ऐसे में अधिकारियों के स्थलीय निरीक्षण से कम प्रतिशत खाद्यान्न वितरण करने में कोटेदारो पर जांच पड़ताल मं चौंकाने वाला खुलासा हो सकता है। जानकारी के अनुसार शासन से नई तकनीक के तहत राशन कार्डधारकों को राशन वितरण के लिये नई ई-पॉश मशीन जिसमें इलेक्ट्रॉनिक वजन तौल कांटा को जोड़कर कार्डधारकों को राशन देने के तहत मशीनों को कोटेदारों को मार्च में ही दे दिया था। 14 मई से खाद्यान्न वितरण शुरू हुआ था। मालूम हो कि आपूर्ति विभाग के अधिकारी लगातार खाद्यान्न वितरण प्रतिशत बढ़ाने के लिये औचक निरीक्षण अभियान चलाते है। इसके बाबजूद भी आखिर वितरण प्रतिशत क्यों नहीं बढ़ा, जो संदेह जनक है। शमशाबाद में कोटेदार जो फिसड्डी साबित हुए उनमें सुधा गंगलऊ परमनगर 64.12 प्रतिशत, रामजीत सिंबह शरीफपुर छिछनी 51.87 प्रतिशत, अमर सिंह जिरखापुर 68.71 प्रतिशत, अनीता 56.17 प्रतिशत, अवधपाल अददूपुर 61.32 प्रतिशत, बलवीर 66.92 प्रतिशत, कर्मवीर घमुइया रसूलपुर 55.63 प्रतिशत, कश्मीर सिंह 65.98 प्रतिशत, कृपांती देवी कुईयांधीर 63.16 प्रतिशत, मुकेश कुमार कांधेमई 69.51 प्रतिशत, राजेश सिंह 72.52 प्रतिशत, सुखदेवी ने 66.19 प्रतिशत राशन वितरण किया है।



राशन का वितरण कर रहा कोटेदार — समृद्धि न्यूज

# आधार कार्ड बनवाने की बात कहने पर पति ने पत्नी को पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आधार कार्ड** बनवाने की बात कहने पर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हुसैनपुर नौखड़ा निवासी 23 वर्षीय खुशबू ने पति प्रमोद से कहा कि मेरा नया आधारकार्ड बनवा दो, तभी प्रमोद ने पत्नी खुशबू को लाठी-डंडों से पीट दिया। खुशबू का आरोप है कि पति ने रस्सी से गले में फांसी लगाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला खुशबू को लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला खुशबू का इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया है। खुशबू की डेढ़ वर्ष पूर्व ही प्रमोद के साथ शादी हुई है। मामले पर फतेहगढ़ कोतवाल ने बताया कि मारपीट की तहरीर महिला खुशबू के द्वारा दी गई है मेडिकल परीक्षण खुशबू का कराया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



मेडिकल परीक्षण करवाती पीड़िता — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने कोतवाली पर पंजीकृत मु0अ0सं0. 116/2024 धारा-354, 504, 506 भादवि व 66 आईटी एक्ट से सम्बन्धित नामजद/वांछित अभियुक्त गौरव कुशवाहा पुत्र अनन्तराम निवासी सेण्डामऊ थाना पचदेवरा जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त ने पूछताछ पर जुर्म से इंकार करते हुए अपनी सफाई जरिये अधिवक्ता न्यायालय में देना बताया। बताते चलें कि अभियुक्त द्वारा मुकदमा वादिनी के साथ छेड़छाड़ करने व फोटो व्हाट्सएप पर डालने व गाली-गलौज कर धमकी देने के सम्बन्ध में वादिया के प्रार्थना पत्र के आधार पर दिनांक 15.02.2024 को मु0अ0सं0 42/2024 धारा-420, 465, 468, 471 भादवि बनाम गौरव कुशवाहा पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 31.05.2024 को अभियुक्त गौरव कुशवाहा पुत्र अनन्तराम निवासी सेण्डामऊ थाना पचदेवरा जनपद हरदोई को गिरफ्तार किया गया। इस मौके पर निरीक्षक सुदेश कुमार, हे0कां0 सतेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## साइकिल चोर को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस को सौंपा

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद क्षेत्र में एक लंबे समय से अज्ञात चोरों द्वारा साइकिलों चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से सीएचसी में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इतना सब कुछ होने के बावजूद भी यहां साइकिल चोरी का सिलसिला जारी है। कुछ दिनों पूर्व एक व्यक्ति की साईकिल अस्पताल परिसर से चोरी हो गई थी। पीड़ित दवा लेने सीएचसी में आया था। युवक साइकिल को एक कैंटीन के निकट खड़ा कर अंदर चला गया और जब वापस लौटा तो साइकिल नहीं थी। यह देख पीड़ित घबरा गया और उसने काफी खोजबीन की, लेकिन पता न चलने पर पीड़ित ने प्रभारी चिकित्साधिकारी शमशाबाद से शिकायत की। पीड़ित की शिकायत पर प्रभारी चिकित्साधिकारी शमशाबाद द्वारा सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। जिसमें एक व्यक्ति साइकिल चोरी करते हुए कैद हो गया था। बताते हैं जिस व्यक्ति की साइकिल चोरी हुई थी उसने शमशाबाद बाजार में उपरोव चोर को साइकिल सहित आज पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की जमकर पिटाई की गयी। बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़े गए युवक का नाम रामदास निवासी फरीदपुर मंगलीपुर बताया गया है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक थाना पुलिस की कार्यवाही जारी थी।

## न्याय मांगने गये पीड़ित को ही पुलिस ने धुना

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** मामूली बात को लेकर दो व्यक्तियों ने एक ग्रामीण के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस पर रुपए लेकर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। जानकारी के अनुसार गांव मिस्तनी निवासी दीवारी का मामूली बात को लेकर पांच दिन पूर्व गांव के ही दो व्यक्तियों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ने दीवारी के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत चौकी पुलिस से की थी। मामले की जांच चौकी पर तैनात दारोगा उदयवीर यादव को सौंपी गयी। पुलिस ने जांच की बात कह पीड़ित को चौकी से भगा दिया। आरोप है कि चौकी पर तैनात दारोगा उदयवीर यादव ने आरोपित पक्ष से रुपए लेकर पीड़ित को गुरूवार की शाम चौकी पर बुला लिया। जिसके बाद दारोगा ने पीड़ित को ही लाठी -डंडो से मारपीट कर शांतिभंग में चालान कर दिया। दारोगा की पिटाई से पीड़ित के गंभीर चोटें लग गयी। पीड़ित ने घर आकर स्वजनों को घटना की जानकारी दी। शुक्रवार सुबह पीड़ित ने स्वजनों के साथ पुलिस अधीक्षक को मामले की तहरीर दी। दारोगा उदयवीर यादव ने बताया दो पक्षों में विवाद हुआ था। जिससे उसके चोट लग गयी। लगाए गए आरोप निराधार हैं।

# सीएचसी में कैंप लगाकर लू के प्रति किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सामुदायिक स्वास्थ्य** केंद्र शमशाबाद में चिकित्साधिकारी प्रभारी डॉक्टर सरवर इकबाल के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हीट स्ट्रोक लू से बचाव के तरीके बताये गये। इस मौके पर सभी को ओआरएस का घोल पिलाया गया। शुक्रवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ-साथ अस्पताल आने वाले मरीजों ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी सरवर इकबाल ने बताया भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है और पारा लगातार बढ़ता ही जा रहा। हर तरफ भीषण गर्मी का नजारा देखा जा रहा है। ऐसे में लोगों को लू तथा संक्रामक बीमारियों बचना चाहिए। उन्होंने लू से बचने के लिए बताया कि घर से निकलने से पूर्व पर्याप्त खाना खाएं और पर्याप्त पानी पिए। कड़ी धूप से बचने के लिए छाते का प्रयोग करें। सर पर गमछा बांधें तथा ढीले ढाले कपड़े पहनें। सर को गर्मी से बचाने का प्रयास करें। ज्यादातर वक्त घर पर ही बितायें। आवश्यक होने पर ही सुरक्षा के साथ बाहर निकलें। उन्होंने कहा आवश्यक कार्य हों उन्हें सुबह या शाम को निपटा लें। लू के शिकार रोगी को ओआरएस का घोल पिलाते रहे। इसके अलावा लोग लस्सी, शर्बत, शीतल जल, पेय पदार्थों का प्रयोग कर सकते है। लू के शिकार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रों पर संपर्क करें। लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती। बचाव ही सर्वोत्तम इलाज है। खुद जाने और दूसरों को बताएं। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर सरबर इकबाल, डॉक्टर स्मिता त्रिपाठी, विजय यादव, राजन राव, लैब टेक्नीशियन अखिलेश, विजय यादव, अखिलेश पांडे, लैब टेक्नीशियन लोकेंद्र सिंह, अर्पित एक्सरे टेक्निशियन आदि स्वास्थय कर्मचारी मौजूद रहे।




ओआरएस का घोल पीते मरीज व मौजूद चिकित्सा प्रभारी आदि — समृद्धि न्यूज

# प्रेमिका से मिलने गये युवक को पकड़कर परिजनों ने पीटा

▸ चौराहा बनाकर, मूंछें मुड़वाकर पुलिस को सौंपा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीती रात प्रेमिका से मिलने गये प्रेमी युवक को परिजनों ने पकड़कर लाठी-डंडों से पिटाई कर दी और सर पर चौराहा बनाकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बरतल निवासी आरोपी युवक नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी प्रेमिका से बीती रात मिलने गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रेमिका का पिता अपने खेतों पर समरसेबिल पंप पर रहकर रात में फसल की भराई का काम कर रहा था। जिस पर मौका पाकर प्रेमी युवक प्रेमिका के घर जा पहुंचा और प्रेमिका के साथ रंगरेलियां मनाने लगा, तभी रात में युवती का पिता मौके पर आ गया। युवक को अपने घर में देख उसने युवक को पकड़ लिया। तब तक अन्य परिजन भी मौके पर आ गये। परिजनों ने युवक की जमकर पिटाई की। बाद में उसके बालों का चौराहा बनाकर तथा मूछें मुड़वाकर पुलिस को सौंप दिया। सूचना मिलने पर थाने के दरोगा सिरौली क्षेत्र के हलका इंचार्ज नरेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों द्वारा मारपीट कर रहे आरोपी युवक को पुलिस ने अपनी हिरासत में लिया। मामला थाना अध्यक्ष के सजातीय होने के कारण थाने में सोर्स सिफारिश का दौर चल रहा था। वहीं पीड़ित पक्ष के लोग थाना अध्यक्ष के आवास के अंदर बैठे थे। थाना पुलिस के द्वारा आरोपी युवक की तरफ से एक तहरीर लिखवाई गई। समाचार लिखे जाने तक सोर्स सिफारिश व समझौते के प्रयास चल रहे थे।

# सब्जी विक्रेता की दुकान में लगी आग, हजारों का नुकसान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**बीते रात** सब्जी विक्रेता की दुकान में लगी संदिग्ध परिस्थितियों में आग से हजारों का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव अमरपुर सलेमपुर निवासी रामनिवास श्रीवास्तव की उमरपुर चौराहे पर टीन के खोखा में सब्जी की दुकान चलते हैं। बीती रात दुकान बंद करके अपने घर चले गए थे, तभी रात में लगभग 12.00 बजे के समय अचानक खोखा दुकान में धू-धूकर आग जलने लगी। आग की लपटें आसपास के ग्रामीणों ने देखीं, तो वह मौके की ओर दौड़े। तब तक दुकान में रखा सामान पूरी तरह से जल गया था। पीड़ित दुकानदार के बताएं अनुसार एक गत्ता अंडा लगभग 5000 तथा दुकान में रखी पेट्रोल, 1500 की एक बैटरी कीमत लगभग 3000 तथा पीड़ित की दुकान की गोलक में रखी नगदी व सब्जी आदि जलकर राख हो गई। पीड़ित के बताए अनुसार लगभग 30,000/- हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जिसकी सूचना पीड़ित ने थाना पुलिस को दी है।



आग की घटना के बाद जला सामान

## अज्ञात व्यक्ति की गर्मी से बिगड़ी तबियत, मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कस्बा मोहम्मदाबाद में लगभग 30 वर्षो से रह रहे अज्ञात व्यक्ति की गर्मी से तबियत खराब होने के कारण मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार संकिसा रोड पर स्थित पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद में एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति रहता था। वह इधर उधर काम करके अपना जीवनयापन करता था। शुक्रवार को गर्मी के कारण उसकी तबियत खराब हो गयी। जिस पर आसपास के लोगों ने 108 पर फोन करके उसे एंबूलेंसे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भिजवाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गयी। डॉक्टर मोहित यादव ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बा इंचार्ज सुहैल खान ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आसपास के लोगों ने बताया कि वृद्ध काफी समय से यहां रह रहा था। वह कहां का रहने वाला था, यह जानकारी नहीं है।

# गेहूं खरीद में शिथिलता बरतने पर पी.सी.एफ. के जिला प्रबंधक से स्पष्टीकरण तलब



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी डॉ0** वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में रवी विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत गेहूँ खरीद की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि जिले में गेहूँ की खरीद का लक्ष्य 36000 मीट्रिक टन है। जिसके सापेक्ष 5279.11 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीद हो गई है, जो लक्ष्य के 14.66 प्रतिशत है। जिलाधिकारी द्वारा जिले के एवरेज से कम खरीद वाले केंद्र प्रभारियों से जवाब तलब करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा डिप्टी आरएमओ को खरीद की प्रतिदिन समीक्षा करने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी केंद्र प्रभारी किसानों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर खरीद करें। गेहूँ खरीद में शिथिलता बरतने पर पी0सी0एफ0 के जिला प्रबंधक का स्पष्टीकरण तलब किया गया। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तरबूज तोड़ने से मना करने पर हुई मारपीट फायरिंग, पिता-पुत्र सहित चार घायल

▸ क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष घटना स्थल पर पहुंचे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**तरबूज तोड़ने** से मना करने पर विवाद हो गया। देखते ही देखते फायरिंग व मारपीट में घटना तब्दील हो गयी। इस दौरान तरबूज की रखवाली कर रहे पिता पुत्र सहित चार लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जानकारी होते ही क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ पहुंच गये।

थाना कमालगंज के ग्राम भटपुरा में नवनिर्मित कोल्ड स्टोरेज में नवादा निवासी इकबाल व उसके पुत्र आदिल काम करते है। कोल्ड के पीछे विकास का खेत है। उसी खेत में पिता-पुत्र ने तरबूज कर रखे है। जिनकी वह रखवाली कर रहे थे। पिता-पुत्र का कहना है कि अक्सर लोग तरबूज चोरी कर ले जाते है। आज तरबूज आजाद नगर निवासी दो युवक तोड़ रहे थे। जब उन्हें मना किया तो वह गालियां देने लगे और कुछ देर में लगभग 100 से 150 लोगों को बुला ले आये। जिनके हाथों में लाठी-डंडे थे। मारपीट शुरु कर दी और हमलावरों ने फायरिंग भी कर दी। इस दौरान इकबाल व उनका पुत्र आदिल, सूरज व चांद घायल हो गये। सभी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी अमृतपुर रविन्द्र राय ने पहुंचकर घायलों से जानकारी की। वहीं थानाध्यक्ष राजेश राय ने भी पहुंचकर जांच पड़ताल की। गंभीर घायल होने पर इकबाल व आदिल को लोहिया रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही थी।




घायल को देखते सीओ व थानाध्यक्ष — समृद्धि न्यूज

निरीक्षण — अधीनस्थों को लगायी फटकार, जल्द भरवाने के दिये निर्देश

# खंड विकास अधिकारी को निरीक्षण में अधिकांश तालाब मिले सूखे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**उच्च अधिकारियों** के निर्देशन में खंड विकास अधिकारी ने सरकार द्वारा बनवाए गए अमृत सरोवर तलाबों का निरीक्षण किया। जिसमें कई तालाब सूखे मिले। जिस पर उन्होंने जल्द भरवाने के निर्देश दिये।

नवाबगंज विकासखंड अधिकारी तथा जिले के डीपीओ सुनील श्रीवास्तव ने विकास खंड कार्यालय के अधीनस्थों के साथ क्षेत्र में बने अमृत सरोवर तालाबों का निरीक्षण किया। जिसमें कई तालाब सूखं पाए गए। जिसमें विकास खंड अधिकारी के द्वारा तालाबों को शासन के मंशा के अनुरूप भरवाने की बात कही गई। ग्राम प्रधानों द्वारा बताया गया कि गांव में बिजली की समस्या के चलते तालाबों में पानी नहीं छोड़ा जा सका। जिस पर विकास खंड अधिकारी व डीपीओ सुनील श्रीवास्तव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखने की बात कही। इसके अलावा 3311 केवी उपखंड नवाबगंज में पड़ता है। जिसपर एसडीओ को पत्र लिखा। जिसमें क्षेत्र में जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति सुचारु करने की बात कही गयी। वहीं उन्होंने ग्राम प्रधानों को बताया कि वह किसी भी हालत में तालाबों को सूखा ना रहने दें। दोबारा निरीक्षण में तालाब सूखे पाए जाते हैं तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी ने ग्राम पंचायत कनासी के ग्राम बमरोलिया का अमृत सरोवर तालाब, उमरपुर में बने अमृत सरोबर तालाब, सलेमपुर, समेचीपुर, अतरौलिया, फतनपुर, वीरपुर आदि तालाबों का निरीक्षण किया। जिसमें ज्यादा संख्या में तालाब सूखे पाए गए। जिनको देखकर विकास खंड अधिकारी का पारा चढ़ गया और उन्होंने संबंधित लोगों को मौके पर खरीखोटी सुनाईं तथा तालाबों में जल्द पानी भरवाने की बात कही। इस मौके पर विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, विकास खंड के अकाउंटेंट अवनीश सक्सेना, मनरेगा सहायक आलोक पाठक, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह तथा क्षेत्रीय ग्राम प्रधान आदि लोग मौजूद रहे।



अधीनस्थों के साथ तालाबों का निरीक्षण करते खंड विकास अधिकारी

## खंड विकास अधिकारी ने तालाबों व मंडी का किया औचक निरीक्षण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड विकास अधिकारी ने तालाबों का निरीक्षण किया। जिसमें कुछ तालाबों में पानी कम पाया गया, तो वही सचिव व रोजगार सेवक अनुपस्थित मिले। इसके बाद उन्हें कड़ी चेतावनी दी गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी के द्वारा अमृत सरोवर बालीपुर, मकरंद नगर बसाह, नगरिया गहलवारान एवं रानू खेड़ा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वलीपुर अमृत सरोवर में पानी पर्याप्त मात्रा में भरा हुआ पाया गया एवं तालाब के किनारे घास व छोटी-छोटी झाड़ियां मिलीं। जिसकी सफाई के लिए तकनीकी सहायक तथा रोजगार सेवक को निर्देश दिया गया, तो वहीं मकरंद नगर बसहा में सचिव की लापरवाही के कारण सरोवर में पानी नहीं भराया गया। तालाब में पानी न के बराबर पाया गया। इसके बाद खंड विकास अधिकारी द्वारा सचिव को फटकार लगाते हुए तत्काल पानी भरवाने का निर्देश दिया गया, तो वहीं नगरिया गहलवार में सरोवर में खुदाई का कार्य चलता मिला तथा आंशिक रूप से पानी भरा हुआ पाया गया। खंड विकास अधिकारी द्वारा वहां भी तत्काल प्रभाव से कार्य पूर्ण करवा कर सरोवर में पानी भरवाने का निर्देश दिया गया। इसके बाद खंड विकास अधिकारी ने अमृत सरोवर रानू खेड़ा का निरीक्षण किया। यहां पर कार्य ठीक मिला। यहां पर सरोवर में पानी अधिक मात्रा में भरने के लिए रोजगार सेवक को निर्देशित किया गया। साथ ही कृषि उत्पादन मंडी समिति कमालगंज परिसर में स्थापित राजकीय बीज भंडार का निरीक्षण किया। जिसमे बीज भंडार प्रभारी के द्वारा बताया गया कि यहां पर छोटे काश्तकारों को भी फुटकर रूप से उनकी आवश्यकता के अनुसार धान बीज का वितरण किया जा रहा है। इस मौके खंड विकास अधिकारी श्री प्रकाश उपाध्याय, कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार, तकनीकी सहायक बृजराज कुमार, ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक मौजूद रहे।

# एशियन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट को मिला बेस्ट सेन्टर अवार्ड

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विश्वनाथ सामाजिक** सेवा संस्थान द्वारा संचालित आईसेक्ट के अधिकृत प्रशिक्षण केन्द्र एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट को एक बार पुनः बेस्ट सेंटर अवार्ड से सम्मानित गया है।

डॉ0 भीमराव अंबेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ में संम्पन्न कार्यक्रम में आईसेक्ट के जोनल डायरेक्टर अरविन्द चतुर्वेदी, स्टेट हेड लियाकत अली ने संस्थान के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट को यह अवार्ड छत्रों को अच्छी शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार प्रदान करने एवं अप्रेन्टिसशिप के लिए प्रदान किया गया है। एक होटल में पत्रकार वार्ता में सुरेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि ये हमारे लिए गौरव की बात है कि लगातार कई वर्षो से संस्थान को बेस्ट सेंटर अवार्ड मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संस्थान का यही प्रयास रहता है कि हम कैसे संस्थान को उन ऊंचाइयों तक ले जाए। जिससे छात्र-छात्राओं को लाभ हो सके। जो छात्र बाहर जाकर पढ़ाई नहीं कर सकते उनके लिए हम लोग हमेशा प्रयासरत रहते है कि उनको वह सुविधाएं प्रदान कर सकें। जिससे वह भी अपना भविष्य बना सके। प्रबंध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने कहा कि वर्तमान में छात्र छात्राएं अपने कैरियर को लेकर जागरुक हो गए है। इन सबको देखते हुए हम लोग अब बीसीए, बीबीए जैसे प्रोफेशनल कोर्सेज का



वार्ता में अवार्ड के बारे में जानकारी देते सुरेन्द्र पाण्डेय व आकांक्षा सक्सेना

संचालन कर रहे है। जिसको करने के बाद छात्र अपना भविष्य सुरक्षित कर सके। आज के समय में 12वीं के उपरान्त सही कोर्स का चुनाव करना होता है, जिससे की छात्र आज की हर चुनौतियों का सामना कर सकें। इसलिए हम लोग भी बीसीए, बीबीए मे प्रवेश लेने के लिए सलाह देते जो छात्र बाहर नहीं जा सकते उनके लिए हमारे संस्थान में हर सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा प्रदेश सरकार के संस्थान यूपीडेस्को द्वारा संचालित डीआईटी कोर्स जो की ओ-लेवल के समक्ष है, करना भी उचित रहता है। वर्तमान में प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण द्वारा संचालित योजना में ओबीसी छात्र सीसीसी कोर्स में निःशुल्क प्रवेश ले सकते है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन में भी निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

# जिला महासचिव सहित सपा नेताओं ने की ईवीएम की निगरानी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सातनपुर** मण्डी में ईवीएम की रखवाली के लिए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार शुक्रवार को मण्डी में जिला महासचिव इलियास मंसूरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल ने ईवीएम की रखवाली की। कैमरे की नजर से मण्डी में लगी एलईडी पर पल-पल की जानकारी ली। सुरक्षा की दृष्टि से पैरामिलेट्री फोर्स तैनात है। साथ ही यूपी पुलिस के जवान भी गेट पर तैनात है। मण्डी में बाहरी आने-जाने वालों के लिए प्रतिबंध है। रोस्टर के अनुसार सपा नेताओं ने प्रत्येक दिवस पर मण्डी में ईवीएम की रखवाली की। शुक्रवार को


ईवीएम की निगरानी करते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

जिला महासचिव इलियास मंसूरी के अलावा, बृजेश पाल, रविन्द्र, विनीत परमार, मुख्त्यार आलम आदि सपा नेता मौजूद रहे। 1 जून से 3 जून की रात्रि तक ईवीएम की रखवाली सपा नेताओं द्वारा की जायेगी। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने अपने नेताओं के साथ पहुंचकर लगी एलईडी पर ईवीएम की मशीनों की निगरानी का जायजा लिया।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाकर किया गया जागरुक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय निनौआ में प्राचार्य डॉ0 शालिनी के निर्देशन में डॉ0 सुन्दर लाल के द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आम जन-मानस को तम्बाकू सेवन के दुषप्रभाव/बीमारियों/ हानियों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें धूम्रपान से दूर रहने और इस दिशा में लोगों को जागरुक करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। महाविद्यालय में युवाओं पर केंद्रित धूम्रपान के बचाव हेतु प्रशिक्षण एवं गोष्ठी आदि के द्वारा भी समय-समय छात्र/छात्रा को जागरूक किया जाता है। डॉ0


शपथ लेते छात्र-छात्रायें मौजूद प्राचार्या व प्राध्यापक — समृद्धि न्यूज

सुंदरलाल द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में तम्बाकू निषेध हेतु शपथ करवाई गयी। जिसमें सभी छात्र/छात्राओं/प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता रही। इसी के साथ स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत एवं भारत माता की जय आदि नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एफएसडीए ने छापेमारी कर जांच हेतु 20 नमूने किये संग्रहित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** खाद्य सुरक्षा टीम ने महाअभियान के अन्तर्गत आइसक्रीम, फ्रेजन डेजर्ट, आइसकैण्डी/ आइसलौलीज के 20 नमूने भरे। जिन्हे प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गये।



जांच करती टीम — समृद्धि न्यूज

मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी डा0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार, आशीष कुमार वर्मा के साथ जनपद में डिस्ट्रीब्यूटरों, थोक विक्रेताओं एवं फुटकर विक्रेताओं के यहां अभियान चलाकर नमूने संग्रह किये। टीम ने इस दौरान आइसक्रीम के 8 नमूने, फ्रेजन डेजर्ट के 8 नमूने, आइसकैण्डी/आइसलौलीज के 4 नमूने लिये। जिन्हे प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया है। छापेमारी के दौरान आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

## खबरें एक नजर में

### सपाइयों ने मनायी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी कार्यालय आवास विकास पर राजमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती मनायी गई। संगोष्ठी की अध्यक्षता बृजेश पाल ने की। जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव ने कहा कि मराठा साम्राज्य की महारानी अहिल्याबाई होल्कर शिवजी की बहुत बड़ी भक्त थी। महारानी ने कई मंदिरों का निर्माण किया। उनकी शादी अल्पआयु में हो गयी थी। उनके पति का नाम खण्डेराव होल्कर था। गोष्ठी में रविन्द्र पाल पलिया व अध्यक्षता कर रहे बृजेश पाल ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, बृजेश पाल, बेंचेलाल यादव, विशाल यादव, विनीत परमार, रामपाल यादव, विमलेश वर्मा, मुख्त्यार आलम, नितीश पाल, अतिन पाल, अखिल कठेरिया, जयदेव पाल आदि लोग मौजूद रहे।



अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते सपाई

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा


शोभायात्रा में भाग लेते पाल समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 299वीं जयंती धूमधाम से मनायी गई। पाल समाज के द्वारा मुराहस कन्हैया स्थित प्रभात ढाबा से सेन्ल जेल आरटीओ आफिस कार्यालय तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का आयोजन जयदेव पाल एवं राहुल पाल द्वारा किया गया। शोभायात्रा में पाल समाज के वृद्ध नेता गयासिंह पाल ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा के मुख्य संयोजक आलोक पाल, सोनू पाल, अतिन पाल, सुबोध पाल, रजनेश पाल, मोनू पाल, विवेक पाल, अभिषेक पाल, योगेश पाल, बृजेश पाल, अनिल पाल, रितिक पाल, अजय पाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। साथ में युवाओं का उत्साह बढ़ाने पहुंचे ग्राम प्रधान विमल यादव ने अपने साथियों के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया और राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### लेखपाल व कानूनगो सहित नौ के विरूद्ध याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने के मामले में लेखपाल व कानून-गो सहित नौ के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की गई है। थाना जहानगंज के ग्राम कंझाना निवासी रघुवीर पुत्र नन्हू ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि उसकी ग्राम रतनपुर परगना मोहम्मदाबाद में गाटा संख्या 902 पर रकवा-0.0570हे0 कृषि भूमि स्थित है। 26 दिसम्बर 2017 को क्षेत्रीय लेखपाल श्यामबाबू व राजस्व निरीक्षक ने आरोपी सुभाष चन्द्र, नवाब सिंह पुत्रगण रघुवीर सिंह, रानी देवी पत्नी रघुवीर सिंह, सत्यभान, ध्रुव, भागीरथ पुत्रगण चन्द्रप्रकाश, रामप्यारी पत्नी चन्द्रप्रकाश से सांठगांठ कर व अवैध धन उगाही कर बतौर वारिस के नाम फसली खतौनी संख्या-1423, 1428 फसली पर अंकित कर दिये गये है। जबकि मैं जीवित हूं। प्रार्थना पत्रों में वर्णित नाम के लोग मेरे किसी भी तरह से उत्तराधिकारी नहीं है। उक्त आरोपियों ने कूटरचित करके जमीन हड़पने के लिए साजिश रची है। वर्तमान आधार वर्ष खतौनी में आज भी अंकित है। जिसकी पैमाइश हेतु क्षेत्रीय लेखपाल पैमाइश हेतु ग्राम में आया तब घटना की जानकारी हुई। रिपोर्ट लिखाने थाने कई बार गया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जिसके बाद पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।

# निर्दलीय प्रत्याशी को जानमाल की धमकी देने में दो पर मुकदमा दर्ज

फर्रुखाबाद/शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**लोकसभा के** निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर हरिनंदन यादव को दबंगों दबंगों द्वारा गाली-गलौज कर जानमाल की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र ग्राम बबुरारा एवं हाल निवासी कस्बा फैजबाग निवासी लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर हरिनंदन सिंह यादव पुत्र कुंवर सिंह ने छोटे पुत्र जोगराज निवासी मुरैठी, ओमकार उर्फ बाबा पुत्र जगत सिंह निवासी कुतुबुद्दीन नगर हाल निवासी पुराना गनी जोगपुर थाना नबाबगंज के खिलाफ खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जिसमें दर्शाया कि वह एक अंतिम संस्कार में शमशाबाद गंगाघाट पर गए थे, तभी छोटे पुत्र जोगराज निवासी ग्राम मुरैठी थाना शमशाबाद व उनके साथी ओमकार सिंह यादव बाबाजी ने मुझसे कहा कि तुमने भाजपा से 5 लाख रुपया लेकर चुनाव लड़ा है। देखते हैं कि भाजपा वाले तुम्हें कैसे बचाते हैं। छोटे अपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। इन लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। चिकित्सक की तहरीर पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के विरुद्ध धारा 504 तथा 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# श्रीमद् भागवत कथा के विराम दिवस पर सुदामा चरित्र कथा का भक्तों ने किया रसपान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सेवा परमो** धर्म फाउंडेशन के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में नैमिषारण्य से आये बजरंगी महाराज ने प्रवचन में कहा कि स्वयं के द्वारा, दूसरे के द्वारा ब्राह्मण को दिये गये धन का जो हरण करता है, वह स्वयं 60 हजार वर्ष तक विष्ठा का कीड़ा के रुप में जन्म-मरण के दुख को भोगता है। बुद्धिमान पुरुष को चाहिए कि वह स्वप्न में भी ब्राह्मण की वृत्ति के अपहरण के बारे में न सोंचे। पाण्डेश्वरनाथ शिवालय में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में बजरंगी महाराज ने कथा के विराम दिवस पर राजा नृग की कथा, जरासंध वध, सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्धव संवाद, कलियुग वर्णन, परीक्षित मोक्ष एवं दत्तात्रेय प्रसंग की कथा का दिव्य


प्रवचन करते बजरंगी महाराज मौजूद भक्तगण — समृद्धि न्यूज

रसपान श्रोताओं को कराया। कथा के यजमान ठा0 अवधेश चौहान व उनकी पत्नी एवं गौरव मिश्रा रहे। आचार्य रवि, आचार्य श्याम ने विधि-विधान से पूजन सम्पन्न कराया। कथा के अंत में भगवत के स्वाध्यामी मुनीश्वर दयाल मिश्र ने भागवत धर्म के बारे में विस्तार से बताया। समिति के अध्यक्ष केदार शाह व समिति के सचिव पंकज पाठक ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डा0 मनोज चतुर्वेदी ने विधिवत पूजन किया। ज्योतिषाचार्य संजीव मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। आरती के साथ प्रसाद वितरण कर कथा का समापन हुआ।

# सीआरपीएफ में ज्वाइनिंग पर जवान के गांव बरुआ ताल में खुशी का माहौल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सीआरपीएफ में** ज्वाइनिंग पर जहानगंज क्षेत्र के बरुआ ताल गांव मे खुशी का माहौल तब बन गया जब गांव के पंचूलाल कश्यप के पुत्र अजीत कश्यप का सीआरपीएफ में नम्बर आ गया। अभी तक सीआरपीएफ् में उस गांव में पहला नंबर आया है। गांव के सभी बच्चे, बुजुर्ग, परिवार में खुशी का माहौल है। सीआरपीएफ् जवान के पिता पंचूलाल कश्यप , माता


सीआरपीएफ में ज्वाइनिंग पर युवक का स्वागत करते ग्रामीण

विमला देवी ने बताया कि हम अपने बच्चे को हमेशा भारत माता देश की सेवा करते हुये देखना चाहते है। मेरा और मेरे परिवार का सपना साकार हुआ। बड़े भाई अजय कश्यप ने भाई को आगे बढ़ाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गांव वालों ने एक साथ मिलकर ढोल नगाढों के साथ नाचकूद कर एवं आतिशबाजी चलाकर सब साथियों ने ट्रेनिंग सेंटर रामपुर भेजा। इस मौके पर अनुज कटियार, आशीष राजपूत, साध्वी रेखा देवी, गेंदा लाल राजपूत आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# तम्बाकू फैक्टरी से निकलने वाली जहरीली हवा व गर्दा से सांस व कैंसर का खतरा

**डीएम से शिकायत कर जांच कर कार्यवाही की पीड़ित ने की मांग**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**बिना उपकरण** व सुरक्षा यंत्र से तम्बाकू फैक्टरी से निकलने वाली जहरीली हवा व गर्दा से नर्सरी में काम करते समय काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे सांस एवं कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा बना रहता है। पीड़ित ने डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की।

कोतवाली कायमगंज के ग्राम बरझाला निवासी मनोज पुत्र कृपाल सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत कर दर्शाया कि उसकी पौधाशाला नर्सरी के पास गांव के भूरेन्द्र सिंह पुत्र प्रकाश चन्द्र की तम्बाकू की फैक्टरी है। जिससे जहरीली हवा व गर्दा निकलता है। जिसे रोकने के लिए कोई भी उपकरण/सुरक्षा यंत्र नहीं लगा है। नर्सरी में काम करते समय बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिससे सांस एवं कैंसर जैसी बीमारी होने का खतरा बना रहता है। मैंने कई बार निस्तारण के लिए कहा, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। पीड़ित ने जांच कर कार्यवाही करने की मांग की। जिससे भविष्य में होने वाली बीमारियों से छुटकारा मिल सकें।

# अधिवक्ताओं ने केक काटकर मनायी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**माता अहिल्याबाई** होल्कर की 299वी जयंती जनशताब्दी शुक्रवार को जनपद न्यायलय परिसर में चेम्बर नंबर 39 लाल बहादुर शास्त्री अधिवक्ता भवन में मनायी गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष केक काटा। अहिल्याबाई होल्कर के राष्ट्र निर्माण में योगदान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बताया कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने कैसे पति व पुत्र की मृत्यु के बाद स्वयं व राज्य को संभाला। उन्होंने अपने शासनकाल में सैकड़ो मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। उनके आदर्श हमेशा समाज के लिए


अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर केक काटते अधिवक्तागण

प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, सुभाष चन्द्र पाल, विजय बहादुर पाल, सरनाम सिंह, रामनरायन पाल, देवेंद्र पाल, अनिल पाल, प्रमोद कुमार, नवनीत पाल, अशोक कुमार पाल, अजीत कुमार, सुभाष चन्द्र शाक्य, शिशुपाल सिंह यादव, दीप राजपूत, वीरेन्द्र सिंह पाल, अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियतंत्रण दिवस पर सीएमओ ने दिलायी शपथ

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**विश्व तम्बाकू** निषेध थीम के तहत तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की रक्षा करना राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू उद्योग क्षेत्र में बच्चों की रक्षा पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा कर्मचारियों को शपथ दिलायी गई। साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

जनपद के डा0 राममनोहर लोहिया चिकित्सालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर हस्ताक्षर एवं शपथ का आयोजन किया गया। जिले के विभिन्न विभागों एवं कार्यालयों में शपथ दिलायी गई। मुख्य


तम्बाकू नियतंत्रण की शपथ दिलाते सीएमओ — समृद्धि न्यूज

चिकित्साधिकारी डा0 अवनीन्द्र कुमार ने कहा कि लाखों लोग हर वर्ष तम्बाकू सेवन से जान गवांते है। जो क्षय रोग एवं एड्स व मलेरिया से होने वाली मौतों से अधिक है। इसलिए भीषण त्रासदी को रोकने का संकल्प लेना चाहिए। भविष्य में किसी रुप से तम्बाकू का सेवन नहीं करेंगे। डाक्टर दलवीर सिंह ने कहा कि धुम्रपान हमारे शरीर के लिए घातक है। हम अपने जीवन से भी हाथ धो बैठते है। तम्बाकू ने कई हस्ते, खेलते परिवारों को बर्बाद किया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के कर्मियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर मेडिकल परीक्षण के दौरान तम्बाकू सेवन पर नियतंत्रण कार्यक्रम बताया जाये। तम्बाकू नियतंत्रण सलाहकार सूरज दुबे ने बताया कि विभिन्न विभागों में समन्वय स्थापित कर कोटपा अधिनियम 2003 का अनुपालन कराया जा रहा है। तम्बाकू छोड़ने वाले व्यक्तियों हेतु टोल फ्री नम्बर भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक निःशुल्क कार्य किया जा रहा है।

# टी-20 विश्वकप : भारत ने किया कड़ा अभ्यास

## पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलेगा भारत, हार्दिक ने घंटे भर तक की गेंदबाजी

एजेंसी



**न्यूयार्क।** भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले न्यूयॉर्क में अपने पहले ट्रेनिंग सीजन में जमकर पसीना बहाया। भारत को पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेलना है और उससे पहले रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम एक जून को बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मुकाबला खेलेगी। अभ्यास सीजन के दौरान ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने करीब घंटे भर गेंदबाजी की और बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया।

भारतीय टीम ने न्यूयॉर्क में बने नए नसाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास किया। टीम के ट्रेनिंग सीजन के दौरान न्यूयॉर्क में मौसम सुहाना रहा। हालांकि, इसमें स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शामिल नहीं थे क्योंकि वह अभी टीम से नहीं जुड़े हैं। कोहली गुरुवार रात न्यूयॉर्क के लिए रवाना हो गए थे और वह जल्द ही टीम से जुड़ने वाले हैं। हालांकि, कोहली के बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मुकाबले में खेलने पर संशय बरकरार है।

पिछले कुछ समय से खराब दौर से गुजर रहे भारतीय टीम के उपकप्तान हार्दिक ने अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया और वह ट्रेनिंग सीजन का मुख्य आकर्षण बने रहे। हार्दिक ने इस दौरान बल्ले और गेंद दोनों से कड़ा अभ्यास किया। हार्दिक इस सप्ताह के शुरूआत में टीम से जुड़े थे और उन्होंने नेट्स पर करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की। हार्दिक आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस के लिए लगातार गेंदबाजी नहीं कर रहे थे, इसलिए उन्होंने नेट्स पर अधिक समय गेंदबाजी की जिससे फिटनेस साबित की जा सके। गेंदबाजी के बाद हार्दिक ने नेट्स पर लंबे समय तक बल्लेबाजी भी की। हार्दिक अंत में बल्लेबाजी के लिए उतरे और उन्होंने बल्लेबाजी कोच विक्रम राठोर से चर्चा भी की।

### आईपीएल में संघर्ष करते दिखे थे हार्दिक

हार्दिक आईपीएल 2024 सीजन के दौरान बल्ले और गेंद से प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करते दिखे थे। उन्होंने 14 मैचों में 216 रन बनाए थे और करीब 11 की इकॉनोमी रेट से 11 विकेट झटके थे। हार्दिक की कप्तानी में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का प्रदर्शन काफी खराब रहा था और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच ही जीत सकी थी और अंक तालिका में सबसे नीचे रहकर अपने अभियान का अंत किया था। हालांकि, हार्दिक से टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी क्योंकि चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीम में सिर्फ तीन पूर्णकालिक तेज गेंदबाजों को जगह दी है।

### अर्शदीप और सिराज ने की बल्लेबाजी

कप्तान रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव नेट्स पर बल्लेबाजी के लिए सबसे पहले आए। इन दोनों बल्लेबाजों को तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने गेंद कराई। दिलचस्प बात यह रही कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और मोहम्मद सिराज को भी नेट्स पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया और इसके बाद इन दोनों ने गेंदबाजी अभ्यास भी किया। वहीं, हार्दिक, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और शिवम दुबे ने ट्रेनिंग सीजन के दौरान अपने कौशल पर ध्यान दिया। हालांकि, युजवेंद्र चहल, आवेश खान और रिंकू सिंह ने हल्का ही अभ्यास किया।

# यूएन पदक से भारतीय शांतिरक्षक नायक धनंजय कुमार मरणोपरांत हुए सम्मानित

**मेजर राधिका सेन को 2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर का अवार्ड**

एजेंसी




**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र के तहत सेवा देने के दौरान अपनी जान गंवाने वाले भारतीय शांतिरक्षक नायक धनंजय कुमार सिंह उन 60 से अधिक सैन्य, पुलिस और नागरिक शांतिरक्षकों में शामिल हैं जिन्हें कर्तव्य के दौरान सर्वोच्च बलिदान के लिए गुरुवार को यहां मरणोपरांत प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र पदक से सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर भारतीय शांतिरक्षक मेजर राधिका सेन को '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' प्रदान किया गया। नाइक धनंजय कुमार सिंह ने 'यूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाइजेशन स्टैबिलाइजेशन मिशन इन द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो' के तहत काम किया था।

उन्हें संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह के दौरान मरणोपरांत 'डैग हैमरस्कजॉल्ड' पदक से सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने संरा महासचिव एंतोनियो गुतारेस से यह पदक प्राप्त किया।'यूनाइटेड नेशन्स ऑर्गेनाइजेशन स्टैबिलाइजेशन मिशन इन द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ द कांगो' (मोनुस्को) में सेवा दे चुकीं मेजर सेन को भी विश्व निकाय के मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने प्रतिष्ठित '2023 यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर अवार्ड' से सम्मानित किया। वर्ष 2016 में स्थापित यूनाइटेड नेशंस मिलिट्री जेंडर एडवोकेट अवार्ड शांति और सुरक्षा पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1325 के सिद्धांतों को बढ़ावा देने में शांतिरक्षक के समर्पण और प्रयासों को मान्यता देता है। वह मेजर सुमन गवानी के बाद इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाने वाली दूसरी भारतीय शांति रक्षक हैं।

# हिंदी भाषा में आकाश आईट्यूटर का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज




**आईट्यूटर में मिलेंगी वीडियो व्याख्यान, अध्ययन सामग्री, अभ्यास परीक्षण और संदेह-समाशोधन सत्र सहित कई सुविधाएं**

**लखनऊ।** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हिंदी माध्यम के छात्रों के लिए नया कदम उठाते हुए हिंदी भाषा में आकाश आईट्यूटर का शुभारंभ किया है। यह नई सेवा हिंदी माध्यम में छात्रों को नीट (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा) और विभिन्न स्कूल बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए शिक्षा सामग्री प्रदान करेगी। यह भारत में विभिन्न राष्ट्रीय शिक्षा बोर्ड के छात्रों के लिए क्षेत्रीय भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एईएसएल की योजना का प्रतीक है। भविष्य में जेईई के लिए भी यही सुविधा प्रदान की जाएगी।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) की ओर से पिछले शैक्षणिक सत्र से राज्य भर के विभिन्न शहरों में हिंदी माध्यम के बैच सफलतापूर्वक संचालित किए जा रहे हैं। यह नई पहल छात्रों को उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को साकार करने में मदद करेगी। छात्रों को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञता विकसित करने, उनके प्रदर्शन को सुधारने और उनके विद्यार्थी जीवन को समृद्ध करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस नई पहल के माध्यम से, आकाश ने छात्रों की शिक्षा में और एक चरण आगे बढ़ाने का उद्देश्य रखा है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. एच. आर. राव ने लांच के बारे में अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, हम हिंदी भाषा में आकाश आईट्यूटर को पेश करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं, जो हर छात्र के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में हमारी यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा। हिंदी में अपने प्रसिद्ध शैक्षिक संसाधनों की पेशकश करके, हमारा लक्ष्य हिंदी भाषी छात्रों की अनूठी जरूरतों को पूरा करना और उन्हें उनकी शैक्षणिक आकांक्षाओं को साकार करने में सक्षम बनाना है।

# पांच न्याय की गारंटी संविधान की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता : कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि उसका चुनाव प्रचार सकारात्मक रहा है और प्रचार के दौरान देश को पांच न्याय की गारंटी देने के साथ ही संविधान की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का वादा किया गया है। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश, पवन खेड़ा तथा सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी का चुनाव प्रचार बहुत अच्छा रहा है और इसके जरिए जनता को सकारात्मक संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने 23 जनवरी से 16 मार्च तक देश के सामने 5 न्याय और 25 गारंटी रखी और प्रचार के दौरान जनता को पांच न्याय और 25 गारंटी देने का वादा किया है। इसके साथ ही हमने संविधान सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। यही कारण है कि चार जून को इंडिया गठबंधन को निर्णायक बहुमत मिलने जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा सबसे कमाल की बात यह है चुनाव आयोग में विपक्ष की एक नहीं सुनी।

# फैशनटीवी ने राजधानी में लॉन्च किया पहला प्रीमियम एफ-सैलून

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** दुनिया का सबसे बड़ा फैशन और लाइफस्टाइल मीडिया टेलीविजन चैनल, फैशनटीवी ने लखनऊ में अपने पहले एफ-सैलून बाई फैशनटीवी की पेशकश की है। फैशनटीवी की पहुंच 196 देशों में है और इसके 2 बिलियन से अधिक दर्शक हैं। लखनऊ में यह सैलून पत्रकारपुरम में, सहारा प्लाज़ा के सामने, गेट नंबर 2 पर स्थित है। यह पहला प्रीमियम एफ-सैलून, फैशनटीवी, त्रिलैक कॉर्प के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया है।

गौरतलब है कि त्रिलैक कॉर्प वेलनेस और ब्यूटी इंडस्ट्री में एक नया और तेजी से उभरता हुआ नाम है। इस प्रीमियम एफ-सैलून में बाल, सौंदर्य, त्वचा, नेल आर्ट, मैनीक्योर और पेडीक्योर सर्विसेज की एक वाइड रेंज उपलब्ध है, और यह सब कुछ एफ-सैलून बाई फैशनटीवी के शानदार और प्रीमियम इंटीरियर के भीतर मौजूद है। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, डिस्ट्रीब्यूशन श्री विनायक ने कहा, एफ-सैलून बाई फैशनटीवी बहुत तेजी से बढ़ रहा है और हम अपने जैसे ही दृष्टिकोण और विचारों वाले चुनिंदा व्यापारियों के साथ साझेदारी कर रहे है। इस अवसर पर बात करते हुए, फैशनटीवी के प्रबंध निदेशक, काशिफ खान ने कहा, हमें वेलनेस और सौंदर्य उद्योग में एक नए और डायनमिक प्लेयर, त्रिलैक कॉर्प के साथ साझेदारी में अपना पहला प्रीमियम एफ-सैलून लॉन्च करने की घोषणा करते हुए अपार खुशी हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### रिजर्व बैंक ने ब्रिटेन से 100 टन सोना किया स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने 1991 के बाद पहली बार ब्रिटेन से 100 टन से ज्यादा सोना अपने भंडार में स्थानांतरित किया है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब इतने बड़े पैमाने पर इस कीमती धातु को स्थानीय स्तर पर रखे गए स्टॉक में जोड़ा गया है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि आने वाले समय में फिर से इतनी ही मात्रा में सोना देश में आ सकता है। जानकारी के मुताबिक आरबीआई ने कुछ साल पहले सोना खरीदना शुरू किया था। चूंकि यह स्टॉक विदेशों में जमा हो रहा था इसलिए कुछ सोना भारत लाने का फैसला किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड पारंपरिक रूप से कई केंद्रीय बैंकों के लिए स्वर्ण भंडार गृह रहा है। भारत इससे अलग नहीं है, स्वतंत्रता पूर्व के दिनों से लंदन में पीली धातु यानी सोना के कुछ स्टॉक पड़े हुए हैं, जिसे भारत लाया गया है। उल्लेखनीय है कि हालिया आंकड़ों के अनुसार मार्च के अंत में आरबीआई के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन सोना विदेशों में था। हाल के वर्षों में सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में रिजर्व बैंक शामिल है, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान इसमें 27.5 टन सोना जोड़ा गया था।

### अमेरिकी, ब्रिटिश विमानों ने यमन में हूती ठिकानों पर 13 हमले किए

**सना।** अमेरिका और ब्रिटेन के सैन्य विमानों ने लाल, अरब और भूमध्य सागर में अमेरिकी जहाजों पर सिलसिलेवार हमलों के बाद यमन के तीन प्रांतों में शिया आंदोलन अंसार अल्लाह (हूती) के ठिकानों पर 13 हमले किये। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक अमेरिका और ब्रिटिश लड़ाकू विमानों ने सना (मध्य यमन), पश्चिमी प्रांत होदेइदाह और दक्षिण पश्चिम में ताइज़ प्रांत में हूती के बैरकों और उपकरणों पर एक साथ कई हमले किए। यमन पर ये सघन हमले हूती नेता अब्दुल मलिक अल-हौथी के उस बयान के बाद हुए, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनके समूह ने पिछले साल नवंबर से लाल, अरब, भूमध्य और हिंद महासागरों में 100 से अधिक इजरायली, अमेरिका और ब्रिटेन के जहाजों पर हमले किए हैं। होदेइदाह प्रांत के एक अधिकारी ने बताया कि होदेइदाह शहर के दक्षिण-पूर्व में एक स्थानीय रेडियो स्टेशन की इमारत पर अमेरिकी और ब्रिटेन के लड़ाकू विमानों की बमबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए।

### चारधाम यात्रा पर 13,84,688 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून।** उत्तराखंड में प्रचलित गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ अर्थात चारों धाम में कपाट खुलने के बाद से गुरुवार रात्रि दस बजे तक कुल 13,84,688 (तेरह लाख, चौरासी हजार, छह सौ अठासी) श्रद्धालुओं पहुंच चुके थे। इस दौरान, विभिन्न स्वास्थ्य कारणों से कुल 71 लोगों का इन धामों में अवसान हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को रात्रि दस बजे तक मात्र बारह घंटे में केदारनाथ धाम में एक श्रद्धालु की हृदय गति रुकने से मृत्यु हुई है। अब तक यहां कुल 34 की देह का अवसान हो चुका है। वहीं यमुनोत्री में कल दो श्रद्धालुओं की मृत्यु होने के बाद मृतकों की संख्या 15 हो गई। इससे पूर्व, अभी तक बदरीनाथ में 16 और गंगोत्री में छह श्रद्धालुओं का परलोक गमन हुआ है।

### लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने लॉन्च किया युवा 5जी



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के प्रमुख स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने बेहद दमदार युवा 5जी के लॉन्च की घोषणा की, जिसे बेमिसाल स्पीड और बेजोड़ प्रदर्शन की पेशकश के लिए डिज़ाइन किया गया है। युवा 5जी पहले से बेहतर बैटरी बैकअप, बिजली की तरह तेज़ रफ़्तार और अव्वल दर्जे के कैमरा फीचर्स के साथ पूरे दिन चलने वाला साथी है, जिस कंपनी ने दो मेमोरी वेरिएंट में बाजार में उतारा है। 5 जून 2024 से युवा 5जी अमेज़न, लावा ई-स्टोर और लावा रिटेल आउटलेट्स में 9499 रुपये [64 जीबी] और 9999 रुपये [128 जीबी] की कीमत पर बिक्री के लिए उपलब्ध होगा। युवा 5जी को आज के ज़माने के युवाओं के लिए डिज़ाइन किया गया, जो मैट फ़िनिश के साथ प्रीमियम स्लीक लुक और दो बेहतरीन कलर वेरिएंट- मिस्टिक ब्लू और मिस्टिक ग्रीन में ढेर सारी सुविधाओं की पेशकश करता है। इस मेड इन इंडिया स्मार्टफोन में बेहद उम्दा ग्लास बैक डिज़ाइन, साइड फिंगरप्रिंट सेंसर, 4जीबी+4जीबी (वर्चुअल) साथ-साथ ढेर सारी तस्वीरों, वीडियो और बड़ी फ़ाइलों जैसे डेटा हेतु उच्च क्षमता वाले स्टोरेज के लिए 64/128जीबी 2.2 रोममौजूद है। 8 मेगा पिक्सल सेल्फी कैमरा तथा 50 मेगा पिक्सल डुअल रियर कैमरा लैंडस्केप और सेल्फी की अच्छी क्वालिटी की तस्वीरें प्रदान करता है, लॉन्च के मौके पर, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के मार्केटिंग हेड, पुरावंश मैत्रेय ने कहा, लावा में ग्राहकों के सुखद अनुभव का सफ़र हमारी व्यावसायिक नीति का सबसे अहम हिस्सा है। हम इनोवेशन, बेहतर मूल्य निर्धारण, अच्छी गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं के ज़रिये अपने ग्राहकों को मूल्यवान अनुभव प्रदान करने की लगातार कोशिश करते हैं।

# देवी अहिल्याबाई होलकर समाज की भी आदर्श चरित्र : डॉ. भागवत

एजेंसी



**नई दिल्ली।** पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा है कि हमारे यहां पर जो आदर्श राज्यकर्ता हुए उनमें से एक देवी अहिल्याबाई थीं।

आज की स्थिति में भी उनका चरित्र आदर्श के समान है। दुर्भाग्य से उनको वैधव्य प्राप्त हुआ लेकिन एक अकेली महिला होने के बाद भी अपने बड़े राज्य को न केवल सम्भालना, बड़ा करना और न केवल राज्य को बड़ा नहीं करना, उसको सुराज्य के नाते उसका कार्यवहन करना। राज्यकर्ता कैसा हो वह इसका आदर्श हैं। सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि देवी अहिल्याबाई के नाम के पीछे पुण्यश्लोक शब्द है। पुण्यश्लोक उस राज्यकर्ता को कहते हैं जो राज्यकर्ता अपनी प्रजा को सब प्रकार के अभाव और दुःखों से मुक्त करता है। एक तरह से प्रजा के प्रति अपने कर्तव्य से उऋण जाता है।अपनी प्रजा को रोजगार मिले इसलिए उन्होंने उद्योगों का निर्माण किया और ऐसा पक्का निर्माण किया कि महेश्वर का वस्त्र उद्योग आज भी चलता है और बहुत लोगों को रोजगार देता है।उन्होंने राज्यकर्ता के रूप में प्रजा के सभी अंगों की, जो दुर्बल थे, पिछड़े थे उन्होंने उनकी भी चिंता की। अपने राज्य की कर व्यवस्था को उन्होंने सुसंय कर दिया। किसानों की चिंता की। सब प्रकार से उनका राज्य सुराज्य था। प्रजा की माता के जैसे चिंता करने वाली राज्यकर्ता, इस नाते उनको देवी अहिल्याबाई का मान उसी समय प्राप्त हुआ होगा। ऐसी पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होलकर महिलाओं के कर्तृत्व की क्षमता की प्रतीक हैं। मातृशक्ति के सशक्तिकरण की बात आज हम करते हैं लेकिन मातृशक्ति कितनी सशक्त है।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प हश मनी केस में दोषी करार

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रम्प को बड़ा झटका लगा है। हश मनी केस में कोर्ट ने डोनाल्ड ट्रम्प सभी 34 आरोपों में दोषी ठहराया है। अदालत ने फैसला सुनाने से पहले करीब 10 घंटे तक विचार-विमर्श किया। ट्रम्प की सजा को लेकर 11 जुलाई को सुनवाई होगी। ट्रंप ने इस फैसले को शर्मनाक और धांधली वाला बताया है। हश मनी केस में अदालत की तरफ से डोनाल्ट ट्रम्प को दोषी करार दिए जाने के बाद अमेरिका के इतिहास में पहला ऐसा मामला है जब मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति के खिलाफ आपराधिक मामला चला और उसे दोषी ठहराया गया। पूर्व डोनाल्ड ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। ट्रम्प पर 2016 में हुए राष्ट्रपति चुनाव से पहले पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप रहने के बदले पैसों का भुगतान करने (हश मनी) की बात छिपाने और अपने कारोबारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने के 34 आरोप हैं। दोषी करार दिए जाने के बाद ट्रम्प के इसी साल नवंबर में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी पर सवाल खड़े हो सकते हैं।




**पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और आर.पी. सिंह, क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए भारतीय चैंपियन की टीम और जर्सी के अनावरण समारोह के दौरान उपस्थित रहे।**

# सोशल मीडिया पर मतदाता जागरुकता में राजस्थान अव्वल

एजेंसी





**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सोशल मीडिया रैंकिंग में राजस्थान ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। आयोग द्वारा देशभर में सोशल मीडिया (एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब) पर मतदाता जागरुकता में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर यह रैंकिंग जारी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने इस उपलब्धि पर सभी को बधाई दी है।

गुप्ता ने बताया कि आयोग द्वारा अप्रैल माह में सोशल मीडिया के प्रदर्शन के आधार पर जारी रैंकिंग में राजस्थान और झारखंड ने संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया है। सीईओ राजस्थान के एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर अप्रैल में माह में करीब 11 लाख इम्प्रेशन मिले हैं। सबसे अधिक 6.83 लाख इम्प्रेशन एक्स पर मिले हैं। इस दौरान एक्स पर पोस्टिंग 240 फीसदी तक बढ़ाई गई। इम्प्रेशन भी 188 फीसदी बढ़ गए। एक्स, इंस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब अकाउंट्स पर 66,700 से अधिक फॉलोवर थे और अप्रैल में इनकी संख्या 3,400 बढ़ गई।

### हैंडल्स पर 2,500 पोस्ट

गुप्ता ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के सोशल मीडिया हैंडल्स की 500 से अधिक पोस्ट को राजस्थान के हैंडल्स पर पुनः प्रभावी तरीके से रीपोस्ट किया गया। निर्वाचन विभाग के सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर अप्रैल माह में दोनों चरणों के मतदान के दौरान करीब 500 क्रिएटिव डिजाइन सहित लगभग 2,500 पोस्ट की गईं। सीईओ राजस्थान के हैंडल पर पोस्ट किए गए कई क्रिएटिव डिजाइन, ग्राफिक और फोटोग्राफ्स को भारत निर्वाचन आयोग के हैंडल्स ने भी रिपोस्ट किया।

### बेहतर प्रदर्शन वाले राज्य

1. राजस्थान, झारखंड (संयुक्त रूप से)
2. कर्नाटक
3. उत्तराखंड
4. उत्तर प्रदेश, पंजाब (संयुक्त रूप से)
5. मध्य प्रदेश
6. बिहार, केरल (संयुक्त रूप से)
7. आंध्र प्रदेश
8. गुजरात, ओडिशा (संयुक्त रूप से)
9. बंगाल, चंडीगढ़ (संयुक्त रूप से)
10. त्रिपुरा

### नवाचारों की सफलता में सोशल मीडिया की अहम भूमिका

राज्य में दोनों चरणों के मतदान के दौरान राज्य और जिला स्तर पर विभिन्न नवाचार किए गए। इनकी सफलता में भी सोशल मीडिया की अहम भूमिका रही। साथ ही, मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने में भी सोशल मीडिया की भी अहम भूमिका रही। राज्य निर्वाचन विभाग द्वारा सोशल मीडिया परफॉर्मेंस इंडेक्स के लिए भारत निर्वाचन आयोग को 11 नवाचारों की सूची भेजी गई थी। इनमें हनुमानगढ़ का 'एक पाती माता पिता के नाम' और बारां का 'म्हारो हेलो' जिला स्तरीय नवाचार भी शामिल हैं।

### डीआईपीआर के सहयोग से बनाए 500 से अधिक क्रिएटिव

राज्य के सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (डीआईपीआर) की सोशल मीडिया सेल ने आयोग के निर्देशों को आम मतदाता तक पहुंचाने के लिए करीब 500 क्रिएटिव, ग्राफिक, इन्फोग्राफिक, वीडियो, रील आदि तैयार किए। इसके अलावा मतदान दिवसों के दौरान आकर्षक, प्रेरणादायी और महत्वपूर्ण तस्वीरों को भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों तक पहुंचाया।

### मोटिवेशनल स्लोगन के साथ रीजनल कंटेंट

लोकसभा आम चुनाव के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाई गई। सीईओ राजस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रीजनल कंटेंट को मोटिवेशनल स्लोगनस के साथ पोस्ट किया गया। मतदान प्रक्रिया सहित सभी अन्य आवश्यक जानकारी को मतदाताओं तक पहुंचाया गया। राज्य में मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए विशेष 'मीम' सीरीज भी चलाई गई। सोशल मीडिया पर पोस्ट के लिए विशेष एसओपी बनाकर जिला स्तर तक भेजी गई। साथ ही, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए हैशटैग के साथ पोस्ट किए गए। इसमें सी-विजिल, वीएचए, केवाईसी, सक्षम, सुविधा एप और मतदान के लिए निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेज, मतदान दिवस एवं समय सहित अन्य जागरुकता गतिविधियों से जुड़ी पोस्ट्स की गई।

# सितंबर में क्रूज पर होगा विश्व का पहला अंतर्राष्ट्रीय बी टू बी वेडिंग सम्मेलन

**नयी दिल्ली।** विवाह समारोह के आयोजन पर पहला अंतर्राष्ट्रीय बी - टू - बी सम्मेलन इस वर्ष सितंबर में सिंगापुर में एक क्रूज (जहाज) पर होगा जिसमें देश विदेश की 300 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ़ इवेंट इंडस्ट्री (आईसीईआई) के संयोजक गुंजन सिंघल ने कल देर शाम यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि ब्लैक रॉक होटल और रिसॉर्ट के सहयोग से आयोजित किए जा रहे इस अभिनव महोत्सव का नाम राजस्थान की तर्ज पर ÷क्रूजेस्तान- 2024÷ रखा गया है। इस अवसर पर रिसॉर्ट्स वर्ल्ड क्रूज के अध्यक्ष माइकल गोह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष - इंटरटेटमेंट कोलिन केर, बिक्री एवं विपणन उपाध्यक्ष नरेश रावल, वेडिंग वोव (चेन्नई) के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी दक्षिणा नायडू मूर्ति, फोर्ट राजवाड़ा जैसलमेर के विनय खोसला, वेडिंग अफेयर्स पत्रिका के संस्थापक रजनीश राठी मौजूद थे।

# बैंकों ने दस लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबा कर्ज वसूला : सीतारमण

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने विभिन्न सुधारों और बेहतर प्रशासन के जरिए बैंकिंग क्षेत्र का कायापलट किया है। इसके दम पर बैंकों ने 2014 से लेकर 2023 के बीच 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूबे कर्ज की वसूली की है।

निर्मला सीतारमण ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि बैंकिंग क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था का रीढ़ माना जाता है। हाल में भारत के बैंकिंग क्षेत्र ने 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ दर्ज करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह 2014 से पहले की स्थिति के बिल्कुल विपरीत है, जब इंडियन नेशनल कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने बैंकिंग क्षेत्र को खराब ऋणों, निहित स्वार्थों, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के दलदल में बदल दिया था। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करीब 1,105 बैंक धोखाधड़ी मामलों की जांच की है, जिसके तहत 64,920 करोड़ रुपये की अपराध आय जब्त की गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि दिसंबर 2023 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को 15,183 करोड़ रुपये की संपत्ति वापस कर दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने डूबे कर्ज (खासकर बड़े डिफॉल्टर से) की वसूली में कोई ढील नहीं बरती है, यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह दुख की बात है कि विपक्षी नेता अब भी 'राइट-ऑफ' और माफी के बीच का अंतर नहीं कर पा रहे हैं।